आइए गर्व के साथ मतदान करें
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 15 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 206, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 73,104.61 ▲ +328.48
डॉलर 83.507 ▼ +0.002

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 72,440
चांदी (1 किलो) 85,260

## वाराणसी लोकसभा सीट से नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार किया नामांकन

- वाराणसी से लगातार तीसरी बार नामांकन कर बेहद उत्साहित हूं : मोदी
- काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव से अनुमति-आशीर्वाद ले किया नामांकन
- नामांकन में आठ मुख्यमंत्री सहित राजग के सभी प्रमुख नेता हुए शामिल

- एनडीए सहयोगियों की उपस्थिति से मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं
- एनडीए राष्ट्रीय और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है



**वाराणसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। वाराणसी सीट पर सातवें एवं अंतिम चरण में 01 जून को मतदान होगा। मंगलवार को सातवें चरण के नामांकन का अंतिम दिन था। प्रधानमंत्री मोदी ने पुष्य नक्षत्र में कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। गंगा सप्तमी पर मां गंगा को नमन करने के बाद प्रधानमंत्री काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के दर पर पहुंचे, वहां उनसे अनुमति-आशीर्वाद लेकर नामांकन किया। मोदी ने सोमवार को काशी विश्वनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की थी। काल-भैरव मंदिर में पूजन और कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने सुबह सबसे पहले दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन किया। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी ने गंगा पूजन कराया। गंगा पूजन कराने वालों में तीन पुजारी तमिलनाडु व एक-एक पुजारी आंध्र प्रदेश एवं महाराष्ट्र के रहे। गंगा पूजन के बाद प्रधानमंत्री स्वामी विवेकानंद क्रूज पर दशाश्वमेध घाट से गंगा विहार करते हुए आदिकेशव घाट तक गए, फिर नमो घाट उतरे। नमो घाट से प्रधानमंत्री सीधे काल भैरव के दर्शन-पूजन एवं आरती करने पहुंचे और यहां से कलेक्ट्रेट पहुंचे। मंदिर गेट पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी को अंगवस्त्र भेंट किया और आमजन ने पुष्पवर्षा की। पूरा मंदिर व आसपास का क्षेत्र हर-हर महादेव की गूंज से गुंजायमान हो उठा।

**कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद रहे कई दिग्गज :** प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व सरमा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय, मध्य प्रदेश के डॉ. मोहन यादव, राजस्थान के भजनलाल शर्मा, हरियाणा के नायब सिंह सैनी समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के कई प्रमुख नेता भी मौजूद रहे। इसमें शिवसेना के प्रमुख एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, आरपीआई(ए) के प्रमुख एवं केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले, अपना दल (एस) की प्रमुख एवं केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, तेलुगु शेष पृष्ठ 11 पर

बूढ़ा पहाड़ से मतदान कराकर लौटी पोलिंग पार्टियां, कहा-

## खौफ का साम्राज्य खत्म



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग कराकर मतदानकर्मी अब मेदिनीनगर लौट रहे हैं। इसी कड़ी में डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ा पहाड़ इलाके के आठ मतदान केंद्रों पर वोटिंग कराकर पोलिंग पार्टियां लौट गई हैं। वायु सेना के विशेष हेलीकॉप्टर से सभी को वापस लाया गया। चियांकी हवाई अड्डे पर हेलीकॉप्टर मतदानकर्मियों को लेकर उतरा। यहां से विभिन्न वाहनों में सवार होकर मतदानकर्मी जीएलए कालेज कॉउंटिंग सेंटर पहुंचे और वज्रगृह में ईवीएम को सील कराया। नक्सलियों के गढ़ रहे बूढ़ा पहाड़ से चुनाव कराकर लौटने पर मतदान कर्मियों के चेहरे पर खुशी के भाव देखे गए। वोटिंग करवा कर वापस लौटने वाले मतदान कर्मियों ने कहा कि इलाके में खौफ का साम्राज्य खत्म हो गया है। सुबह सात बजे से पहले ही लोग वोट देने के लिए लाइन में लग गए थे। मतदानकर्मियों ने कहा कि इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और लोगों के चेहरे पर वोट देने की खुशी थी। उल्लेखनीय है कि बूढ़ा शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### संवीक्षा के बाद पलामू का वोट प्रतिशत बढ़ा

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को जीएलए कॉलेज परिसर में पलामू लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन,जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशि रंजन, गढ़वा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर समेत विभिन्न विधानसभा के एआरओ व पलामू लोकसभा के विभिन्न प्रत्याशियों की मौजूदगी में पीठासीन पदाधिकारियों की डायरी, प्रपत्र 17 ए एवं अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा की गयी। संवीक्षा के बाद पलामू लोकसभा का मतदान प्रतिशत 59.99 प्रतिशत से बढ़कर 61.27 प्रतिशत हो गया है। ज्ञात हो कि लोक सभा चुनाव में सबसे ज्यादा मत प्रतिशत सिंहभूम और सबसे कम पलामू का था। लेकिन नये आकड़ों के जारी होने के बाद पलामू में वोट प्रतिशत में वृद्धि हुई है।

### राज्य में स्कूलों का समय बदला, सुबह सात बजे से होगी पढ़ाई

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य में संचालित सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों में केजी से ऊपर की कक्षाएं पूर्व निर्धारित समय से संचालित किए जाने के आदेश में संशोधन किया है। अब सभी विद्यालयों में केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक तथा कक्षा नौ से ऊपर की कक्षाएं सुबह सात बजे से मध्याह्न शेष पृष्ठ 11 पर

### आज के मैच

RAJASTHAN ROYALS VS PUNJAB KINGS

समय : 15 मई, 7:30 बजे से
स्थान : गुवाहाटी




वेब कास्टिंग में अधिकारियों ने पकड़ी गड़बड़ी

## मतदानकर्मी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**धुरकी (गढ़वा)।** लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को एक मतदान अधिकारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सेक्टर मजिस्ट्रेट के आवेदन पर तृतीय मतदान अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार चुनाव के दौरान मतदान केन्द्र पर एक पार्टी विशेष के लिए काम कर रहे थे। वेब कास्टिंग में अधिकारियों ने तृतीय मतदानकर्मी की यह गतिविधि पकड़ में आयी। इसके बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट की लिखित शिकायत पर धुरकी थाना में यह कार्रवायी की गयी। धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत सगमा प्रखंड के बूथ संख्या 367 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनडीहा दक्षिण में पदस्थापित जयनाथ चौधरी पिता बुधन चौधरी ग्राम डंडा (जिला गढ़वा) पर चुनाव कार्य के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप है। मंगलवार को उक्त चुनाव अधिकारी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की सेक्टर मजिस्ट्रेट सरोज कुमार से लिखित शिकायत मिली थी। वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेट के आवेदन के आलोक में धुरकी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मतदान पदाधिकारी को गिरफ्तार किया गया। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान पलामू लोकसभा में सोमवार को प्रत्येक बूथ पर मतदान किया जा रहा था। वहीं मतदान पदाधिकारी द्वारा अपने कार्यों में लापरवाही बरती जा रही थी।

## चोरों के नींद भी उड़ा दूंगा उनके खजाने भी खाली कर दूंगा : पीएम

- तीसरे कार्यकाल में आतंकवाद और नक्सलवाद पर बड़ा प्रहार का लिया संकल्प
- शाही परिवार के इशारे पर सूबे के नेता और अधिकारी उगा रहे हैं नोटों के पहाड़



**गिरिडीह (झारखंड)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने मिशन 14-0 को फलीभूत करने के लिए मंगलवार को तीसरी बार झारखंड पहुंचे। मोदी एक बार फिर भ्रष्टाचार पर प्रहार करते दिखे। उन्होंने कहा कि झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे हैं। अफसर और नौकरों के यहां से पैसे निकल रहे हैं। ये जो भी करते हैं शाही परिवार के इशारे पर। ये पैसा मंत्रियों के यहां पहुंच रहा है। ये तो अभी शुरूआत है। मैं आगे और खजाने खोजने वाला हूं। चोरों को चैन से सोने नहीं दूंगा। नींद भी उड़ा दूंगा और खजाने खाली कर दूंगा। उन्होंने कहा कि मैं देश हित में काम कर रहा हूं तो झामुमो-कांग्रेस वाले डरे हुए हैं। इंडी गठबंधन के नेता ने मुझे गोली मारने की बात कही थी। ये जो गोली मारने के सपने देख रहे हैं, जरा यहां आइए ये नजारा देखिए। गोली मारने वालों ये भीड़ मेरी सुरक्षा कवच है। प्रधानमंत्री बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेशम पंचायत के शेष पृष्ठ 11 पर

## मंत्री आलमगीर आलम पहुंचे ईडी दफ्तर, पूछताछ शुरू

**मंत्री के पीएस और उसकी पत्नी से फिर आमने-सामने बैठा कर हो रही पूछताछ**

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर बुधवार को झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम 11 बजे पूछताछ के लिए ईडी के हिनू स्थित रीजनल कार्यालय पहुंचे। ईडी ने उन्हें 12 मई को समन जारी किया था। ईडी दफ्तर के बाहर मीडिया से बात करते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि वे केंद्रीय जांच एजेंसी के साथ जांच में पूरा सहयोग करेंगे। उनसे जितने सवाल पूछे जाएंगे, उसमें जितने अधिक से अधिक सवालों का जवाब संभव होगा, वह जरूर देंगे। ईडी दफ्तर में मंत्री आलमगीर आलम ने अपने आय-व्यय और अपनी संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी लेकर पहुंचे थे। मंत्री आलमगीर शेष पृष्ठ 11 पर

### चतरा का कुख्यात लालू साव गिरफ्तार, हथियार और अफीम जब्त

**चतरा।** पुलिस ने कुख्यात बदमाश लालू साव को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक देशी पिस्टल, पांच राउंड कारतूस, 2.700 किलो अफीम और एक बिना नंबर की बाइक जब्त किया है। जब्त अफीम लूटा हुआ है। लालू साव सदर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी है। इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 181/24 के तहत एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। एसडीपीओ संदीप कुमार सुमन ने मंगलवार को बताया कि चतरा के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

## भारत के बदलते गांवों में लगातार बढ़ रही उत्पादों की मांग



सुनील बादल

**भारत** में आज लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निमार्ता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी संभव हो रहा है।उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में संपन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी



पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे। भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की शेष पृष्ठ 11 पर


OXFORD PUBLIC SCHOOL
NEW TOWNSHIP, P.O. - SHAHPUR, MEDININAGAR, PALAMU (JHARKHAND) - 822110
(AN ENGLISH MEDIUM CO-ED. SENIOR SECONDARY SCHOOL)
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI | AFFILIATION NO. - 3430408
HEARTIEST CONGRATULATIONS!
OUR TOPPERS OF AISSCE (XII) - 2024
RANK 1 IN PALAMU | RANK 2 IN PALAMU | RANK 3 IN PALAMU | RANK 2 IN SCHOOL



SANIYA FATMA (HUMANITIES) MARKS-94 %
AKANKSHA GUPTA (COMMERCE) MARKS-95 %
KUMARI AKANKSHA (SCIENCE) MARKS- 94.2 %
AMAN KUMAR (SCIENCE) MARKS- 92.2 %
OUR TOPPERS OF AISSE (X) - 2024



UMA SHANKAR SINGH MARKS-95 %
SHREYASI RAJ MARKS- 94 %
PRABHAT RANJAN MARKS-94 %
JAYANT KUMAR GUPTA MARKS- 93 %



ABHINAV RAJ MARKS- 93 %
SKAND PANDEY MARKS-92 %
MAYANK KUMAR MARKS-92 %
VIKASH RANJAN MARKS-91 %
ADMISSION GOING ON : XI (2024 - 2025)
SCIENCE, COMMERCE & HUMANITIES
SCHOLARSHIP FOR SCHOOL TOPPERS UPTO 5TH RANK
For details contact : 06586-299990 | 9905302220 | 9905402220
www.opsdaltonganj.in | oxfordpsdaltonganj@gmail.com
(Dr. S.B.P. Mehta) Chairman
(Dr. A.K. Singh) Principal

# ट्रेलर की चपेट में आने से मोपेड सवार की मौत

## एक नजर

### सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में समृद्धि ने लहराया परचम



**छतरपुर।** सीबीएसई द्वारा घोषित मैट्रिक के परिणाम में छतरपुर नगर क्षेत्र के डाकबंगला रोड के सुधीर सिन्हा की पुत्री समृद्धि सिन्हा ने 96.8 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। छतरपुर के एसबी एलीट पब्लिक स्कूल में अध्यनरत समृद्धि ने कड़ी मेहनत के बदौलत मैट्रिक के परिणाम में 480 अंक प्राप्त हुआ है। समृद्धि सिन्हा ने बताया कि मैट्रिक की परीक्षाओं उसके लिए एक चैलेंज था। जिसके लिए वह दिन रात मेहनत कर अच्छा अंक लाना चाहती थी। समृद्धि ने बताया कि वो इंजीनियर बनना चाहती है। जिसके लिए जितनी हो सके उतनी मेहनत करेंगे। वहीं समृद्धि के शानदार रिजल्ट आने के बाद परिजन काफी खुश हैं।

### सुशील मोदी के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया शोक

**हुसैनाबाद।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी के निधन पर हुसैनाबाद के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, अशोक कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, प्रफुल्ल सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रेमतोष सिंह, संतोष सिंह, अखिलेश्वर मेहता, श्रवण अग्रवाल, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, रामराज मेहता, अविनाश कश्यप, अमित कश्यप, सुबोध कश्यप समेत कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता का नाम शामिल है। भाजपा नेताओं ने कहा कि जुझारू, समर्पित व कर्मठ राजनीतिज्ञ सुशील मोदी का निधन पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर शांति तथा परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। मालूम हो कि बिहार भाजपा के दिग्गज नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का सोमवार 13 मई की शाम दिल्ली में निधन हो गया।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 98 बाईपास को किया जाम

### थाना प्रभारी ने समझा-बुझाकर जाम हटवाया



**छतरपुर।** नगर क्षेत्र के मसीहानी स्थित एनएच 98 बाईपास क्रॉसिंग पर मंगलवार की सुबह ट्रेलर की चपेट में आने से विजेंद्र उरांव (40) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मसीहानी निवासी विजेंद्र उरांव मंगलवार सुबह करीब 9 बजे अपने टीवीएस मोपेड पर सवार होकर बाईपास की तरफ जा रहे थे। इसी बीच मेदिनीनगर की ओर से आ रही ट्रेलर संख्या सीजी 15 ईसी 8903 की चपेट में आ गये। जिससे घटनास्थल पर ही विजेंद्र उरांव की मृत्यु हो गई। वहीं ट्रेलर डिवाइड पार कर दूसरी तरफ जाकर पलट गई। घटना के बाद ट्रेलर का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 98 बाईपास को जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। साथ ही बाईपास बनाने वाली कंपनी पर नाराजगी जाहिर करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि मसीहानी सड़क पर अंडर पास नहीं रहने की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अविलंब ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। घटना की सूचना पाकर छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा कर सड़क जाम हटाया गया। वहीं समाचार लिखे जाने तक आवागमन चालू हो गया है। छतरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर भेज दिया।

### एनएचआई की मनमानी के खिलाफ हो कानूनी कार्रवाई : अरविंद



**छत्तरपुर।** मंगलवार की सुबह मसिहानी के पास फोरलेन सड़क पर सड़क दुर्घटना में मसिहानी निवासी 40 वर्षीय बिजेंद्र उरांव की दर्दनाक मौत हो गयी है। यह घटना गलत दिशा से आ रहे गिट्टी लदे हाइवा गाड़ी के चपेट में आने से घटी। बिजेंद्र अपने टीवीएस मोपेड पर सवार थे। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने घण्टों फोरलेन सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम के दौरान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन भी घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों परिजनों को ढांढस बंधाया और कहा कि यह एक दर्दनाक घटना है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। फोरलेन सड़क निर्माण से पहले ही एनएचआई को लिखित रूप से ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर मांग की थी की इस जगह पर अंडरपास बनाई जाए, लेकिन एनएचआई की मनमानी से अंडरपास का निर्माण नहीं किया जा सका, जिसके कारण अभी तक इस जगह पर आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में जानें गई है। स्थानीय लोगों ने एसडीओ के नाम तीन सूत्री ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा और उचित कार्रवाई की मांग की। एसडीओ को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि एनएचआई के द्वारा मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए मुआवजा और एक नौकरी दी जाए, घटनास्थल पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाए, साथ ही साथ फॉरलेन पर नियमित पेट्रोलिंग कार्रवाई जाए ताकि फोरलेन पर दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### निजी स्कूलों के संचालकों की बैठक में कमेटी गठित करने का निर्णय

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन को मजबूत बनाने के लिए एक जुटता पर विशेष जोर

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज।** प्रखंड के प्राइवेट स्कूल के संचालकों की बैठक मंगलवार को नयन रेस्टोरेंट में आयोजित की गयी. बैठक की अध्यक्षता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हरिहरगंज के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने की। बैठक में शामिल प्राइवेट स्कूलों के संचालक, डायरेक्टर, प्रिंसिपल ने सर्वसमिति से विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने, सामाजिक कार्यों में सहभागिता निभाने आदि बिंदुओं को लेकर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन हरिहरगंज के नाम पर कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से कमेटी का अध्यक्ष विजयेंद्र प्रसाद, सचिव मनोज कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी राजीव रंजन, कोषाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार को चुना गया.। संगठन का विस्तार अगली बैठक में की जाएगी. इस दौरान सर्वसम्मति से अगामी 24 मई से 13 जून 2024 तक गर्मी छुट्टी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में ल्यूमिनस मेंटर्स एकेडमी, बीएनएस पब्लिक स्कूल, डीएवी मनोज पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुरुकृपा पब्लिक स्कूल, वान्या किड्स पब्लिक स्कूल, इंडियन पब्लिक स्कूल, प्रॉमिनेंट पब्लिक स्कूल, चंद्रमणि कॉन्वेंट स्कूल, अल्फाबेट्स प्ले स्कूल, गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल, सफदर अकैडमी, रामेश्वर पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, लिटिल एंजेल स्कूल आदि स्कूल के संचालक, प्रिंसिपल शामिल हुए।

## मतदान के बाद जीत-हार का लगने लगा कयास

### - भाजपा व महागठबंधन के बीच है कांटे की टक्कर

नवीन मेल संवाददाता



**नावाबाजार।** झारखंड का एकमात्र अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित पलामू लोकसभा क्षेत्र का चुनाव शांति पूर्ण संपन्न होने के बाद प्रत्याशियों की जीत-हार की समीक्षा चौक-चौराहों से लेकर गलियों व चौपालों में होने लगी है। अपने-अपने दलों के समर्थक अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। पलामू के 22 लाख 43 हजार 34 वोट में लगभग 13 लाख 45 हजार पांच सौ मतदाताओं ने अपना मतदान किया है। सभी नोटा सहित 10 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो चुकी है, जो 4 जून को खुलेगा, लेकिन पलामू संसदीय क्षेत्र में केवल दो प्रत्याशी चुनावी केंद्र बने हैं। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान सांसद वीडी राम तो वहीं दूसरी तरफ इंडी महागठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां राजद के सीट पर चुनाव लड़ी हैं। चौक-चौराहे, चाय-पान की दुकानों, हाट बाजारों, गांव-गलियों व चौपालों पर एक-दूसरे के समर्थक अपने प्रत्याशी की जीत का दावा ठोक रहे हैं। वहीं जीत के लिए बाजियां भी लगाई जा रही है। मतदाताओं की चुप्पी ने प्रत्याशियों को बेचैनी बढ़ा दी है।

#### जीत के दावों को ले बढ़ रहीं तल्खियां

पलामू लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के साथ हीं जीत व हार का मंथन का दौर शुरू हो गया है। इस बीच जीत के दावों को लेकर लोगों के आपस में तकरार बढ़ गई है। बातो-बातों में लोगों के सुर तेज होते जा रहे हैं। वहीं सामने वाला अपनी जिद पर अड़ा है। नतीजतन जीत के दावे को लेकर तल्खियां बढ़ी हैं। विदित हो कि इस लोकसभा चुनाव ने लोगों के बीच की दूरियां बढ़ा दी है। जिसे अब पाटने में कुछ समय लगेगा। नेता तो चुनावी जीत व हार के बाद अपने स्थान ले खिसक लेंगे। लेकिन, लोगों में जीत के दावों को लेकर बढ़ रहे विवाद शायद जल्द दूर नहीं होंगे। गांवों से लेकर शहरों तक की अमूमन यहीं स्थिति है। सभी जगहों से जीत किसकी होगी की बहस विवाद का रूप ले रही है। समर्थक अपने मोबाइल से वोटों का आंकड़ा संग्रह कर रहे हैं। वहीं राजनीतिक पंडित गुणनफल निकाल रहे हैं कि जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा।

#### हो रहे जीत-हार के दावे

चुनाव के बाद अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के हार व जीत के दावों का दौर जारी है। चारों ओर मतगणना के पूर्व हीं अपने राजनीति गणित के आधार पर जीत-हार का फैसले करते हुए एक-दूसरों के साथ चर्चाओं में मशगूल हैं। सभी लोग अपने समर्थित उम्मीदवार की जीत बताने में पीछे नहीं हट रहे हैं। कोई मुस्लिम मतदाताओं के जोरदार मतदान तो कोई मतों के बिखराव सहित अगड़ी व पिछड़ी गोलबंदी होने की बात बताते हुए अपनी चुनावी गणित का इजहार कर रहे हैं।

## सुशील मोदी का निधन भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति : डॉ. ईश्वर सागर



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन पर मंगलवार को आरसीआईटी कॉलेज परिसर में शोक-सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में दिवंगत भाजपा नेता के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। सभा में डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि सुशील मोदी का निधन भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी कमी पार्टी को हमेशा खलेगी। शोक-सभा में दामोदर प्रसाद यादव,मनोरंजन गुप्ता, विमल चंद्रवंशी, सुनील कुमार चौधरी, उदय दुबे, राधेश्याम विश्वकर्मा सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दाता पीर बक्श शाह का सालाना उर्स 18 को

## मशहूर कव्वाल शाहरुख साबरी व सबा रंगीली के बीच 19 मई को होगा मुकाबला

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद स्थित दाता पीर बक्श शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स को लेकर खगड़िया मुहल्ला स्थित इब्राहिम सेठ के आवास पर बैठक हुई। बैठक में उर्स के मौके पर होने वाले जलसा व कव्वाली कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से तैयारी समिति का गठन किया गया। संरक्षक मसरूर अहमद, हाजी अब्बास कादिरी, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, जक्की हुसैन उर्फ शम्मू हुसैन, संयोजक इब्राहिम सेठ, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एजाज आलम को चुना गया है। जबकि मीडिया प्रभारी मो. जफर, सह मीडिया प्रभारी संजय ओझा को चुना गया है। एक दर्जन लोगों को कार्यकारिणी समिति में रखा गया है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एजाज आलम ने कहा कि उर्स को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उर्स की शुरूआत 18 मई को चादर पोशी से की जाएगी। रात्रि में शानदार जलसा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन 19 मई को रात्रि में शानदार कव्वाली मुकाबला होगा। इसके लिए देश के मशहूर टीवी कलाकार शाहरुख साबरी व सबा रंगीली के बीच मुकाबला होगा। सभी कार्यक्रमों में विधि व्यवस्था की जवाबदेही सैयद नौशाद उर्फ गुड्डू को दी गई। बैठक में जफर खान, मशीर खान, नदीम खान, शहंशाह खान, गफ्फार खलीफा, अकरम खान, बिनोद पांडेय, सद्दाम हुसैन, नूरुल खान, मुस्लिम खान, रामप्रवेश सिंह, इसरार खान, मंजूर अहमद, अली असगर समेत कई लोग मौजूद थे।



शाहरुख साबरी



सबा रंगीली

## घर में घुसकर महिला के साथ की अभद्र व्यवहार, पति और बेटे को भी पीटा




### थाना में दोनों ओर से की लिखित शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के लोटिनीया गांव में एक घर में घुसकर महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने के साथ-साथ पति और बेटा को मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित महिला ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की है। शिकायत में कहा है कि बीते सोमवार की रात करीब आठ बजे गांव के ही नागेंद्र उपाध्याय मेरे घर में घुसकर मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। जब मैं जोर से चिल्लाई तो मेरे पति शंभू शर्मा आए तो इसी क्रम में नागेंद्र उपाध्याय का भाई रविंद्र उपाध्या, बजेंद्र उपाध्या मेरे पति और मुझे लाठी-डंडे से पीटने लगे बीच-बचाव करने पर मेरे बेटे को पिस्टल के बट से प्रहार कर घायल कर दिया। इसके पूर्व भी नागेन्द्र उपाध्याय मेरे भतीजे पर जानलेवा हमला किया था। इस संबंध में नागेंद्र उपाध्याय ने भी थाना में लिखित शिकायत की है। दिये गए शिकायत में कहा है कि शंभू शर्मा अक्सर शराब पीकर गाली -गलौज करता है। समझाने पर शंभु शर्मा और उसका लड़का और भतीजा ने लाठी-डंडे से प्रहार कर हम तीनों भाइयों को घायल कर दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों ओर से लिखित शिकायत के आधार पर घटना की जांच शुरू कर दी गईं है।

### बराज बनने से कई हजार एकड़ भूमि सिंचित होगी

# चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांकी विधानसभा में बड़ा चुनावी मुद्दा बनेगा अमानत बराज

### महज पुल व फाटक का निर्माण कर कार्य बंद

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी स्थित अमानत बराज निर्माण कार्य शिलान्यास के 23 वर्ष बाद भी पूरा नहीं हो सका है। यह इस बार भी चुनावी मुद्दा बनेगा। सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जल संसाधन मंत्री रामचन्द्र केशरी व स्थानीय विधायक सह भू राजस्व मंत्री रहे स्व. मधु सिंह की उपस्थिति में 2001 ई. में बड़े ही जोश-खरोश के साथ पांकी अमानत बराज की आधारशिला रखी गई थी। लोगों के बीच बराज निर्माण को लेकर काफी अरमान जगे थे। जलस्तर बढ़ने के आसार से लोग उत्साहित थे। बाद के वर्षों में स्थानीय लोगों को निराशा ही हाथ लगी। बराज निर्माण में महज पुल व फाटक का निर्माण कर कार्य बंद कर दिया गया।

### मुआवजे की मांग को लेकर हो चुका है प्रदर्शन



#### बराज निर्माण से क्षेत्र में बढ़ जाता जलस्तर

अमानत बराज निर्माण के दौरान बना पुल ही बरसात के दिनों में इस पार से उस पार जाने वाले ग्रामीणों का कहना है कि अमानत बराज निर्माण कार्य पूरा हो जाता तो पांकी के दर्जनों गांवों को लाभ मिलता। कई हजार एकड़ भूमि सिंचित होती। यह सब सपना ही बनकर रह गया है। बराज निर्माण के शुरू में औरंगा नदी के पानी को भी नहर के माध्यम से लाने की योजना बनी थी। इसके लिए बराज स्थल के बांध के समीप नहर का कैनाल भी बनाया गया। इससे औरंगा नदी के जल को भी यहां स्टोर किया जा सकेगा। बावजूद यह कार्य पूरा नहीं हो सका। बांध निर्माण के अभाव में पूरा निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। पानी के अभाव में किसान खून के आंसू रोने को मजबूर हैं। बराज निर्माण स्थल में पुल के दो-दो सौ मीटर की दूरी में पत्थर से पीचिंग कर सतह की सीमेंट व कंक्रिट से ढलाई कर दी गई। इससे बारिश का पानी सतह में स्टोर नहीं हो पाता।

अमानत बराज निर्माण कार्य स्थल के समीप स्थित बांध क्षेत्र के डूब वाले इलाके के लुकुआ, बोरोदीरी, बनखेता, चंदरपुर, लोथरवा, नुरू, भइयां, कुरहा, कहुईया, खांड़, खांड़ पर समेत दर्जनों गांवों में अब पानी के लाले पड़े हुए है। मालूम हो कि बाराज निर्माण में आ रही बाधा को दूर नहीं किया गया। बाराज निर्माण में ग्रामीणों की जमीन ली गई। बावजूद ग्रामीणों को मुआवजा नहीं दिया गया। इस कारण ग्रामीणों ने भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर कार्य बंद करा दिया था। बावजूद इस कार्य पूरा कराने की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हुई है। कुछ ग्रामीणों को मुआवजा राशि मिल चुकी है,कुछ का बाकी है।

#### बराज निर्माण के दौरान नक्सलियों ने पहुंचाई थी क्षति

पांकी में अमानत बाराज निर्माण कार्य करा रही दिल्ली की शेखर कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी को कई बार नक्सलियों ने नुकसान भी पहुंचाया। बावजूद बाराज निर्माण कार्य के तहत पुल व गार्डवाल निर्माण पूरा कराया गया। बराज के भीतरी हिस्से के दोनों ओर बांध निर्माण कार्य अब भी अधूरा है।

### छिपादोहर का एक युवक पांच दिनों से लापता, गुमशुदगी का मामला दर्ज



**विश्रामपुर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के छिपादोहर गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू मिश्रा का बेटा 25 वर्षीय राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा पिछले पांच दिनों से लापता है। इस संबंध में डब्लू मिश्रा ने विश्रामपुर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि पिछले दस मई को वह घर से निकाला था, जब वह देर रात तक घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। हर संभावित जगह तलाशने के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो आज थाना में मामला दर्ज कराया गया। लापता युवक मोनू बीजेएमसी के जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा का भतीजा बताया जा रहा है।

### पुलिस ने किया कुंती देवी का जंगल से नर कंकाल बरामद

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के ठेमी अकवनियां टांड जंगल से मंगलवार को सतबरवा पुलिस ने एक महिला का नरमुंड व हड्डी बरामद किया है। जिसकी पहचान कुंती देवी उम्र 40 वर्ष पति स्वर्गीय बशंत भुईयां पोंची गांव के रूप में की गई। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि मृतका की बेटी उर्मिला देवी ने साडी, ब्लाउज,बाल पीन के माध्यम से पहचान कर बताया कि यह मेरी मां है। थाना प्रभारी ने बताया कि 26 अप्रैल को उर्मिला देवी ने अपनी मां के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतका की बेटी ने ही ठेमी जंगल में शव होंने की सूचना दी। इसी आधार पर पुलिस ने जंगल में जाकर शव को कब्जे में लिया। शव के रूप में एक कंकाल बरामद किया। मृतका की बेटी ने बताया कि मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उर्मिला देवी ने बताया कि 28 अप्रैल को छोटी बहन का विवाह था। इसके पूर्व ही मां लापता हो गई। बडी मुश्किल से बहन का विवाह किया।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

गर्मी व लू से बचने के लिए घर से तौलिया या गमछे सर पर लेकर चलें, अधिक पानी पियें। स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए इसका पालन करें।

डॉ.विनय कुमार, न्यू वनांचल चिकित्सा केन्द्र, हुसैनाबाद, पलामू।

## एक-दो दिन राहत के बाद गर्मी चरम पर

मेदिनीनगर। एक दो दिन बादल के मंडराने और आंधी तूफान के कारण तापक्रम में कमी आई थी। लेकिन मंगलवार से तापमान फिर ऊंचाई पर पहुंच गया है। लोग गर्मी और धूप से व्याकुल दिखाई दिये। नदी में पानी आने कारण लोग सुबह-सुबह कोयल रिवर व्यू पहुंच कर कुछ पल के लिए गर्मी से राहत पा रहें है।

## लोक सभा चुनाव के कारण अवागमन रहा बाधित

**मेदिनीनगर।** लोक सभा चुनाव मतदान के कारण वाहनों को चुनाव कार्य में लगाने के कारण परिचालन बंद रहने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोग तो टेम्पों और बाइक से दूर का सफर करते जर आये। आशा है कि पोलिंग पार्टियों के वापस लौटने बाद आवागमन सामान्य हो पायेगा। नजदीकी दूरी के लिए लोग बाइक का सहार ले रहे थे। लेकिन ज्यादा दूरी के लिए उन्हें टेम्पों का सहारा लेना पड़ा। इसका लाभ कुछ टेम्पों चालक भी ले रहे थे।

# पॉलिथिन के उपयोग पर रोक जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कई बार प्रशासनिक प्रयास के बावजूद पॉलिथिन का उपयोग कम नहीं हो रहा है। अभी क्रेता-विक्रेता अभी इसका उपयोग धड्ल्ले से कर रहें है। देखा जाय तो कुछ दिन तक कड़ाई के बाद इसकी बिक्री शुरू हो जाती है। पॉलिथिन का उपयोग ज्यादातर सब्जी बाजार में किया जाता है। कई ग्राहक ऐसे हैं जो सब्जी वाले से पॉलिथिन में ही सब्जी देने की मांग करते है। इस कारण सब्जी वाले भी नहीं चाहते हुए भी ग्राहकों को खुश करने के लिए पॉलिथिन रखते हैं। जबकि हम लोग जानते हैं हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अधिकांश नालियां पॉलिथिन के कारण ही जाम रहती है। साथ ही पॉलिथिन सड़ने और गल नही सकती है। इस कारण नालियों में यह कई दिनों तक जाम का कारण बन जाती है। जब भी नालियों की सफाई होती है तब भारी मात्रा में पॉलिथिन और प्लास्टिक की बोतल मिलती है।

# एसपी कार्यालय के लिपिक ने रक्तदान कर बीमार दुदुन देवी की जान बचाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कोशियारा गांव निवासी बीमार दुदुन देवी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रधान लिपिक संजीव रंजन ने एक बोतल खून देकर सहायता प्रदान की है। जानकारी के मुताबिक दिव्यांग नीरज प्रसाद की माता दुदुन देवी एक बहुत ही गंभीर बीमारी से ग्रसित है । उसे मंगलवार को तत्काल एक बोतल खून की आवश्यकता थी । खून के अभाव में उसकी हालत बिगड़ रही थी। वहीं उसका पुत्र पूरा खून उपलब्ध नहीं कर पा रहा था। इस संबंध में दिव्यांग नीरज प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक से एक बोतल खून की सहायता के लिए अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रयास से पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रधान लिपिक संजीव रंजन ने अपना एक यूनिट रक्तदान किया।

## एक नजर

### बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी के निधन पर शोक व्यक्त

**मेदिनीनगर।** हिन्दू धार्मिक बोर्ड झारखंड सरकार के सदस्य सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हृदयानंद मिश्र बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि उनका निधन देश की राजनीति में एक अपूरणीय क्षति है। सुशील कुमार बिहार की राजनीति में काफी सक्रिय थे।

### एलिट स्कूल के 10वीं व 12वीं के परीक्षार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा में एलिट पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। 10वीं की परीक्षा में 103 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे,जो शत-प्रतिशत सफल घोषित किये गए हैं। स्कूल के अध्यक्ष डॉ आरपी सिन्हा ने बताया कि 10वीं में हर्ष कुमार ने 95 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बना है। वहीं निशा राज 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में दूसरा, प्रभात शर्मा ने 88.8 फीसदी अंक प्राप्त कर तीसरा, विशेष गिद्ध ने 85.6 फीसदी अंक प्राप्त कर चौथा, राखी कुमारी 85 फीसदी अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान प्राप्त की है। वहीं 12वीं विज्ञान में 17 परीक्षा में शामिल हुए थे,जिसमें पांच छात्र प्रथम श्रेणी उतीर्ण हुए हैं। अध्यक्ष डॉ आरपी सिन्हा ने परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों के मेहनत व अभिभावक के सहयोग तथा शिक्षकों के कुशल मागदर्शन का परिणाम है। प्राचार्य एस राय ने परिणाम संतोष व्यक्त करते हुए सफल होने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जीवन में छात्र मेहनत कर ही सफल हो सकते हैं।

### बुजर्गों का आदर करना हम सब का पहला कर्व्तय : ओंकार

**मेदिनीनगर।** बुजर्गो का आदर करना हम सब का पहला कर्व्तय है। क्यों कि जवानी किसी किसी को और बुढ़ापा नसीब वालों को मिलता है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओमकार नाथ जयसवाल ने कही। जायसवाल पांकी के ग्राम नावागढ़ में मारूती नंदन यज्ञ हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कही। वे समारोह में लोगों को संबोधित कर रहें थे। उन्होंने आगे कहा कि हमारी युवा पीढ़ी नये परिवेश में आधुनिकता की ओर बढ़ गई है। इसके कारण हमारा संयुक्त परिवार, समाज और में अलगाव उत्पन्न हो रहा है।

# चैनपुर पहुंचा चलंत लोक अदालत, लोगों ने रखीं समस्याएं



### कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा: नीतू सिंह

इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट नीतू सिंह ने कहा कि चलन्त लोक अदालत के माध्यम से गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सके। उन्होंने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी । उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा । लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। साथ ही डालसा के द्वारा कई स्कीम चलाए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि जब तक लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नही होंगे तब तक वो शोषण के शिकार होते रहेंगे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मंगलवार को चैनपुर बाजार में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुँचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट नीतू सिंह ने कहा कि कहा कि कानूनी जागरूकता से व्यक्ति की दुर्बलता दूर होती है। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन जुर्म हैं। उन्होंने शिक्षा के अधिकार व मनरेगा,सूचना के अधिकार आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मध्यस्तता, लोक अदालत ,विधिक जागरूकता शिविर आदि का आयोजन किया जाता है । इससे लोगों में काफी जागरुकता आया है। उन्होंने कहा कि जिनकी आमदनी तीन लाख सालाना से कम है ,प्राकृतिक आपदा से ग्रसित है, दिव्यांग है, एसी,एस टी परिवार से आते हैं, महिला हैं, कारा में बंद है, बच्चे हैं ,ऐसे लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जाता है ।जिसके तहत केस लड़ने के लिए मुफ्त वकील उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही कोर्ट फीस माफ किया जाता है ।उन्होंने कहा कि आज न्याय आपके द्वारा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में एक सादे कागज पर आवेदन दे सकते हैं। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाती है।ग्रामीणों ने चलंत लोक अदालत में कई समस्याएं रखा। ग्रामीण का आवेदन लिया गया। इस मौके पर पीएलभी श्रीकांत तिवारी, कुसुम लता देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# निगम के सभी पार्कों की सुरक्षा और सुविधा की जांच हो: अभिषेक सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर बेलवाटिका स्थित गांधी मैदान पार्क में झूले पर गिरने से बच्चे के सिर और हाथ में चोट आई है। इस बात झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने निगम के ठेकेदार और पूर्व मेयर की आलोचना करते हुए कहा है कि 'गांधी मैदान में हुई घटना कोई असमान्य घटना नहीं है। पार्क में छोटे बच्चे झूला झूलते हैं। ऐसे में झूलों का असुरक्षित होना ठीक नहीं है। गांधी मैदान और अन्य जगह बनाए गए पार्क जर्जर हो चुके हैं। मरीन ड्राइव की भी सीढियां, रेलिंग और बेंच भी टूटने लगे हैं। शहर में लगी सभी लाइटें भी फ्यूज हो चुकी हैं। इसकी भी जांच होनी चाहिए। अभिषेक ने नगर आयुक्त से मांग की है कि सभी पार्कों की सुरक्षा और सुविधा का जायजा ले कर अति शीघ्र कार्रवाई करें।

# ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया चेकिंग अभियान, बिना हेलमेट दो पहिया नहीं चलाने की दी सलाह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में मंगलवार को छह मुहान के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोक कर उनकी गहनता पूर्वक जांच की गई। वाहन जांच के क्रम में बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड पकड़े गए मोटरसाइकिल को जब्त कर उसे सुरक्षार्थ हेतु शहर थाना में रखा गया। इसके बाद ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी वाहनों को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेज दिया गया है। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि हर दिन लोगों को हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाने की सलाह दी जाती है और ट्रिपल लोड चलने से मना किया जाता है। उसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस का चालान काटना मकसद नहीं है,बल्कि वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है, क्योंकि अधिकतर देखा गया है कि अधिक दुर्घटनाएं बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट और वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग करने से हो रही हैं। इस पर ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को जागरूक किया। साथ ही कानून का उल्लंघन करने वाले लोगों का चालान भी किया गया।

# पीठासीन पदाधिकारियों की डायरी की संवीक्षा के बाद मतदान प्रतिशत 59.99 से बढ़कर 61.27 हुआ

## राजनीतिक दलों की मौजूदगी में इवीएम को किया गया सील





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा के लिये सोमवार को मतदान संपन्न होने के पश्चात मंगलवार को जी.एल.ए कॉलेज परिसर में पलामू लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन,जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशि रंजन,गढ़वा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर समेत विभिन्न विधानसभा के एआरओ व पलामू लोकसभा के विभिन्न प्रत्याशियों की मौजूदगी में पीठासीन पदाधिकारियों की डायरी,प्रपत्र 17 ए एवं अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा की गयी। संवीक्षा के बाद पलामू लोकसभा का मतदान प्रतिशत 59.99 प्रतिशत से बढ़कर 61.27 प्रतिशत हो गया है। विदित हो कि मतदान प्रक्रिया के उपरांत भी पारदर्शिता रहे,इसी उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में यह संवीक्षा का कार्य किया जाता है। इधर, संवीक्षा के पश्चात गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गयी है। यहां दो स्तरीय सुरक्षा के तहत स्ट्रांग रूम की आंतरिक सुरक्षा में सी.ए.पी.एफ के बलों को लगाया है। इसी तरह बाहरी परिधि में जिला सशस्त्र बल के जवान तैनात रहेंगे।सभी तैनाती चौबीसों घंटों के लिये मतगणना की समाप्ति तक रहेगी। इसके अतिरिक्त अलग-अलग पाली में दंडाधिकारी की भी तैनाती की गयी है।

### बर्डफ्लू की चिंता से बाजार ग्रसित

**मेदिनीनगर।** कुछ दिनों पहले बर्डफ्लू की बीमारी पुष्टि रांची में हुई थी। इसको लेकर आम लोगों से स्वास्थ्य विभाग ने एतिहात बरतने को कहा गया था। साथ ही लोगों को मुर्गा और अंडा खाने से मना किया गया था। लेकिन इतने दिनों के बाद भी आम लोगों में ऊहापोह की स्थिति अभी तक बनी हुई है। इसका ज्यादा असर मुर्गा और अंडा बेचने वालों में हो रहा है। लोग समझ नहीं पा रहें हैं। मुगा और अंडा का सेवन किया जाय या नहीं। पूरी तो नहीं लेकिन अंडा और मुर्गा व्यवसाय पर कुछ असर जरूर पड़ा है। ऐसी स्थिति को देखते हुए बर्डफ्लू के बारे में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। बाजार में लोग अभी भी मुर्गा और अंडा खरीदने से परहेज कर रहें है। इस संबंध में प्रशासन द्वारा जानकारी उपलब्ध कराये जाना चाहिये। ताकी बाजार में असमंजस की स्थिति नहीं हो।

## कोयला लदे वैगन में लगी आग, फायर बिग्रेड ने बुझाई आग



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर कोयले से लदी ट्रेन के एक वैगन की आग को बुझाने की तीसरी घटना सामने आई। यह कोयले से लदी ट्रेन 58 वैगन की थी जो बालूमाथ कॉल साइडिंग से चोपन के लिए रवाना हुई थी। इस कोयले से लदी ट्रेन के इंजन से दो वैगन पीछे के एक वैगन में आग देखी गई। इस तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलाया गया और करीब 45 से 50 मिनट कड़ी मस्कत के बाद इस आग पर काबू पा लिया गया। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि यह आग गर्मी और कोयले के आपसी घर्षण के कारण हुआ । उन्होंने बताया रेलवे प्रशासन फायर ब्रिगेड के सीधे संपर्क में है और इस तरह की घटना जो कड़ी गर्मी के दिनों में हो जाया करती है । उस पर प्रभावशाली तरीके से काबू पाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी ट्रेन के लोको पायलट और गार्ड को यह निर्देश दे दिया गया है कि वह कोयले से लदी मालगाड़ी के कोयले पर नजर रखें कि कहीं कोई स्वतः आग तो नहीं लग गई है।

# लिलिपुट स्कूल का समर कैम्प 18 मई से



**नवील मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में समर कैम्प आयोजित करने के संदर्भ में एक प्रेस वार्ता की गई। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती रेणु गोयल ने बताया कि लगातार 15 वर्षों से लिलिपुट स्कूल में समर कैम्प लगाया जा रहा है । यह कैम्प 18 मई दिन शनिवार से शुरू हो रहा है जो 28 मई को समाप्त होगा। इस कैम्प में 3 वर्ष से ऊपर के बच्चे भाग ले सकते हैं जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। प्राचार्या रेणु गोयल ने कहा कि बड़े शहरों की तरह अपने शहर के बच्चे भी इस भीषण गर्मी में भी आंनद ले सकेंगे। कैम्प में कुछ सीखने के साथ साथ बच्चे मस्ती करने आते हैं जिसका भरपूर ध्यान रखा जाता है । इस वर्ष भी बहुत सारी एक्टिविटीज रखी गई हैं जिसमें डांस, सेल्फ रिलायंस कोर्स, स्केटिंग, श्लोक रेसीटेशन, फाइल मेकिंग, वाटर फन, आर्ट एंड क्राफ्ट, पपेट मेकिंग एंड शो, कुकिंग विदाउट फ्लेम, पूल पार्टी, फिल्म, स्क्वेंजर हंट, क्विज प्रतियोगिता इत्यादि ये सब शामिल हैं। इस कैम्प का मुख्य आकर्षण शहर के जाने माने कलाकार सैकत चटर्जी द्वारा स्टैंड अप कॉमेडी रहेगा। इस कैम्प में साथ ही फायर सेफ्टी ड्रील एंड ट्रैफिक रूल्स इनके ऑफिसर्स द्वारा सिखाया जाएगा।

# शहर में कई जगहों पर हैण्डपम्प खराब होने से लोगों को भारी परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गर्मी के कारण शहर में पेयजल की समस्या गहराने लगी है। शहर के हमीदगंज बीएन कॉलेज मोहल्ला में कई लोगों के घर के हैंड पंप सूख चुके हैं, जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैंड पंप सूखने की वजह से यहां के स्थानीय लोग सप्लाई पानी के ऊपर निर्भर हैं। वहीं स्थानीय निवासी प्रदीप राम ने बताया कि उनके घर का पानी सूख जाने की वजह से उन्हें और उनके परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैंडपंप से पानी सूखने की वजह से घर के सभी जरूरी काम अधूरे पड़ गए हैं। छह मुहान चौक स्थित टेंपो स्टैंड के पास सरकारी हैंडपंप वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। ऐसे में यहां प्रतिदिन आने जाने वाले हजारो यात्रियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। पीएचडी विभाग के द्वारा जहां एक और नये चापाकल गाड़े जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रख-रखाव एवं मरम्मत के अभाव में कुछ ही दिनों के बाद चापाकल खराब हो रहा है। वहीं आसपास के दुकानदारों ने बताया कि यहां पर दो हैंड पंप है दोनों खराब पड़े हैं। यहां के दुकानदारों के साथ- साथ राहगीरों को पानी के लिए काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदार बताते हैं कि टेंपो स्टैंड में प्रतिदिन हजारों यात्री यहाँ आते जाते हैं और वे पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं। यात्रियों में कोई पैसे वाला होता है जो पानी का बोतल खरीद कर अपने प्यास को बुझाता है। वहीं गरीब व्यक्ति पानी का बोतल खरीद कर पानी नही पी सकता है, उसे प्यास बुझाने के लिए मात्र एक सहारा हैंडपंप होता है, ऐसे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ वर्ष पहले टेंपो स्टैंड के हैंडपंप की मरम्मत भी कराई गई थी, लेकिन 10 दिन के अन्दर में ही हैंडपंप खराब हो गया और उसके बाद से किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। दुकानदारों ने कहा कि यदि दोनों हैंडपंप की मरम्मत हो जाती है तो राहगीरों व यात्रियों को पानी के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। स्थानीय लोगों की मानें तो पीएचइडी विभाग अपने कार्य में सुस्त है, इधर, विभागीय अधिकारियों ने बताया कि खराब चापानल को ठीक कराने के प्रति विभाग गंभीर है।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र कला संकाय में पलामू प्रमंडल टॉपर बने

# सानिया फातिमा को मिला 94 प्रतिशत अंक

### वाणिज्य में द्वितीय एवं विज्ञान संकाय में तृतीय स्थान पर विज्ञान संकाय में कुमारी आकांक्षा पेंटिंग में 100



**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर, पलामू के बारहवीं की छात्राएँ सानिया फातिमा, आकांक्षा गुप्ता एवं कुमारी आकांक्षा सी. बी. एस. ई. 2024 की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पलामू प्रमंडल में टॉपर बनी। कला संकाय में सानिया फातिमा राजनीति में 99, अंग्रेजी में 95, इतिहास में 92, मनोविज्ञान में 96 एवं अर्थशास्त्र में 88 अंकों के साथ 94 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में टॉपर रही। वाणिज्य संकाय में आकांक्षा गुप्ता पेंटिंग में 100, अंग्रेजी में 94, व्यवसायिक अध्ययन में 94, लेखाशास्त्र में 95 एवं अर्थशास्त्र में 90 अंकों के साथ 95 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में द्वितीय स्थान रही। विज्ञान संकाय में कुमारी आकांक्षा पेंटिंग में 100, अंग्रेजी में 94, रासायण शास्त्र में 92, जीवविज्ञान में 95 एवं हिन्दी में 90 अंकों के साथ 94.2 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के कुल 33 विद्यार्थियों में से सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सी. बी. एस. ई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में सानिया फातिमा द्वारा बेहतर प्रदर्शन द्वारा पलामू प्रमंडल टॉपर बनना विद्यालय, शिक्षक, प्राचार्य व अभिभावकों के लिए गर्व की बात है। विद्यालय के निदेशक डॉ. एसबीपी. मेहता एवं प्राचार्य डॉ. एके. सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देकर कहा कि अल्प समय के प्रयास से ही जिला टॉपर बनना मील के पत्थर के समान है। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित कर कहा कि आपका सतत सहयोग हमें नये कीर्तिमान गढ़ने पर प्रेरित करते हैं। भविष्य में ऑक्सफोर्ड स्कूल राज्य स्तरीय प्रदर्शन में सफल रहे ऐसा सराहनीय और संयुक्त प्रयास हम सबका होना चाहिए। विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय सभी विद्यार्थियों के कठिन मेहनत, अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग को जाता है। हम सब ईश्वर से छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### जिला टॉपर बनना मील के पत्थर के समान है : प्राचार्य

विद्यालय के निदेशक डॉ. एसबीपी. मेहता एवं प्राचार्य डॉ. एके. सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देकर कहा कि अल्प समय के प्रयास से ही जिला टॉपर बनना मील के पत्थर के समान है। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित कर कहा कि आपका सतत सहयोग हमें नये कीर्तिमान गढ़ने पर प्रेरित करते हैं। भविष्य में ऑक्सफोर्ड स्कूल राज्य स्तरीय प्रदर्शन में सफल रहे ऐसा सराहनीय और संयुक्त प्रयास हम सबका होना चाहिए।विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय सभी विद्यार्थियों के कठिन मेहनत,अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग को जाता है। हम सब ईश्वर से छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## एक नजर

### गढ़वा सदर थाना के चौकीदार शिव कुमार बाइक दुर्घटना में घायल

**गढ़वा।** गढ़वा सदर थाना के चौकीदार शिव कुमार पासवान 30 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि चौकीदार शिवकुमार थाना से डाक लेकर एसपी ऑफिस गया हुआ था। वहां से वापस लौटने के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार में उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे गिरकर शिवकुमार घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### बाइक हादसे में एक घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज

**गढ़वा ।** मझिआंव थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव निवासी नरेश शाह का पुत्र प्रवेश शाह मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि वह अपना मोटरसाइकिल से चिनिया रोड की ओर से आ रहा था। उसी बीच एक से टक्कर हो गई। घटना के बाद आस पास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा उसका इलाज चल रहा हैं। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### रानी चेरी के पास ब्रेकर पर चलती मोटरसाइकिल से गिरी महिला, घायल

**गढ़वा ।** चिनिया थाना क्षेत्र के डोल गांव निवासी हीरो सिंह की पत्नी रीता देवी मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रीता देवी अपने भाई के साथ डोल्गन से छत्तीसगढ़ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रही थी। इसी क्रम में रानी चेरी के पास ब्रेकर पर चलती मोटरसाइकिल से गिर गई। इससे गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद उसे चिनिया स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### 15 से 19 तक लायंस क्लब का निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर

**गुमला ।** लायन्स क्लब ऑफ गुमला के बैठक में सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त करते हुये प्रस्ताव लाये कि गुमला की आम जनता को लाभ पहुंचाने के लिए चिकित्सा कि बहुत सी पद्धति हमारे भारतीय चिकित्सा पद्धति में आदि काल से चल रही है। जिसमें एक्युप्रेशर एक प्राचीनकाल से चल रही है। लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा आयोजित निशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन स्थान लायंस क्लब ऑफ गुमला के प्रांगण में दिनांक 15 से 19 मई तक समय सुबह 9:00 बजे से 11:00 तक शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक प्रतिदिन किया जाएगा।

# पचौर गांव में सनकी पति ने पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** थाना क्षेत्र के पचौर गांव में एक सनकी पति ने मंगलवार को अपनी पत्नी को पीट-पीट कर हत्या कर दिया। जिसका मामला प्रकाश में आया है। फिलहाल मृतिका के ससुराल वाले घटना के बाद से घर से फरार हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना को लेकर मृतिका आशा देवी के पिता परशुराम ने अपने दामाद संजय राम पर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरा दामाद मेरी बेटी को पीट कर हत्या कर दिया है। पता चला की सोमवार शाम को मेरी बेटी के यहाँ चिकन बना था और मेरा दामाद मेरी बेटी से दारू पीने के लिए पैसा मांग कर रहा था। इसको लेकर दोनों में बकझक हुई थी। गुस्से से सनका दामाद ने मेरी बेटी को पीट कर हत्या कर दिया। मृतिका के पिता ने बताया कि 2 साल पूर्व बेटी का शादी संजय राम से किया था। शादी के बाद से ही दामाद दारू पीने के लिए बेटी से पैसो के लिए जिद करता था। पैसा नहीं देने पर वह बेटी को प्रताड़ित करते हुए मारपीट भी करता था। ससुराल वालों ने बेटी की हत्या कर दी और घर से सभी फरार हैं। मुझे बेटी की हत्या की न्याय चाहिए। घटना की सूचना पर पहुंचे मृतका के मायके वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि संजय का यह दूसरी शादी थी। पहली पत्नी की मृत्यु के बाद संजय ने यह दूसरी शादी की थी। थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने बताया कि घटना की प्रथम दृश्यता हत्या की लग रही है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रहे है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नावाडीह में चापानल पिछले तीन माह से है खराब, किसी अधिकारी को कोई चिंता नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** सरकारी विद्यालयों मे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों की ठहराव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार तरह-तरह की योजनाएं संचालित की जा रही है मगर कुछ व्यवस्थागत खामियों के कारण भलीभूत नहीं हो रहा है। ताजा मामला प्रखण्ड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा टोला नावाडीह मे उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का है जहाँ चापानल पिछले तीन माह सें खराब पड़ा हुआ है। जिससे इस भीषण गर्मी में विद्यालय के बच्चों को पेयजल के लिए इधर सें उधर भटकना पड़ रहा है। इस विद्यालय मे मात्र एक चापानल है लेकिन वह भी तकनीकी समस्या के कारण सें खराब पड़ा हुआ है, ऐसी स्थिति मे विद्यालय के नामांकित बच्चें आसपास के घरो व कुआँ सें अपना प्यास बुझाने को मजबूर है साथ मे रसोइया को माध्याह्नभोजन बनाने मे काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। शिक्षक मनोज सिंह , रसोईया सुंदरी देवी व उर्मिला देवी ने बाताया कि इस विद्यालय का चापानल खराब होने सें मध्य भोजन बनाने के लिए हमलोगो को पास के कुआँ सें पानी लाकर भोजन बनाना पड़ता है। और बच्चों को पानी पीने के लिए पास के कुआँ मे जाना पड़ता है जिससे बड़ी घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। वहीं विद्यालय के बच्चें व रसोईया ने उपायुक्त सें खराब चापानल को दुरुस्त करवाकर पेयजल की सुविधा बहाल करने की मांग की है।

## न्यूज बॉक्स

### संतोष कुमार यादव ने राजकीय कृत उच्च विद्यालय झगराखांड़ से संबंधित जानकारी की मांग की

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत झगराखांड़ निवासी संतोष कुमार यादव ने जिला जन सूचना पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक को स्पीड पोस्ट के माध्यम से सूचना अधिकार अधिनियम के तहत राजकीयकृत उच्च विद्यालय झगराखांड़ से संबंधित जानकारी की मांग की है। सूचना अधिकार अधिनियम के तहत उन्होंने वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक का विद्यालय विकास राशि एवं विद्यालय रख-रखाव राशि का आय व्यय का ब्यौरा मदवार वर्षवार बिल सहित, वित्तीय वर्ष 2012-13 से 2023-24 तक कितने भवन का निर्माण किया गया है। पूर्ण अपूर्ण की स्थिति आय व्यय का ब्यौरा रेकड़ पंजी की छायाप्रति, वित्तीय वर्ष 2019 -20 से 2023-24 तक विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) बैठक पंजी की छायाप्रति, वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक वर्षवार कोटिवार छात्रवृति भुगतान पंजी की छायाप्रति तथा जन सूचना पदाधिकारी के प्रथम अपीलीय पदाधिकारी के नाम व पत्राचार के पता की मांग शामिल है।

### धूमधाम से मनाया गया सरहुल पर्व, स्थानीय सरना स्थल मनवीर में बैगा, पुजार एवं पहान ने की पूजा-अर्चना



**चैनपुर ।** प्रकृति पर्व सरहुल चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में सिलफारी धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय सरना स्थल मनवीर में बैगा, पुजार एवं पहान द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करायी गयी। सरहुल पूजा संचालन समिति के अध्यक्ष दिलीप गोप, सचिव मुना गोप,कोसाध्या अमरेश लोहरा,मुखिया अमिता केरकेट्टा में शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में विभिन्न गांवों के खोड़हा लोगों ने आदिवासी सांस्कृतिक की झलक प्रस्तुत की। शोभा यात्रा सरना स्थल से कटकही रोड़ पथ से होते हुए बैगा के घर के पास पहुंची और सभा में तब्दील हो गयी। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रूचन मुंडा, पुजारी बुधराम मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों मुख्य पर्व सरहुल पूजा है। जिसमें प्रकृति की पूजा होती है। यह पर्व एकता एवं शांति का पर्व है। उन्होंने कहा कि पर्व के दिन लोग सरना स्थल पर शाल वृक्ष की पूजा करते हैं क्योंकि पेड़ है तो हमारा जीवन है। उन्होंने कहा कि इससे सिर्फ आदिवासी ही नहीं बल्कि सभी समुदाय के लोगों को लाभ मिलता है। आदिवासी समाज में कुछ बुराइयों के कारण अभी भी समाज काफी पिछड़ा है। जिसका सबसे बड़ा कारण शराब का सेवन एवं शिक्षा की कमी है। अगर लोग शराब का सेवन अपने संस्कृतिके अनुसार पूजा करने के बाद सिर्फ थोड़ी मात्रा में लें तो यह बुरा नहीं हो सकता। साथ ही अपने सभी बच्चों को स्कूल भेजकर अच्छी शिक्षा दें तो इस शिक्षित समाज के परंपरा को पूरी दुनिया मांगेंगी और दुनिया का सबसे पहला पायदान पर खड़ा हो सकता है। सचिव दिलीप मुंडा ने कहा कि आदिवासियों का विकास तभी संभव है जब हम शराब को छोड़कर शिक्षा की ओर ध्यान दें।इस ने भी अपने विचार व्यक्त किये। वहीं सरहुल संचालन समिति की ओर से सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले खोड़हा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मंगरा बड़ाईक,मुन्ना गोप,जितेंद्र मुंडा,रुचन मुंडा, बुधराम मुंडा, हेमंत लोहरा,जयराम लोहरा आदि उपस्थित थे।

# मिलिनियम पब्लिक स्कूल की समृद्धि कुमारी सिन्हा 95.2 प्रतिशत लाकर बनी विद्यालय की सुपरस्टार



**श्री बंशीधर नगर ।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशनल (सीबीएसई बोर्ड) से मान्यता प्राप्त मिलिनियम पब्लिक स्कूल का 10वीं और 12वीं कक्षा का परिणाम प्रकाशित किया गया। जिसमें मिलिनियम पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय के नाम रौशन किया। समृद्धि कुमारी सिन्हा ने 95.2%लाकर विद्यालय के सुपरस्टार बनी। समरिधी कुमारी सिन्हा ने कहा कि कड़ी मेहनत कर आईएसएस बनना चाहती है इसका श्रेय अपने विद्यालय शिक्षकों एवं माता-पिता को देना चाहती है वहीं विद्यालय टॉप इलेवन में समरिधी राज 94.2%, अनुप्रिया कुमारी 94%, साहिल कुमार 93.8%, मुस्ताक हुसैन 92.6%, रिया कुमारी 91.6, गीता कुमारी 91.6%, ब्रहमदेव कुमार, 90.8%, आरया कुमारी 90.6%सुप्रिया विश्वकर्मा 90.6%, अंजली कुमारी90% लाकर विद्यालय टॉप इलेवन बनी। सीबीएसई बोर्ड 10वीं में 180 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था जिनका परिणाम शत प्रतिशत रहा जिनमें सभी ने प्रथम श्रेणी से सफल हुए। वही सीबीएसई टेन प्लस टू साइंस में 24 विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। आदित्य कुमार 80.5% अर्श कुमार 80.4% यसवर्धन कुमार 78% लाकर विद्यालय का सुपरस्टार बना। विद्यालय के निदेशक मो मुमताज राही ने कहा कि विद्यालय के शत प्रतिशत रिजल्ट से काफी खुश हूँ। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील किया की लगातार नियमित परिश्रम करने की आवश्यकता है।मौके पर असगर अंसारी, नागेंद्र प्रसाद सिंह, रोहित राय, धीरेश कुमार, मनोज कुमार, सुभाष पाण्डेय, ऋषिकांत प्रसाद, गुलशन तिवारी, शोफिया लिप्चा, अर्पणा, संजना, किरण कुमारी ने विद्यालय के बच्चे को उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सीबीएसई 12वीं विज्ञान में बेलचंपा का सौरभ बना प्रमंडलीय टॉपर



**गढ़वा ।** बिरला पब्लिक स्कूल रेहला के 12वीं विज्ञान के छात्र सौरभ कुमार सिंह ने 97% अंक लाकर पलामू प्रमंडल का टॉपर बना है बेलचम्पा निवासी मनोज कुमार सिंह एवं अंजली सिंह के सुपुत्र सौरभ ने स्कूल और परिवार वालों को गौरांवित किया है। सौरभ ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजन, माता पिता एवं चाचा शेरू सिंह को दी है। सौरभ ने कहा की कोई भी लक्ष्य आसान नहीं होता बल्कि उसे आसान बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सौरभ ने कहा की आगे वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहता है। वहीं सौरभ के पिता मनोज सिंह और माता अंजली सिंह ने कहा की सौरभ शुरू से ही पढ़ने में तेज है। वह निरंतर पढ़ाई करता रहा है। उसके कड़ी मेहनत का ही यह नतीजा है कि उसे यह सफलता मिली है। वहीं चाचा शेरू सिंह ने कहा की सौरभ ने प्रमंडल टॉपर कर परिवार का मान बढ़ाया है।

## सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में डीएवी का परिणाम बेहतर, विज्ञान में स्वप्निल विद्यालय टॉपर

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप सेल डीएवी के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। साइंस में स्वपनील द्विवेदी 96.60 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बना।दूसरा स्थान ओमकुमार 79.20प्रतिशत, तृतीय स्थान अमन कुमार मेहता 75.20 प्रतिशत, चौथा शेयांशु जयसवाल 74.80 प्रतिशत, अदीबा नाज 72 प्रतिशत लाई। साइंस में 9 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया जिसमें 8 छात्र-छात्राएं पास हुई वही एक छात्र का कंपार्टमेंट लगा। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए होते हुए उत्तीर्ण हुए विद्यार्थि के उज्जवल भविष्यवाणी की कामना की।

### दो मासूम भाई-बहन को चैनपुर के तिगावाल गांव में छोड़कर पिता फरार



**चैनपुर ।** चैनपुर थाना क्षेत्र के तिगावल गांव से शनिवार की देर शाम पुलिस ने दो मासूम बच्चों को बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चैनपुर पुलिस को सूचना मिली कि दो बच्चे पिछले तीन दिनों से तिगांवाल गांव में है। जिनके परिजनों का कुछ आता-पता नहीं है। जिसके बाद चैनपुर पुलिस ने दोनों बच्चे को अपने साथ चैनपुर थाना ले आई है। पुलिस के पूछताछ में बच्चों ने बताया कि हम दोनों भाई बहन हैं। लड़के का नाम आनंद कुमार 5 वर्ष वही लड़की का नाम रीता कुमारी 4 वर्ष बता रही है। आनंद कुमार ने बताया कि पिता का नाम महिल है। माता का नाम रानी देवी है। गांव रानीगंज है। बातचीत से दोनों बच्चे बिहार के लग रहे हैं। उसने बताया कि पिता हमें शादी घर जाने के नाम से लाकर छोड़ दिया और यहां से भाग गया है। वही चैनपुर पुलिस ने बताया कि दोनों मासूम बच्चों के गार्जियनों की खोजबीन की जा रही है। वहीं जेएसएलपीएस महिला समूह के पास दोनों बच्चों को जिम्मा दिया जाएगा।

# मतदान के बाद जीत-हार की गणना में जुटे प्रत्याशी समर्थक

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही समर्थक जोड़ घटाव और गुणा भाग कर अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने में जुट गए हैं। पांच दस की संख्या में एकत्रित होकर लोग मामले पर आपस में विचार विमर्श करना शुरू कर दिए हैं। डंडई गांव के पान दुकान से लेकर बॉलिया मोड़ स्थित मोहर चाय दुकान पर इसे आमतौर पर देखा जाने लगा है। दोनों स्थलों पर पान की चुस्की लेते लोग जहां आपस में वोट को लेकर जोड़ घटाव करने लग जा रहे हैं ।वही चाय दुकान पर भी गिलास में चाय लिए लोगों के द्वारा मामले पर जोड़ घटाव करना शुरू कर दिया जा रहा है। हालांकि ऊंट किस ओर करवट मारेगा उसे देखना अभी बाकी है। उसके लिए लगभग 20 दिनों का समय शेष है। पलामू संसदीय क्षेत्र से इस बार 9 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। लेकिन उनमें मात्र भाजपा प्रत्याशी बीडी राम और राजद प्रत्याशी ममता भुइयाँ के बारे में ही लोगो के द्वारा खूब जोड़ घटाव व गुणा भाग करने का काम किया जा रहा है। इस बीच बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा के बारे में तो लोगों के द्वारा कमोवेश चर्चा भी कर लिया जाता है। लेकिन अन्य छह प्रत्याशियों के बारे में लोगों की कोई सुगबुगाहट भी नहीं होती है। जीत हार को लेकर आपस में जोड़ घटाव कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि भाजपा और राजद प्रत्याशियों को तो हम लोग प्रचार प्रसार करते भी देखा है यहां तक की उन दोनों के प्रचार वाहन भी प्रखंड क्षेत्र में प्रचार प्रसार को लेकर खूब विचरण किया है। उसके अलावा कभी-कभी बसपा प्रत्याशी की भी वहान को क्षेत्र में प्रचार प्रसार करते देखा गया है ।लेकिन अन्य छः प्रत्याशियों का न तो क्षेत्र में प्रचार प्रसार हुआ और न ही उक्त लोगों के चेहरा ही हम सभी अभी तक देख सके। उन्होंने कहा कि जिसकी तस्वीर ही मतदाताओं से कोसों दूर रह गया हो तो उनके लिए मतदाताओं का वोट कितना दूर रहा होगा। इसे बखूबी समझा जा सकता है। समर्थकों का आंकलन कितना सही और कितना गलत है वह 4 जून को ही पता चल पाएगा। हालांकि दलित और आदिवासी वोटो की एक जुटता ने इसबार लोगों को सकते में डाल दिया है। मतदान में दो समुदायों के एकता की चर्चा प्रखंड से लेकर जिलों तक खूब हो रही है। बताया जाता है कि पलामू प्रमंडल में दोनों समुदायों की संख्या लगभग 7 लाख है।

# चापाकल खराब होने से ग्रामीणों व दुकानदारों को पानी की किल्लत



**धुरकी ।** धुरकी प्रखंड के कपुर्री चौक स्थित उमेश्वर विश्वकर्मा के दुकान के समीप स्थित चापाकल विगत कई महिनो से खराब पड़ा है। इस कारण आस पास के दुकान दार व राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। विदित हो कि उक्त स्थान पर न तो कोई चापाकल है और न ही पेयजल का कोई व्यवस्था है। एक सोलर जलमीनार लगा हुआ है वह भी कई महीनो से खराब है। इस चापाकल से दर्जनों परिवार के लोग इसी चापाकल पर आश्रित है। चापाकल खराब होने से लोगों को दूर दराज स्थित पेयजल स्त्रोतों से काम चलाना पड़ रहा है। गृहणियों व दुकानदारों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुहल्लेवासी संजय सिंह,फैयाज अंसारी, गयासुद्दीन अंसारी ,धनंजय सिंह आदि का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में चापाकल खराब रहने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कई बार विभागीय पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई जा चुकी है। कई बार गांव के लोगों द्वारा आपस मे चंदा कर चापाकल की मरम्मत कराते रहे हैं। इस संबंध में धुरकी पंचायत के मुखिया महबूब अंसारी का कहना है कि पंचायत में खराब सभी चापानलों की सूची बनाकर विभाग को सौंपी गई है और सभी खराब चापाकलों को दुरुस्त कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### गुमला के पतिया गांव में एक ही परिवार के छह लोग आए वज्रपात की चपेट में, सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला ।** सदर थाना छेत्र के पतिया गांव में आसमान से गिरी आकाशीय बिजली के दीवार भेदकर घर के अंदर जा घुसने से एक ही परिवार के छह लोग झुलस गए है।स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी को रात करीब 9 बजे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों की देख रेख में उनका इलाज जारी है।सभी की स्थिति खतरे से बाहर है। घायलों में परिवार का मुखिया 35 वर्षीय जितवाहन सिंह, 32 वर्षीय उनकी पत्नी सन्तरा देवी,13 वर्षीय बेटी आकांछा कुमारी,10 वर्षीय बेटा लव सिंह,6 वर्षीय बेटी नन्दनी कुमारी व 3 वर्षीय बेटी सीता कुमारी शामिल है।घटना के बावत बताया जाता है कि रविवार को देर शाम परिवार के सभी लोग घर पर थे।साथ ही खाना बनाने की तैयारी में जुटे हुए थे।तभी अचानक हवा तूफान के साथ तेज बारिश होने लगा।साथ ही आकाशीय बिजली चमकने लगा।तभी इसी बीच लाइट कट गया।लाइट कटने के बाद परिवार के सभी लोग एक जगह बैठकर लाइट आने का इन्तेजार करने लगे।मगर अचानक इसी बीच जोरदार आवाज के साथ गिरा आकाशीय बिजली जितवाहन सिंह के घर का दीवार भेदकर अंदर जा घुसा।साथ ही घर मे घुसते ही स्विच बोर्ड से जा टकराई। इससे स्विच बोर्ड में आग लग गया।साथ ही आकाशीय बिजली के चपेट में परिवार के सभी लोग आ गए। फिर मौके पर अफरा तफरी मच गया। जितवाहन सिंह झुलस कर बेहोश हो गए। उनकी पत्नी व बच्चे भी बेसुध हो गए। इसके बाद पड़ोस के लोग भागकर उनके घर पहुंचे। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुच गए। फिर सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

### गढ़वा के मेराल थाना क्षेत्र का प्रदीप उरांव पैर कटने से गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा ।** मेराल थाना क्षेत्र के दलेली गांव निवासी रामजी उरांव का पुत्र प्रदीप उरांव पैर काटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में प्रदीप उरांव बताया कि वह छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में रहकर मिलर मशीन का गाड़ी चलाता है। 11 मई की रात्रि दो हजार रुपए अपने दोस्त श्रवण कुमार नामक व्यक्ति के मोबाइल पर शराब लाने के लिए ट्रांसफर किया था। इसके बाद अपने ग्रुप के सभी चालक के साथ बैठकर नशा पान किया था इस दौरान उसे काफी नशा होने के बाद श्रवण नामक व्यक्ति उसे नशा के हालात में रेलवे ट्रैक के पास ले गया। जहां उसका पैर काटकर ट्रेन के पटरी पर फेंक कर उसे घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे बेहोशी हालत में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां वह काफी देर तक बेहोश कर रहा होश आने के बाद उसने अपने छोटे भाई को मोबाइल फोन से घटना की जानकारी दी अपने छोटे भाई को दी।

## कनहर नदी से अवैध रूप से हो रहा है बालू उठाव

# बालू लदे एक ट्रैक्टर को चिनियां पुलिस ने किया जब्त, माफिया में हड़कंप



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** चिनिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जप्त कर चिनिया थाना परिसर लाया है। मामले में चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि खुरी के कनहर नदी से अवैध रूप से रूप से बालू उठाव कर दूसरे जगह ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस दल बल के साथ चिरका के पानी टंकी के पास से एक हरे रंग का जॉन डियर ट्रैक्टर जिसके ट्रॉली में बालू लदा हुआ था तथा ऊपर से पीले रंग का तिरपाल से ट्रैक्टर ट्राली को ढक कर ले जाया जा रहा था जिसे पड़कर चिनिया थाना ले लाया गया है। ट्रैक्टर रंका थाना क्षेत्र के खरडिहा गांव निवासी संतोष यादव का बताया जा रहा है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है वहीं ट्रैक्टर के चालक मौके से फरार हो गया है, वहीं पुलिस के इस कार्रवाई से अवैध रूप से बालू ढोने वाले बालू माफियाओं में हड़कंप है। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे इस तरह के कार्रवाई आगे भी होते रहेगी। बताते चलें कि थाना क्षेत्र में अवैध बालु ढूलाई का कार्य लगातार हो रही है तथा पुलिस भी कार्रवाई कर रही है । लेकिन बालु माफिया पुलिस को चकमा देकर दिन के उजालों में भी अवैध कारोबार करने में लगे हुए हैं जिससे सरकार का भी राजस्व का चूना लगाया जा रहा है ।

# मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर विहिप ने की बैठक संगठन मंत्री ने कहा- राष्ट्रहित में शत-प्रतिशत मतदान करें




**नवीन मेल संवाददाता**

चतरा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को जिला मुख्यालय सिथत गोरक्षणी परिसर में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता परिषद के जिलाध्यक्ष भूनेंश्वर साव व संचालन जिला मंत्री सुधीर कुमार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मिलन केंद्र प्रमुख संजय चौबे, विभाग मंत्री अनूप यादव उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री ने कहा कि राष्ट्रहित में सत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रखंडों व पंचायत स्तरों पर छोटी-छोटी टोलिया बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता करेंगे। साथ ही उन्होंने सीता नवमी पर चर्चा करते हुए कहा कि रामनवमी की तरह नारी शक्ति के आदर्श सीता माता के प्रकटोत्सव उत्सव को सीता नवमी के रूप में मनाने कि जरुरत है। यह कार्यक्रम 12 मई से 18 मई तक चल रहा है। जिसका नेतृत्व मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी कर रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ता लगेंगे। बैठक में मुख्य रूप से विहिप जिला उपाध्यक्ष तारकेश्वर गुप्ता, संतोष कुमार, जिला संयोजक अंकित पांडेय, इंद्रजीत कुमार ठाकुर, राकेश रंजन, गोलू बाबू, मनोज कुमार पांडेय, शुभम पाठक, सुरेंद्र पासवान, राजा कुमार, रोशन तिवारी, इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष योगेश्वर साहू, पत्थलगडा प्रखंड अध्यक्ष कैलाश दांगी, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश कुमार, टंडवा प्रखंड अध्यक्ष जीत गुप्ता, बचरा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण मंडल, राजो साहू, सचिन श्रीवास्तव, राजू साहू, रविंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### दो बाइक दुर्घटनाग्रस्त तीन युवक गंभीर रूप से घायल, अस्पताल रेफर

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान के समीप बीते देर रात कोल वाहन के चकमे से दो बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गए। जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि सदर थाना क्षेत्र के नवाडीह जांगी के ढीलो भुइयां के 25 वर्षीय पुत्र किशन भारती व गोवर्धन भोक्ता के 25 वर्षीय पुत्र करण सिंह भोक्ता दोनो एक ही बाइक पर सवार थे। वहीं दूसरी बाइक से गिद्धौर थाना क्षेत्र के द्वारी गांव के सुरेंद्र रविदास के 22 वर्षीय पुत्र बबलू रविदास सभी गिद्धौर से जांगी जा रहे थे। इसी क्रम में जवाहरलाल फुटबॉल मैदान के समीप चतरा की ओर से आ रहे कोल वाहन के चकमे से दुर्घटनाग्रस्त हो गए और बाइक पर सवार तीनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दोनों बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां पर नर्स व गार्ड के द्वारा इलाज के पश्चात हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात्रि सेवा में कोई भी चिकित्सक नहीं रहते हैं। वैसे में कभी भी कोई दुर्घटना घटती है तो नर्स व गार्ड के द्वारा मरीजों को इलाज किया जाता है। जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्रामीणों ने केंद्र में रात्रि सेवा में भी चिकित्सक की पदस्थापना की मांग सिविल सर्जन से की है।

### एनटीपीसी ने हेल्थ मेगा कैंप का आयोजन कर दर्जनों मरीज का किया मुफ्त इलाज




**बालूमाथ ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत आरा ग्राम में एनटीपीसी के द्वारा हेल्थ मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इसके बारे में जानकारी देते हुए मेगा कैंप के बीआरओ मनीष कुमार ने बतलाया कि यह हेल्थ मेगा कैंप एनटीपीसी के द्वारा लगाया गया है जिसमें क्षेत्रीय लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है दवाई भी मुफ्त दी जा रही है। कुछ ऐसे मरीज हैं जिन्हें उचित परामर्श दिया जा रहा है। मरीजों की जांच बाहर से आए डॉक्टर अमीर,डॉक्टर सत्यम सहित 15 सदस्यों की टीम द्वारा किया जा रहा है। मौके पर पंचायत के मुखिया समाजसेवी पद्दुम यादव आदि ने अहम भूमिका निभाई।

### स्वीप के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया



**लातेहार ।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। लातेहार जिला के पीडब्ल्यूडी आइकन आशीष टैगोर ने 20 मई को अपनेझअपने घरों से निकल पर मतदान करने की अपील की है। आज बाजारटांड़ बाजार परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के कर्मियों के साथ पीडब्ल्यूडी आइकन के द्वारा मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। उन्होने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है। इस वर्ष जिला प्रशासन ने 80 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार व प्रशासन के स्तर पर हर प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन यह लक्ष्य बिना सामुहिक सहयोग के हासिल नहीं किया जा सकता है। चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और इस महापर्व में आम मतदाता अपनी सहभागिता अवश्य सुनिश्चित करें। मतदान की दिन को छुट्टी का दिन नहीं माने। पहले मतदान करें, फिर जलपान करें। उन्होने बिना किसी लोभ व प्रलोभन तथा भय के मतदान करने की अपील की।

# 3 किलो अफीम के साथ लालू साव गिरफ्तार, पिस्टल व बाइक जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को मिली गुप्त सूचना पर 13 कांडों के अभियुक्त लालू साव को पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के कठौतिया से 2 किलो 700 ग्राम अफीम, एक देशी पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी एसडीपीओ संदीप सुमन ने मंगलवार को अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि कुख्यात अपराधी लालू पिता साव. पिता दुलारचंद साव, ग्राम नावाडीह, थाना सदर, जिला चतरा अपनी बहन के घर कठौतिया आया है किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से। सूचना के आधार पर एसडीपीओ चतरा के नेतृत्व में



छपोमारी दल का गठन किया गया। जिसमें विपिन कुमार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सदर थाना चतरा, पप्पू कुमार शर्मा पुलिस निरीक्षक सदर अंचल आदि को शामिल किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित छापेमारी दल ने कठौतिया पहुंचा तो अपराधी लालू साव पुलिस की गाड़ी देखकर भागने का प्रयास किया। तो पुलिस अधिकारियों ने उसका पीछाकर पकड लिया। तलाशी लेने पर उसके कमर से एक देशी पिस्तौल एवं मैगजीन में लोड 05 चक्र जिंदा कारतूस बरामद किया गया। साथ ही उसके निशानदेही पर बहन के घर के बाहर खड़े आरएस 200 प्लसर मोटरसाइकिल की सीट के नीचे छिपाकर रखे 2 किलो 700 ग्राम अवैध अफीम बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कुख्यात अपराधी के विरुद्ध हत्या, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, रंगदारी जैसे जघन्य अपराध के 13 मामले पूर्व से दर्ज हैं। एसडीपीओ ने आगे बताया कि उक्त मामले में सदर थाना कांड संख्या 181/24 में धारा-18/18 (बी)/22/25/30 एनडीपीएस एक्ट एवं 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## सभी मतदाता 20 मई को मतदान अवश्य करें आपका एक वोट बहुत ही महत्वपूर्ण है : डीसी

**चतरा।** बुधवार प्रातः 06 बजे से 09 बजे तक जिला मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम में स्वीप कार्यक्रम के तहत चुनाव चेतना कार्यक्रम निर्धारित है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने अधिकारियों संग किए जा रहे तैयारियों का जायजा लिया एवं पुर्वाभ्यास का अवलोकन किया। 4 चतरा लोकसभा में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले वासियों से चुनाव चेतना कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम में 300-200 फीट की लोग सहभागिता से कलाकृति बनाई जाएगी। साथ ही सेल्फी पोवाइंट एवं हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। कार्यक्रम में 5000 से अधिक लोग शामिल होंगे तथा सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करने एवं



परिवार वोटिंग करने का आह्वान किया। जिले के सभी अधिकारी/कर्मी, सरकारी व गैर सरकारी संगठन, पत्रकार, प्रबुद्ध नागरिक को चुनाव चेतना कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक, नगर परिषद पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणू रवि, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बडाईक, बीडीओ समेत अन्य को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में जिले के सभी वरीय पदाधिकारी, सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी के साथ कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन




**बालूमाथ ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड़ के निकट होंडा शोरूम में चतरा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामजतन साहू रामजी सिंह गिरधारी यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नारियल फोड़ एवं फीता काट कर उदघाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।जिसमें मुख्य रूप से बालूमाथ भाजपा के वरिष्ठ नेता रामजतन साहू गिरधारी यादव रामजी सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू जी विशेष रूप से रहे। उद्घाटन समारोह में प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी संयोजक सह संयोजक बूथ अध्यक्ष एवं दर्जनों महिलाएं सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कालीचरण सिंह के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**बरवाडीह।** चतरा संसदीय क्षेत्र के मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। चुनाव कार्यालय उद्घाटन से पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह उर्फ नानहु सिंह के नेतृत्व में हीरो होंडा शोरूमके सामने भाजपा कार्यालय परिसर से भाजपा कार्यकताओं ने एक जलूस निकाली गई जो बस स्टैंड महावीर चौक परिसर आदिशक्ति मंदिर पहुंचकर भाजपा कार्यकताओं ने पूजा अर्चना कर पुन भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां पर वरीय भाजपा कार्यकर्ता अमरेंद्र सिंह,रमेश सोनी, शिबू साव,जिप सदस्य संतोषी शेखर, रेखा पाठक,रविंद्र सिंह, लक्ष्मण मिस्त्री,प्रमुख सुशीला देवी समेत अन्य अतिथियोंने संयुक्त फीता काट कर व पंडित के वैदिक मंत्र उच्चारण कर नारियल फोड़ कर भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय में प्रवेश कर पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद उपस्थित सदस्यों ने बैठक कर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को विशाल मतों के अंतर से जीतने का संकल्प लिया। निर्णय लिया गया कि चतरा संसदीय क्षेत्र के मनिका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा कार्यकताओं अपनी एकजुटता का परिचय देकर भारी मतों से जिताने के लिए काम करेंगे। बैठक में चुनाव जीतने को लेकर आपसी चर्चा भी हुई। जिसमें शामिल सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें। मौके पर हर्षवर्धन सिंह, विकास कुमार सिंह,सुनील कुमार सिंह,कन्हाई प्रसाद,मनोज प्रसाद,रूपाली देवी,नरेश प्रसाद,दिलीप कुमार यादव,वरुण कुमार,राकेश अग्रवाल,अमृत सिंह, पारस जयसवाल ,दीपक तिवारी, बंटी ठाकुर समेत प्रखंड के सभी पंचायतों से काफी संख्या में भाजपा कार्यकताओं शामिल थे।

## उपलब्धियों भरा रहा मोदी सरकार के दस साल का कार्यकाल : रविराज



**चंदवा।** भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकताओं के बीच जाकर बूथ जीतने की रणनीति तय कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रो के अलावा बूथ स्तरीय कार्यकताओं के संग भी प्रतिदिन बैठकों का दौर जारी है। बूथ स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता रविराज ने कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। यह चुनाव विकसित भारत का नींव रखने का काम करेगा। तीसरा कार्यकाल देश को बहुत कुछ देने का है। उन्होंने कार्यकताओं से अपने-अपने बूथों पर बड़ी जीत दिलाने का लक्ष्य निर्धारण करने को कहा। रविराज ने कहा कि कार्यकर्ता को जनता के बीच वोट मांगने हेतु जाने में जरा भी संकोच नही करना चाहिए। मोदी सरकार के दस साल का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। दो टर्म के कार्यकाल में देशवासियों के लिए इतना कुछ किया है कि हम गर्व के साथ सर उंचा कर उनसे वोट मांग सकते हैं। महिलाओं के सम्मान के साथ उनके हक और अधिकार की बात भाजपा की मोदी सरकार ने की है। बूथ स्तरीय बैठक में कामता पंचायत अध्यक्ष मनोज पाठक, आलौदिया प्रभारी रामप्रसाद साहू, पंचायत अध्यक्ष अमित गुप्ता, बबलू सोनी, टशन कुमार, कृष्णा कुमार, प्रदीप ठाकुर, मंटू सोनी, विजय साव, धीरज कुमार समेत बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल थे।

## प्रत्याशियों ने लगाया जोर, 18 की शाम थमेगा चुनावी शोर

**चतरा।** चतरा लोकसभा सीट पर मतदान से पहले चुनावी प्रचार जोर पकड़ चुका है। इस लोकसभा सीट पर मतदान 20 मई को होना है। राष्ट्रीय पार्टियों में भाजपा का चुनावी प्रचार केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित है। जबकि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को प्रचार का माध्यम बनाया है। निर्दलीय प्रत्याशी जातीय समीकरणों के बल पर चुनावी मैदान में डटे हैं। चतरा सीट पर चुनाव प्रचार 18 मई की शाम 5 बजे तक चलेगा। चतरा लोक सभा सीट पर कुल 22 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 10 मान्यताप्राप्त दलों से व 9 निर्दलीय मैदान में हैं। पत्थलगड़ा(चतरा) मंगलवार को लोकसभा चुनाव को देखते हुवे प्रत्याशीयों ने विभिन्न वाहनों के साथ चुनाव-प्रसार शुरू कर दिया है। पत्थलगड़ा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार व ग्रामीण क्षेत्रों में नागपुरी, भोजपुरी, खोरठा, हिंदी गाना को रीमिक्स कर एक से बढ़ कर गानों के साथ मतदाताओं को अपना पक्ष में वोट डालने का अपील की गई।

## राजपूत समाज के लोगों ने भाजपा के समर्थन में चलाया जनसंपर्क



**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड में राजपूत समाज के लोगों ने मंगलवार को भाजपा के समर्थन में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान में बड़ी संख्या में समाज के लोग वाहन के काफिलों से निकल कर प्रखंड के मंझगांवा, पचघारा, तिलरा, महूगाई, पिपरा समेत दर्जनों गांव में जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। समाज के लोगों ने मतदाताओं से मुलाकात कर भाजपा के समर्थन में भारी मतदान करने की अपील की। समाज के लोगों का कहना था कि कुछ प्रतिद्वंदियों ने अफवाह फैला रखा था कि राजपूत समाज इस बार भाजपा को समर्थन नहीं कर रहा है। इस अफवाह को झूठा साबित करने के लिए समाज लगातार जनसंपर्क चलाएगा और मतदाताओं से भाजपा के समर्थन में वोट की अपील करेगा। अभियान में मुखिया मनजीत सिंह, संजय कुमार सिंह, अशोक सिंह, अश्विनी कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, पूर्व मुखिया अर्जुन सिंह, क्षत्रीय समाज के अध्यक्ष गोपाल सिंह, करनी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह, नित्यानंद सिंह, मिथिलेश सिंह, ब्रजेश सिंह आदि शामिल थे।

## कांग्रेस युवा जिला महासचिव ने लोगों से मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ ।** महुआडांड़ प्रखंड के ओरसा पंचायत के सुरकई पाठ में कांग्रेस युवा जिला महासचिव मजहर खान ने के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों से मिलकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया लोगों के घरों में जाकर वोट का महत्व भी बताया गया। इसके उपरांत बैठक का आयोजन भी किया गया। इस दौरान मजहर खान ने कहा कि हमें इस कांग्रेस के चतरा लोक सभा प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को अपना बाहुल्य मूल्य वोट देकर राहुल गांधी के हाथों को हम सभी को मिलकर मजबूत करना है। ताकि आने वाला कल हम लोगों का सुनहरा हो सके। यह आप सभी से मेरा अपील है कि 20 मई को सबसे पहले आप अपने-अपने बुथों में जाकर मतदान करेंगे उसके बाद ही कोई कार्य करेंगे। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रानू खान, उस्ताद अंसारी लक्ष्मण जायसवाल, एवं ओरसा पंचायत के सलमान अंसारी, दीपक नगेसिया, नूर आलम, भीम नगेसिया, राजेंद्र नगेसिया, सरोज नगेसिया, ओजीना टोप्पो, मुन्नी नगेसिया, अनिमा नगेसिया समेत काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।



## पांच वर्षों से अधूरे आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य हुआ शुरू, ग्रामीणों ने राष्ट्रीय नवीन मेल का जताया आभार



पांच साल से अधूरा आंगनबाड़ी भवन का निर्माण, जर


30 मासूम अनहोनी के साये में शि

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** पिछले पांच वर्षो से अनियमितता की भेंट चढ़े टंडवा प्रखंड क्षेत्र के खेल्हा आंगनबाड़ी भवन का निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। बता दें कि समाजसेवी उदय पांडेय के आग्रह पर पांच साल से अधूरे आंगनबाड़ी भवन व जर्जर भवन में हो रहा संचालन। 30 मासूम अनहोनी के साये में शिक्षा पाने को विवश संबंधित शीर्षक से उक्त खबर को राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। वहीं पंसस शशि बाला द्वारा बीडीओ देवलाल उरांव को पूरे मामले से अवगत कराने पर श्री उरांव ने त्वरित संज्ञान लेते हुवे निर्माण कार्य प्रारंभ कराया है। मामले में ग्रामीण जगदीश महतो, सुखदेव महतो, जयनाथ महतो, जयमंती देवी, संतोष महतो, चौधरी महतो, प्रभु महतो समेत अन्य ने बीडीओ, पंसस व पत्रकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 9 साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**महुआडांड़ ।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में सोमवार रात को 9 साल की बच्ची के जंगल में ले जाकर व घर में वापस लाकर गलत काम किया। आरोपी बच्ची के घर ट्यूशन पढ़ने के बहाने गया हुआ था। जहां सभी बच्ची बिस्कुट खिलाकर पीड़ित बच्ची पेशाब कराने के बहाने घर से बाहर निकला। बाहर निकाल कर जंगल ले जाकर दुष्कर्म किया। आधी रात को जंगल से घर लेकर आया। इधर बच्ची की गायब होने की सूचना पर परिवार के सदस्य के साथ-साथ पूरे गांव वाले पूरे गांव व जंगल में घुमकर खोजा गया। बच्ची और आरोपी के नहीं मिलने पर सभी गांव के लोग अरोपी घर आये। जहां पीड़ित बच्ची और आरोपी मिले। वहीं गांव वाले आरोपी को पकड़कर सुबह तक बांध कर रखा। सुबह पुलिस को सूचना देकर पुलिस के आने पर आरोपी को पुलिस के हवाले किया।आरोपी को जेल भेजा।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला

**आम सूचना**

स्पेशल लोक अदालत

दिनांक 08 जून 2024 (शनिवार)

स्थान –व्यवहार न्यायालय परिसर, गुमला

**निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झालसा, रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), गुमला के प्रांगण में दिनांक 08.06.2024 को प्रातः 7.30 बजे से स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त स्पेशल लोक अदालत में MACT CASES के मामले का निष्पादन किया जायेगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 7.00 बजे से दिन के 12:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला

उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला,

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला

PR 324781 Law (24-25)_D


## चुनाव के मद्देनजर बन रहा शौचालय, निर्माण में अनियमितता

### वोटरों को कोई परेशानी ना हो, इसलिए हो रहा है शौचालय का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ ।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण, सुविधापूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरा प्रयास जारी है। बूथस्तर, कलस्टरों वज्रगृह पर सुविधा एवं मतदान कराने के लिए आये।कर्मी एवं पुलिस बल को बिजली और शौचालय को लेकर कोई परेशानी नही हो इसे ले सुविधाओं को पुख्ता किया जा रहा है। यह खबर आप झारखंड लेटेस्ट न्यूज पर पढ़ रहे हैं। शौचालय की कमी को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा महुआडांड़ के 13 कलस्टर वज्रगृह पर शौचालय की कमी पर भवनों में पीएचडी एवं भवन विभाग के द्वारा लाखों रुपए के लागत से शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। संवेदक बताते है, एक महिने के दिया गया है। समय पर कार्य भी करना है। वही इसी का फायदा उठाकर संवेदक जल्दी-जल्दी अनियमितता बरतते हुए, शौचालय का निर्माण प्राक्कलन राशि के अनुरूप नही कर रहें है। निम्नस्तर सीमेंट, एवं कम गुणवत्तापूर्ण का जोड़ाई मसाला पर शौचालय खड़ा किया जा रहा है। मजबूती दे इसके लिये पानी तक नही पटाये जा रहे, बात मजदूरी हो तो मजदूर को दिनभर खटाकर 250 रुपये दिया जा रहा है।



### कल क्या होगा इन शौचालयों का

चुनाव संपन्न के बाद सभी शौचालयों में ताला लगा नजर आयेगा। क्योंकि इतने कम समय पर पर हो रहे शौचालय निर्माण बिते समय पर खुद की मजबूती का गवाही देगें. क्योंकि पुटरूंगी , सिदरा, सेमरबुढ़नी, बराही , बांकरचा, कुरो, चोरमुंडा एवं अन्य गांव के सरकारी भवन पर बन रहें। शौचालय की सिपटिक टैंक नियम फीट अनुसार नही खोदा गया है। जैसे तैसे काम को सवेंदक पूर्ण करने पर है, तीन शौचालय हैंडोवर भी कर दिये गए है। वही सेमरबुढ़नी गांव का शौचालय देखने से पता चलता है, कि घटिया निर्माण हो रहा है। गांव चोरमुंडा का शौचालय सिपटिक टैंक की साइज छोटा है। शायद यह भी हो मतदान के दौरान कोई नवनिर्मित शौचालय गिर जाये।

### क्या कहते हैं अधिकारी

प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंग डांग ने कहा कि तीन शौचालय हैंडोवर दिया गया है। अन्य एक-दो दिनों में हैंडोवर हो जाएगा।कहीं नाल तो कहीं प्लास्टर वगैरा बचे हुए हैं, काम प्रगति पर है। चुनाव से पहले शौचालय को कंप्लीट कर लिया जाएंगे। सोमवार को शौचालय समीक्षा खुद डीसी मैडम के स्तर से की गई, जिला से भी टीम आकर निरीक्षण कर जा रिपोर्ट दे रहे है।


## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा

*Phone- 06541-223994, E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com*

**"प्रेस विज्ञप्ति"**

चतरा जिला के सभी आमजनों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन–2024 हेतु दिनांक–07.05.2024 को निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यथियों व राजनीतिक दल के साथ सम्पन्न बैठक में सर्वसम्मत्ति से लिये गये निर्णयानुसार 27–चतरा (अ0जा0) विधान सभा के कुल 3 (तीन) मतदान केन्द्रों के Relocation संबंधी प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 64/ES-I/JKD-HP/2024 दिनांक–11.05.2024 एवं तत्संबंधी विभागीय पत्रांक–3153 दिनांक 11.05.2024 के द्वारा सहमति प्रदान की गई है। Relocation से संबंधित मतदान केन्द्रों की सूची निम्नवत् है:–

| No. & Name of Present Location of the PS | Total No. of Voters in the PS | Relocation PS NO. & Name |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 372-UPS Sikid | 523 | 371 -MS Gadiya |
| 267- UPS Ekta Margada | 792 | 264 -UHS Kutil |
| 269-NPS Kojram | 539 | 268-UMS Sikidag |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह–उपायुक्त, चतरा

PR 324775 Election(24-25)#D

# लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में 66.45 प्रतिशत हुआ मतदान

## एक नजर

### बिजली ट्रांसफार्मर जलने से कुडू मुख्य बाजार में पसरा अंधेरा



**कुडू–लोहरदगा।** कुडू मुख्य पथ किनारे रहमतनगर बटमटोली के नजदीक लगा एक विद्युत ट्रांसफार्मर सोमवार को जल गया था। जिससे कुडू मुख्य बाजार का इलाका में अंधेरा पसर गया। ज्ञात हो कि उक्त कुडू बटन टोली में लगे दो विद्युत ट्रांसफार्मर में से एक ट्रांसफार्मर सोमवार को सुबह जल गया। उक्त ट्रांसफार्मर से कुडू टाउन का मुख्य बाजार बटमटोली से इंदिरा गांधी चौक तक की विद्युत आपूर्ति होती थी। ट्रांसफार्मर जलने से पूरा बाजार में अंधेरा पसर गया है। सभी लोगो के घरों का इनवर्टर व बैटरी के अलावे मोबाइल भी डिसचार्ज हो गया है। इस भारी गर्मी में घरों का जहा पंखा नही चल रहा है, वही पानी सप्लाई नही होने से क्षेत्र के लोग काफी परेशान है। प्रभावित क्षेत्र के लोगो ने जल्द नया विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

### गुमला में मतदाता घरों से निकले, जमकर हुई वोटिंग

**गुमला ।** जिले में इस बार घरों से निकले मतदाता और जमकर वोटिंग हुई। सुबह 7:00 से ही वोटिंग के लिए मतदाताओं का आने का सिलसिला शुरू हो गया। जो देर शाम तक चलता रहा। कई बूथों पर 5:00 बजे के बाद भी मतदाता लाइन में देखे गए। कड़ी धूप होने के बावजूद मतदाता घरों से निकाल कर वोट देने पहुंचे। वही काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। कई स्थानों पर देर से वोटिंग शुरू हुआ। वही राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता पोलिंग बूथ के आसपास सक्रिय नजर आए और अपने प्रत्याशी के लिए वोट जुगाड़ करने की फिराक में दिखे।

### बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

**लोहरदगा।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के आकस्मिक निधन पर लोहरदगा के भाजपाइयों ने गहरा दुख व्यक्त किया। छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर राजनीति में प्रवेश करने वाले बिहार के मृदु भाषी,शालीन तथा कुरीतियो के प्रबल विरोधी नेता के साथ कार्य किए लोहरदगा भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह बताते हैं कि लोहरदगा से स्व. मोदी का व्यक्तिगत रूप से इतना लगाव था कि वह कई भाजपा कार्यकताओं के शादी विवाह हो या दुख की घड़ी हो या फिर अन्य राजनीतिक, सामाजिक कार्यक्रमों में भी उपस्थित रहते थे। शोक व्यक्त करने वालों में राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, सांसद सुदर्शन भगत, चंद्रशेखर अग्रवाल, मनीर उरांव, राजकुमार वर्मा, ओम प्रकाश सिंह, ब्रज बिहारी प्रसाद,देवाशीष कार ,संजय बर्म्मन,तरुण देवघरिया, सुधीर अग्रवाल,उमेश कांस्यकार, अशोक खत्री, इंद्रजीत भारती, राजकिशोर महतो, मदन मोहन समेत अन्य शामिल हैं।

## गुमला में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** देश में चौथे और झारखंड में प्रथम चरण में 12-लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए सोमवार को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। चुनाव के बाद ईवीएम के साथ मतदान कर्मी गुमला स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर पहुंच रहे हैं। पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम को जमा करने की प्रक्रिया 13 मई की रात से शुरू हो चुकी है। सोमवार को पी-1 के मतदान कर्मी अपने ईवीएम मशीन के साथ रिसीविंग सेंटर पहुंचे, जिसका सिलसिला रात भर चलता रहा एवं मंगलवार पी-2 मतदान कर्मी जिले में पहुंच रहे हैं। वहीं हेलेड्रॉपिंग के माध्यम लगभग 24 मतदान केंद्रों से सुरक्षित रूप से मतदान कर्मियों को वापस लाया गया।



### सभी ईवीएम पहुंचने के बाद सील किया जाएगा स्ट्रांग रूम

सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों से ईवीएम पहुंचने के बाद स्ट्रांग रूम को विधिवत सील किया जाएगा। स्ट्रांग रूम सील करने के दौरान प्रशासन ने विभिन्न दलों के प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने के लिए कहा है। मतगणना के दिन चार जून को स्ट्रांग रूम खुलेगा एवं मतगणना के पश्चात रिजल्ट अनाउंस किए जाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि 12- लोहरदगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिले में लगभग 64.45% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है एवं आज संध्या तक सभी ईवीएम मशीन की प्राप्ति के पश्चात सटीक परिणाम की घोषणा की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी मतदान पदाधिकारियों / कर्मियों एवं जिले के मतदाताओं को धन्यवाद दिया।

## लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में 9,57,690 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

**लोहरदगा/गुमला।** 12- लोहरदगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत 13 मई को हुए मतदान में 66.45% मतदान हुए जिसमें से कुल 14,41,302 मतदाताओं में 7,13,911 पुरुष मतदाता एवं 7,27,387 महिला मतदाता तथा अन्य में कुल 4 मतदाताओं में से इस बार कुल 9,57,690 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक देखने को मिली। 12- लोहरदगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कुल 4,58,507 पुरुष मतदाताओं ( 64.22 % पुरुषों ने मतदान किया) एवं 4,99,182 महिला मतदाताओं ने (68.62% महिला मतदाताओं ने मतदान किया) मतदान किया। एवं कुल 1 अन्य श्रेणी के मतदाता ने मतदान किया। वहीं यदि केवल गुमला जिले की बात की जाए तो 67- सिसई में 66.11 % मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें से कुल 2,60,235 मतदाताओं में से कुल 1,72,059 मतदाताओं ने मतदान किया। कुल 1,32,200 महिला मतदाताओं में से 91,539 मतदाताओं ने मतदान किया वहीं 1,28,035 पुरुष मतदाताओं में से कुल 80,520 मतदाताओं ने मतदान किया। इसी प्रकार 68- गुमला अंतर्गत 64.74% मतदान हुए। जिसमें से कुल 2,45,481 मतदाताओं में से 1,58,930 मतदाताओं ने मतदान किया। कुल 1,24,337 महिला मतदाताओं में से 82,114 मतदाताओं ने मतदान किया वहीं 1,21,144 पुरुष मतदाताओं में से कुल 76,816 मतदाताओं ने मतदान किया।

**4,58,507 पुरुष एवं 4,99,182 महिला व 01 अन्य मतदाता ने मतदान किया**

## डीएवी गुमला के विद्यार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों संकायों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** सीबीएसइ 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। बारहवीं विज्ञान की परीक्षा में कुल 181 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 162 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। मनोहर महतो ने 95%, अपर्णा मिश्रा 94.8%, हर्षित हर्ष 94.6%, ऋषभ कुमार गुप्ता 93.2%, संजना साहू 93%, अक्षय कुमार 92.8%, अनमोल केसरी 91.2%, भाव्या भारती 91.2%, शिल्पी कुमारी 91.2%, लक्की देवगढ़िया 90.8% उत्कर्षा श्री 90.4% एवं अपूर्व वैद्य ने 90.2% अंक प्राप्त किया। बारहवीं कला की परीक्षा में 40 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 36 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। तनु कुमारी ने 98%, आयशा सिद्दीका ने 97% एवं वीणा उराँव ने 91.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। बारहवीं वाणिज्य में कुल 39 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 38 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की. दिलकश कमल ने 94.8%,अमरदीप कुमार ने 92.4% एवं प्रज्ञा कुमारी ने 90.6 %अंक प्राप्त किए।



## 12 वर्षीया बच्ची के साथ छह युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**बिशुनपुर ।** थाना क्षेत्र के कसमार स्थित एक गांव की 12 वर्षीय बच्ची के साथ नजदीकी गांव के युवकों के द्वारा दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि उक्त बच्ची अपनी सहेलियों के साथ गांव में सोमवार को एक शादी समारोह मड़वा का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें वह भाग लेने गई हुई थी। जहां रात में डीजे बज रहा था और लड़की अपनी सहेलियों के साथ नाच रही थी। वहां कठठोकवा, बनालात, घाघरा गांव के लड़के भी शामिल थे। रात्रि में नाचने के उपरांत रात के 2.00 बजे अपनी सहेलियों के साथ गांव से खेत पार कर अपने टोला जा रही थी। इसी दौरान आधा दर्जन युवकों ने लड़की को पकड़ लिया एवं उसकी सहेलियों को किसी को कुछ नहीं बताने का धमकी देते वहां से भगा दिया। नाबालिक को अपने साथ गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल की ओर ले गए। जहां पीड़िता के अनुसार आधा दर्जन युवकों ने पीड़िता के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इधर घर पहुंचे लड़की की सहेलियों ने घटना की जानकारी घर और गांव वालों को दी। गांव वाले एकजुट होकर उन्हें ढूंढने निकले इधर ग्रामीणों की मुमेंट होने की सूचना को लेकर कुछ युवक मौके से भाग निकले। वहीं एक बनालात भट्ठी टोली के लड़के को ग्रामीणों ने धर दबोचा और उसे गांव लाया जहां उसने और पांच युवकों का नाम बताया। जिसके बाद ग्रामीणों ने पांच आरोपियों को उनके घर से धर दबोचा और आरोपियों को गांव में ही बांधकर बिशुनपुर थाना को घटना की सूचना दी गई। मौके पर बिशनपुर थाना प्रभारी उदेशवर पाल गांव पहुंचे और ग्रामीणों द्वारा बांध कर रखे गए आधा दर्जन युवकों को बिशुनपुर थाना लाया है और सबसे पूछताछ की जा रही है। और पीड़िता को मेडिकल के लिए बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

## लोहरदगा में धूमधाम से मनाई गई सीता नवमी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नगर के शिवाजी चौक दुर्गा मंदिर में सीता नवमी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राम दरबार में पुष्प अर्पित करके और दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीता देवी एवं विशिष्ट अतिथि छवि सिंह और छवि सिन्हा थी। रीता देवी ने कहा कि सनातन समाज में हमारे आनेको देवी देवताएं है लेकिन सीता नवमी कार्यक्रम होना बहुत ही गर्व की बात है। हमारे मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की धर्मपत्नी सीता माता है। छवि सिंह ने कहा कि सीता माता राजा जनक की पुत्री है। कार्यक्रम में, पूनम देवी, चंदू देवी, अंजू देवी, कुंती देवी, सरिता देवी, मंजू देवी, सोनाली सिंह, माधुरी देवी, सीता देवी, रीता देवी, छवि सिंह, छवि सिन्हा बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार साहू, मंदिर पुजारी,बजरंग दल सा गौ रक्षा प्रमुख चंदन गोप इत्यादि माताएं बहने राम भक्त उपस्थित थे।

## पत्नी को टांगी से काटकर किया गंभीर रूप से घायल

**गुमला ।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंडरा निवासी बसंत चिक बड़ाइक ने अपनी 35 वर्षी पत्नी सुरभि देवी को टांगी से काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तत्काल घायल महिला को स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक सोमवार की अपराह्न करीब 3:00 बजे पति अपने पत्नी को शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगा। इस पर पत्नी ने कहा कि वह चावल खरीदने के लिए कुछ पैसा रखी है। जिसे वह शराब पीने के लिए नहीं देगी। इसी बात पर वह पत्नी को मारपीट करने लगा। गुस्से में आकर पत्नी ने भी उसे धक्का दे दिया। जिसके बाद पति टांगी उठाकर पत्नी के सिर में मार दिया। वहीं पत्नी जमीन पर गिर गई। जमीन पर रखा एक अन्य टांगी से उसका एक हाथ में भी काफी चोट लगी।

## सड़क दुर्घटना में दंपति की मौत के बाद परिजन से मिले सुखदेव भगत

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड के हरैया गांव से मतदान करने जा रहे दंपतियों की सड़क दुर्घटना में सोमवार को मौत होने के बाद मंगलवार को लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने हरैया गांव पहुंचकर मृतक के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। साथ ही पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सरकारी सहायता दिलाने की बता कही। उन्होंने घटना के प्रति शोक प्रकट करते हुए कहा कि यह बहुत बड़ा दुखदाई घटना है। इसकी भरपाई कर पाना संभव नहीं है भगवान इनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। साथ ही पीड़ित परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। मौके पर सुखदेव भगत ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घर की स्थिति का जायजा लिया और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए सरकारी आवासीय विद्यालय में नामांकन दाखिल कराने की बात कही और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर गुमला जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार भगत लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति के सदस्य आलोक साहू, बिशुनपुर विधानसभा कोऑर्डिनेटर पवन गौतम,बिशुनपुर प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत, अनिल कुमार, फूलदेव उराव, शाहिद अहमद बिल्लू, , महात्मा उरांव, अशोक खेरवार, संजय टाना भगत, कलेश्वर उरांव, पर्वती देवी, कमल उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।



## न्यूज बॉक्स

### सीबीएसई 12वीं में डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों ने मारी बाजी, साक्षी ने जिले में लाया प्रथम स्थान



**प्राचार्य जीपी झा ने सभी छात्रों को उनकी सफलता के लिए दी बधाई**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा के विद्यार्थियों ने न केवल शत प्रतिशत रिजल्ट दिया बल्कि विज्ञान संकाय में कक्षा 12वीं की छात्रा साक्षी भारती ने 95.60% अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा वाणिज्य संकाय में समर्थ कुमार ने 97% अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान तथा पूरे राज्य में छठवां स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा से विज्ञान संकाय में कल 52 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनका परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें नौ विद्यार्थियों ने 90% से ऊपर अंक अर्जित किया तथा 27 विद्यार्थियों ने 75% से 90% के मध्य अंक अर्जित किया। कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय में कुल 19 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनमें दो विद्यार्थियों ने 90% से ऊपर अंक अर्जित किया तथा 9 विद्यार्थियों ने 75% से 90% के मध्य अंक अर्जित किया। कक्षा दसवीं में कुल 186 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। जिम 29 बच्चों ने 90% से अधिक अंक अर्जित किया। तथा 65 विद्यार्थियों ने 75% से 90% के मध्य अंक अर्जित किया। प्राचार्य जीपी झा के साथ समस्त डीएवी विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उनकी विशेष सफलता हेतु बधाई दी तथा आगामी जीवन हेतु शुभकामनाएं व्यक्त की।

### दसवीं के बच्चों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा के कक्षा दसवीं में कुल 186 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा सभी उत्तीर्ण हुए। जिनमें से 29 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक अर्जित किया। जिनमें उत्सव गुप्ता (97.6%), अभिषेक कुमार झा (97.2%), स्नेहल शांडिल्य (96.6 %), कृतिका कुमारी (96.2 %), कृतिका कुमारी व रोशन कुमार (96%), निशा किसपोट्टा (95.6%)' ईशान गुप्ता (95%) , तनु गुप्ता (94.8%), कुमारी अंतरा व गगनदीप (94.6%) , मीनाक्षी कुमारी (94.4%) अंक अर्जित किए। प्राचार्य जी पी झा के साथ समस्त डीएवी विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उनके द्वारा कठिन परिश्रम कर सफलता प्राप्ति हेतु ढेर सारी बधाई व भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

### तनु कुमारी 12वीं कला में राज्य के टॉप टेन में



**गुमला ।** सीबीएसई दसवीं तथा बारहवीं की परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने जिला ही नहीं राज्य में परचम लहराया है और विद्यालय का नाम रोशन किया है। बारहवीं कला में तनु कुमारी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्टेट टॉप टेन में अपनी जगह बनायी है। साथ ही वह बारहवीं कला संकाय की ज़िला टापर भी है। उसकी सफलता से विद्यालय परिवार अभिभूत है। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहू ने तनु को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्कृत में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली यह बच्ची संस्कृत के क्षेत्र में करियर बनाना चाहती है और समाज को एक नई दिशा देना चाहती है। ऐसे बच्चे वाकई इस देश की धरोहर हैं।

### वोट देकर घर लौट रहे वृद्ध को बाइक ने मारी टक्कर, घटना स्थल पर हुई मौत

**गुमला ।** गुमला लोहरदगा रोड स्थित चंदाली के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार ने सामने से वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दिया। घटनास्थल पर ही वृद्ध की मौत हो गई। वहीं बाइक चालक तेजी से घटना स्थल से फरार हो गया। जानकारी पर गुमला थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंच वृद्ध के शव को सदर अस्पताल पहुंचाई। जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।जानकारी के मुताबिक कुसुम टोली थाना सिसई निवासी 67 वर्षीय पतरस एक्का पिता एंथोनी एकका पत्नी के साथ चंदाली गांव में भाड़े के मकान में रहता है। उनकी कोई संतान नहीं है।वही उसकी पत्नी कार्मिला एक्का के साथ वोट देने जोड़ा डांड गांव गया था। वोट देकर दोनों वापस लौट रहे थे कार्मिला को कुछ काम था वह बोली तुम आगे आगे जाओ मैं पीछे से आती हूं। इसके बाद यह घटना हुई। फिलहाल शव को सदर अस्पताल के शव गृह रखा गया है। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### वोट देकर लौट रही गर्भवती छतरपुर के समीप बाइक से गिरकर हुई घायल, रिम्स रेफर

**गुमला ।** वोट देकर घर लौटने के क्रम में छतर पुर के समीप बाइक का पिछला चक्का में दुपट्टा के फंसने से विवाहिता बाइक से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई। घटना में सिर ,पीठ और गला में गंभीर चोट लगी। दुपट्टा से उसके गले में गंभीर चोट लग गया उसका गला दुपट्टा से दब गया था वही कुछ और देर होने पर उसकी जान भी जा सकती थी।तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र चैनपुर ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गुमला रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक टीन टांगर चैनपुर निवासी अजीत नायक और उसकी पत्नी 19 वर्षीय सुजाता लकड़ा वोट देने गए थे। जिसके बाद कुछ काम से चैनपुर की ओर आ रहे थे। तभी छतरपुर के समीप विवाहिता का दुपट्टा बाइक के पिछला चक्का में फस गया और वह सड़क पर गिर गई और काफी दूर घसीटती रही। वह छह माह की गर्भवती भी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार तीन युवक गंभीर रूप से हुए घायल

**गुमला ।** पालकोट बसिया रोड में अज्ञात वाहन ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत दमकारा टुकु टोली निवासी अमृत सोरेन, दीपक सोरेन और संदीप सोरेन गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत तीनों घायलों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना सोमवार की रात 7:00 बजे की है तीनों घायलों को रात 9:00 बजे सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक दो युवक स्कूटी से दीपक को छोड़ने बसिया जा रहे थे। तभी पीछे से अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। वही सदर अस्पताल में इलाज रत अमृत की स्थिति गंभीर बनी हुई है, उसे सिर चेहरा व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है।

## विज्ञान में शारदा कुमारी 88, खुशी गुप्ता 82 तथा पूनम कुमारी 81 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम किया रोशन

# 10वीं की परीक्षा में जेएनवी की छात्रा सिमरन सोनी बनी विद्यालय टॉपर





**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा–लोहरदगा।** सीबीएसई के 10 वीं और 12 वी के रिजल्ट में प्रखंड क्षेत्र स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना के छात्र छात्राओं ने परचम लहराते हुए सफलता हासिल किया है। वही सीबीएससी 10 वी में 73 व 12 वी 72 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया था.जिसमे सिमरन सोनी 91.6% अंक लेकर विद्यालय टॉपर बनी और मिल्की कुमारी 90.4% तथा फरहाना खातून 87.8% विद्यालय का रिकार्ड कायम रखा है। वही विज्ञान में शारदा कुमारी 88%, खुशी कुमारी गुप्ता 82 % तथा पूनम कुमारी 81 % प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। कॉमर्स में अर्पित बागे 79%, रजनीकान्त सिंह 74% तथा गौरव कुमार 73 % अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने सभी सफल छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि 10 वी 12 वी की परीक्षा में छात्राओं ने और कॉमर्स में छात्रों ने बाजी मारा है। विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राएँ मेधावी हैं.वही 10 वी की परीक्षा में 73 छात्र छात्राओं में 63 प्रथम श्रेणी में और 10 द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त किये हैं। 12 वी की परीक्षा में 72 छात्र छात्राओं में 67 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी और 5 छात्र छात्रा द्वितीय से उतीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वही विद्यालय की छात्रा पूजा कुमारी को भी 73 % अंक प्राप्त हुआ है। सीबीएससी बोर्ड का परिणाम आने पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य के लिये कामना की गई।

## सीबीएसई 10वीं में यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल का नतीजा शत-प्रतिशत रहा



**भंडरा ।** सीबीएसई के 10वीं के नतीजों में यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल नवडिहा ने सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय के सभी मेधावी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफल होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। नतीजे आने के बाद यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में उल्लास के माहौल के बीच जश्न मनाया गया। जिसमें विद्यालय परिवार की ओर से मेधावी सम्मानित किए गए। विद्यालय के अक्षय कुमार ने 90.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना वही अंकुर अभिनव ने 87.2 प्रतिशत, आयुष भगत ने 87 प्रतिशत, प्रिंस साहू ने 86.4 प्रतिशत, रूपा कुमारी ने 84.4 प्रतिशत , क्रिसलय गुप्ता ने 83.8 प्रतिशत, खुशी भगत ने 81.6 प्रतिशत , नेहा कुमारी ने 77.8 प्रतिशत,महफूज अंसारी ने 72.2 प्रतिशत व सूरज उरांव ने 66.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इस मौके पर रामलाल कुमार,मुस्ददिक अंसारी,नूतन कुमारी,कुसुम कुमारी,काजल,रेखा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## आंधी में सिसई के लकेया गांव में घर का छप्पर उड़ा

**सिसई।** प्रखण्ड क्षेत्र के लकेया गांव निवासी प्रहलाद ठाकुर के घर का छप्पर आंधी तूफान में उड़कर क्षतिग्रस्त होने से उसके परिवार को रहने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस बावत पीड़ित प्रह्लाद ठाकुर ने बताया कि वह गरीब आदमी है। रिक्सा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार को आए आंधी तूफान में उसका पूरे घर जा एसवेस्ट्स को उड़ा ले गया। बारिस की पानी से घर मे रखे बिस्तर व अनाज खराब हो गया है। पीड़ित ने प्रशासन से मुवावजा की गुहार लगाई है।

## 10वीं की परीक्षा में 217 विद्यार्थियों में 181 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

**गुमला ।** सीबीएसइ 10वीं की परीक्षा के परिणाम भी आ गए हैं और इस परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का परचम लहराया है। विद्यार्थियों के रिजल्ट पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. रमाकांत साहू ने जानकारी दी कि सीबीएसइ 10 वीं की परीक्षा में 217 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनमें 181 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए. 42 विद्यार्थियों ने 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किया वहीं 51 विद्यार्थियों ने 80-90 के बीच अंक प्राप्त किया. विनीत आनंद 96.6%, अंश अस्मित 96.4%, अस्मिता प्रिया 96.4%, प्रेयसी वैदेही 96.4%, शुभम पटनायक 95.8%, समीक्षा साहू 95.2%, अक्षत राज 94.8%, कुमार श्रेयान्स 94.8%, धिमंत कुमार ओहदार 94.8%, ईशा उराँव 94.6%, विद्यासागर साहू 94.6%, देवांशी दर्शना 94.4%, सौम्या रानी 93.8%, अनुकल्प राज 93.6%, आदित्य अरमान गुप्ता 93.6%, अभिषेक गुप्ता 93.2%,सौरभ प्रसाद साहू 93.2%अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम बढ़ाया।

# कल्पना की रैली कैमरे की नजर से






**कल्पना को सुनने बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीण गिरिडिह।** तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में इंडी गठबंधन की ओर से आयोजित जनसभा में कल्पना मुर्मू सोरेन को सुनने के लिए लोगों की काफी भीड़ जुटी थी। हालांकि कार्यक्रम स्थल पर वे निर्धारित समय सीमा से लगभग एक घंटे देर से पहुंची। कड़ी धूप होने के बावजूद भी हजारों की संख्या में लोग जुटे थे। उड़नखटोले से उनकी एंट्री होते ही पूरा मैदान भर गया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने उम्मीदवार विनोद सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, कोडरमा लोकसभा उम्मीदवार विनोद सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### गांधी मैदान से पंदनाटांड के व्यक्ति की बाइक हुई चोरी

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गाँधी मैदान में मंगलवार को इंडी गठबंधन की आयोजित जनसभा में शामिल होने आए पंदनाटांड निवासी 45 वर्षीय अनिल हेमब्रम की बाईक चोरी हो गई। इस संबंध में मंगलवार की शाम तिसरी थाना में आवेदन दिया। अनिल हेमब्रम ने बताया कि वे बाईक से गाँधी मैदान में आयोजित जनसभा में शामिल होने आए थे। इस दौरान मुख्य सड़क किनारे बाईक खड़ी कर वे जनसभा देखने चले गए।जनसभा समाप्त होने के बाद जब वे वापस आए तों उनकी बाईक वहां नहीं थी। उन्होंने आस - पास खड़े लोगों से भी पूछा लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। जिसके बाद इन्होंने तिसरी थाने में इसकी लिखित शिकायत की।

### युवक ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर इहलीला की समाप्त



**गिरिडीह।** लोकाय थाना इलाके के मनसाडीह ओपी क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला ओपी क्षेत्र के तिसरो गांव का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मागोमुंडा निवासी 24 वर्षीय जितेंद्र राणा अपने ससुराल मनसाडीह के तिसरो आया हुआ था। इसी बीच रविवार की रात उसने कथित रूप से नशे की हालत में फांसी लगा ली। हालांकि खुदखुशी करने के पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया है। जितेंद्र अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्री को भी छोड़ गया। इधर घटना की जानकारी पर मनसाडीह ओपी प्रभारी अंकित कुमार दलबल के साथ तिसरो गांव पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। इधर परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है।

# खिरोद के ग्रामीणों के वोट बहिष्कार के ऐलान के बाद प्रशासन ने लिया मामले का संज्ञान

## तिसरी बीडीओ, सीओ पहुंचे खिरोद गांव, दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत गुमगी पंचायत के खिरोद गांव की जनता द्वारा बीते दिनों वोट बहिष्कार के एलान के बाद प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लिया है। सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार और अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष मो. मुन्नीबुद्दीन खिरोद गांव पहुंचे। जहाँ उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी मुख्य समस्या से अवगत हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि यह गांव एक पुल के अभाव में टापू बना पड़ा है। गांव को शिक्षा,स्वास्थ्य,यातायात जैसी तमाम सुविधाओं से जोड़ने के लिए नारायण नदी पर पुल निर्माण की आवश्यकता है। जिसको लेकर



वे लोग वर्षों से जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे हैं लेकिन किसी भी जन प्रतिनिधि ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

लिहाजा उन्होंने अंततः वोट बहिष्कार का निर्णय लिया। लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों को समझाया साथ ही बताया कि पुल निर्माण को लेकर इस स्थान का सर्वे हुआ है,डीपीआर प्रक्रिया में है। योजना स्वीकृति के बाद कार्य प्रारम्भ होगा। इसके लिए वे अपनी ओर से भी पहल करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों के बीच चुनाव को लेकर आमंत्रण पत्र भी दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पहले तो आमंत्रण पत्र लेने से मना कर दिया फिर पदाधिकारीयों के समझाने - बुझाने के बाद कुछ ग्रामीणों ने आमंत्रण पत्र स्वीकार कर लिया। इस संबंध में बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि पुल की समस्या को लेकर जनता में आक्रोश से संबंधित समाचार प्रकाशित हुई थी।

जिसके लिए ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया साथ ही बताया गया कि पुल निर्माण का कार्य प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने प्रशासन के ऊपर भरोसा जताया है, उन्होंने मतदान में भाग लेने की सहमति भी दी है, लोगों ने मतधिकार प्रयोग करने का संकल्प लिया है। कहा कि ग्रामीणों के इस समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसके निराकरण का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वोट देना एक जिम्मेवार नागरिक का कर्तव्य है।

### सहायक आयुक्त उत्पाद और सब इंस्पेक्टर निलंबित

**जमशेदपुर।** सहायक आयुक्त उत्पाद रामलीला रबानी और सब इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार निलंबित जमशेदपुर सहायक आयुक्त उत्पाद रामलीला रबानी और सब इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया गया है. जमशेदपुर डीसी अनन्य मित्तल द्वारा चुनाव के दौरान नकली शराब, पानी मिला हुआ शराब और ओवर प्राइस मामले में सहायक आयुक्त उत्पाद रामलीला रबानी और अवर निरीक्षक सतेंद्र कुमार को निलंबित करने की अनुशंसा उत्पाद सचिव से की गई थी।

## न्यूज बॉक्स

### लोकसभा सीट के लिए होम वोटिंग शुरू

**जमशेदपुर ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाताओं (85+) एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग के माध्यम से वोट कराए जा रहे हैं. घाटशिला प्रखंड के मसांग टुडू, जिनकी बूथ संख्या 188 है, उन्होंने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया. जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 226 मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया था. सभी छह विधानसभा क्षेत्र के 85+ आयु एवं कम से कम 40 फीसदी दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रथम चरण में 14-19 मई तक एवं दूसरे चरण में 21-22 मई तक होम वोटिंग माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराया जाएगा.इसी क्रम में मतदान कर्मी मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान करा करा रहे हैं. बता दें कि 25 मई को जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है. इसके लिए 25 प्रत्याशी मैदान में है. वहीं जमशेदपुर लोकसभा सीट के छह विधानसभा क्षेत्रों में 18 लाख से ज्यादा वोटर है जो मतदान करेंगे।

# महिला कॉलेज के स्ट्रांग रूम में 14 प्रत्याशियों का भाग्य हुआ बंद



**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

सोमवार रात से ही निर्वाचन दल अपने मतदान केंद्रों से लौटे और सभी ईवीएम को स्ट्रॉन्ग रूम में रखवाया गया. सोमवार दिन रात तक ईवीएम आता रहा. मंगलवार सुबह तक सभी एवं पहुंच गया जिसके बाद राजनीतिक दल के पदाधिकारी के सामने सील कर दिया गया. ईवीएम महिला कॉलेज के स्ट्रांग रूम में सील किया. मनोहरपुर क्षेत्र के मतदान केंद्र के पदाधिकारी मंगलवार सुबह ही पहुंचे. वरिष्ठ अफसरों की मौजूदगी में यह कार्यवाही की गई. मालूम हो कि सिंहभूम लोकसभा सीट के अंदर 6 विधानसभा के मतदान केंद्र आते हैं. इसमें मनोहरपुर विधानसभा, जगन्नाथपुर विधानसभा, मझगांव विधानसभा, चक्रधरपुर विधानसभा, चाइबासा विधानसभा और सरायकेला विधानसभा शामिल है. पूरे लोकसभा क्षेत्र में 1712 मतदान केंद्र बनाए गए थे. पूरे लोकसभा में 70.50% मतदान हुए. लोकसभा चुनाव में कुल 14 प्रत्याशी शामिल है. 14 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया. इस दौरान आब्जर्वर के अलावा उपयुक्त कुलदीप चौधरी, एसपी आशुतोष शहर समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। महिला कॉलेज में सील ईवीएम मशीन 4 जून को खुलेगा। महिला कॉलेज के एक भाग तरफ दीवार को बंद कर दिया गया. ताकि कोई भी अंदर प्रवेश न कर सके. साथ ही पूरी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई. 50 से अधिक फोर्स ईवीएम मशीन के इर्द-गिर्द तैनात रहेंगे. इसके अलावा दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति किया गया. चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है, ताकि किसी तरह की घटना घटित ना हो।

### जुगसलाई में पानी के लिए हाहाकार, नगर परिषद के समक्ष प्रदर्शन

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के लोगों को इन दिनों पेय जल समस्या से जूझना पड़ रहा है. स्थिति दिन प्रतिदिन विकराल होती जा रही है. वहीं पानी की आपूर्ति बाधित होने से स्थानीय लोगों ने जुगसलाई नगर परिषद के समक्ष प्रदर्शन करते हुए समस्या के समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी. प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि विगत 2 महीने से जुगसलाई के सफीगंज मोहल्ले में सप्लाई पानी की आपूर्ति नहीं होने पर कई बार स्थानीय लोगों ने जुगसलाई नगर परिषद के समक्ष प्रदर्शन किया. आननफानन में पेयजल विभाग द्वारा समस्या के समाधान के तौर पर आरपी पटेल स्कूल रोड स्थित पाइप लाइन में वाल्व लगाकर मोहल्ले में जलापूर्ति की जा रही है. जिससे मोहल्ले के लोगों की परेशानी कुछ हद तक दूर हुई पर आर पी पटेल स्कूल रोड के लोगों की समस्याएं बढ़ गई, स्थिति इतनी विकराल हो गई है कि लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं. ऐसे में आरपी पटेल स्कूल रोड छपरहिया मोहल्ला के लोगों नगर परिषद का घेराव करने पहुंचे है।

# सारंडा से ईवीएम व वीवीपैट के साथ मतदानकर्मी हेलीकॉप्टर से रवाना

## वोटिंग से संबंधित सारे मशीनों को चाईबासा स्थित स्ट्रौंग रुम में सुरक्षित रखा जायेगा



**किरीबुरु।** नक्सल प्रभावित सारंडा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के बाद आज करमपदा, मेघाहातुबुरु, थोलकोबाद स्थित हेलिपैड से वायुसेना के हेलीकॉप्टर द्वारा सारे मतदान कर्मियों को ईवीएम व भीभीपैट मशीन के साथ सुरक्षित चाईबासा भेजा गया.वायुसेना का उक्त हेलिकौप्टर सबसे पहले करमपदा से तथा उसके बाद मेघाहातुबुरु से सारे मतदान कर्मियों को लेकर उड़ान भरा. वोटिंग से संबंधित सारे मशीनों को चाईबासा स्थित स्ट्रौंग रुम में सुरक्षित रखा जायेगा।

# माइका चुनने के दौरान खदान धंसा, मासूम बच्चे की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह गावां थाना क्षेत्र के तराई में माइका खदान धसने से एक मासूम की मौत हो गई। बताया जाता है कि तराई गांव के दक्षिण सकरी नदी के बगल पहाड़ी के पास विगत कुछ माह से माइका का उत्खन्न जेसीबी व मजदूरों की मदद से किया जा रहा था। सूत्रों से पता चला है कि मंगलवार की दोपहर लगभग 3 बजे चाल धसने से बच्चा मलवे में दब गया।



आनन फानन में अवैध उत्खनन करने वाले लोग शव को वहां से निकाल कर गायब कर दिया। हालांकि मृत बच्चे का फोटो सोशल मिडिया में वारयल हुआ है। घटना की सूचना पर गावां थाना प्रभारी महेश चंद्र के निर्देश पर एसआई प्रवेश चौधरी गांव पहुँचकर लोगो से पूछताछ की। लेकिन कोई भी कुछ बताने से परहेज कर रहा था। घटना स्थल कर काफी संख्या में पैरों के निशान मौजूद थे। जबकि जेसीबी से ताजा उत्खनन का निशान भी साफ दिख रहा था। वहीं पता चल रहा है कि मृत बच्चा खदान संचालक का ही परिवार का कोई सदस्य था। समाचार लिखे जाने तक पुलिस शव को बरामद नही कर पाई थी। वहीं जांच पड़ताल किया जा रहा था।


"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतुवृहत्तरसहभागिता"

**समाहरणालय, लातेहार**

(निर्वाचन शाखा)

**आम-सूचना**

लोकसभा आमचुनाव– 2024 के क्रम में मतदान कर्मियों/पुलिस कर्मियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिलान्तर्गत कुल 44 मतदान केन्द्रों के रिलोकेशन हेतु प्रेषित प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 64/ES-I/JKD-HP/2024 दिनांक 11.05.2024 द्वारा सहमति दी गई है, जिसकी सूचना मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 3153 दिनांक 11.05.2024 से प्राप्त है। तदोपरान्त अधोलिखित तालिका के क्रमांक 04 में अंकित मतदान केन्द्रों का मतदान क्रमांक 05 में अंकित भवन/मतदान केन्द्र पर दिनांक 20.05.2024 को सम्पन्न होगा, जिसकी विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| SN | Name of PC | Name of AC | No. & Name of Present Location of the PS | | Proposed Location of the PS | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | PS No. | PS Name | PS No. | PS Name |
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | |
| 1 | 04 Chatra | 73 Manika | 46 | U.H.S. Saidup | 44 | U.H.S. Morwaikala E. Part |
| 2 | 04 Chatra | 73 Manika | 47 | U.H.S. Saidup W. Part | 45 | U.H.S. Morwaikala W. Part |
| 3 | 04 Chatra | 73 Manika | 48 | U.M.S. Bere | 50 | U.H.S. Lat |
| 4 | 04 Chatra | 73 Manika | 55 | P.S.Ladi | 56 | M.S.Mundu |
| 5 | 04 Chatra | 73 Manika | 57 | U.M.S. Haratu | 56 | M.S.Mundu |
| 6 | 04 Chatra | 73 Manika | 59 | U.M.S. Amwatikar | 58 | U.M.S. Ganeshpur |
| 7 | 04 Chatra | 73 Manika | 60 | Panchayat Bhawan Nawadih | 63 | U.M.S. Hehegara |
| 8 | 04 Chatra | 73 Manika | 64 | P.S. Chungru | 63 | U.M.S. Hehegara |
| 9 | 04 Chatra | 73 Manika | 65 | P.S.Chungru W. Part | 63 | U.M.S. Hehegara |
| 10 | 04 Chatra | 73 Manika | 206 | U.M.S. Kodag | 205 | U.M.S. Tupukhurd |
| 11 | 04 Chatra | 73 Manika | 211 | M.S. Piri | 212 | UPGRADED PRIMARY SCHOOL KARITOLA |
| 12 | 04 Chatra | 73 Manika | 219 | P.S. Banduwa | 218 | U.M.S. Lai |
| 13 | 04 Chatra | 73 Manika | 226 | U.M.S. Baribandh | 225 | Samudayik Bhawan Kabari |
| 14 | 04 Chatra | 73 Manika | 232 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL SURKUMI | 230 | UPGRADED +2 HIGH SCHOOL GARU SOUTH PART |
| 15 | 04 Chatra | 73 Manika | 233 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL KUJRUM | 235 | New P.S. Dergaon |
| 16 | 04 Chatra | 73 Manika | 236 | PRIMARY SCHOOL HENAR | 234 | UPGRADED HIGH SCHOOL BARESANDH |
| 17 | 04 Chatra | 73 Manika | 240 | R.P.S.Banduwa | 239 | R.P.V. Chetma |
| 18 | 04 Chatra | 73 Manika | 249 | M.S. Dauna | 245 | P.S. Maunadih |
| 19 | 04 Chatra | 73 Manika | 250 | P.S. Durup (Old Building) | 245 | P.S. Maunadih |
| 20 | 04 Chatra | 73 Manika | 251 | P.S. Adhe | New | P.S. Batuatoli |
| 21 | 04 Chatra | 73 Manika | 254 | P.S. Vrijiyatoli | 252 | R.H.S. Netarhat E. Part |
| 22 | 04 Chatra | 73 Manika | 255 | P.S. Sirsi | 253 | R.H.S. Netarhat W. Part |
| 23 | 04 Chatra | 73 Manika | 256 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL JAMDIH | 241 | GOVERNMENT MIDDLE SCHOOL SARNADIH |
| 24 | 04 Chatra | 73 Manika | 257 | U.M.S. Kukudpath | 260 | M.S. Orsa E. Part |
| 25 | 04 Chatra | 73 Manika | 258 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL CHIROPATH EAST PART | 260 | M.S. Orsa E. Part |
| 26 | 04 Chatra | 73 Manika | 259 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL CHIROPATH WEST PART | 260 | M.S. Orsa E. Part |
| 27 | 04 Chatra | 73 Manika | 262 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL SURKAI | 260 | M.S. Orsa E. Part |
| 28 | 04 Chatra | 73 Manika | 263 | P.S. Parewa (Old Building) | 264 | U.H.S. Chatakpur E. Part |
| 29 | 04 Chatra | 73 Manika | 298 | M.S. Champa | 297 | P.S. Putrungi E. Part |
| 30 | 04 Chatra | 73 Manika | 317 | P.S. Mail | 321 | P.S. Chormunda |
| 31 | 04 Chatra | 73 Manika | 318 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL BELWAR | 307 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL CHUTIYA |
| 32 | 04 Chatra | 73 Manika | 319 | U.M.S. Arahans | 321 | P.S. Chormunda |
| 33 | 04 Chatra | 74 Latehar | 29 | U.M.S. Indua | 33 | M.S. Latu |
| 34 | 04 Chatra | 74 Latehar | 30 | UPG MIDDLE SCHOOL HERANHOPA | 31 | M.S. Balubhang N. Part |
| 35 | 04 Chatra | 74 Latehar | 174 | U.M.S. Sohdag | 175 | U.M.S. Kaima |
| 36 | 04 Chatra | 74 Latehar | 260 | U.M.S. Peshrar | 256 | U.P.S. Batatkhurd (Old Building) |
| 37 | 04 Chatra | 74 Latehar | 295 | U.P.S. Tilaiyadamar | 292 | R.U.M.S. Chakala W. Part |
| 38 | 04 Chatra | 74 Latehar | 322 | P.S. Gardag | 321 | U.M.S. Chiro |
| 39 | 04 Chatra | 74 Latehar | 323 | R.K.P.S. Boda | 324 | U.M.S. Lukuiya |
| 40 | 04 Chatra | 74 Latehar | 326 | R.P.S. Haka E. Part | 325 | U.H.S. Hutap |
| 41 | 04 Chatra | 74 Latehar | 327 | R.P.S. Haka W. Part | 325 | U.H.S. Hutap |
| 42 | 04 Chatra | 74 Latehar | 353 | R.P.S. Ara | 348 | R.K.U.M.S. Dudhimati |
| 43 | 04 Chatra | 74 Latehar | 356 | U.P.S. Jamuari | 358 | R.M.S. Betar Nawatar |
| 44 | 04 Chatra | 74 Latehar | 357 | R.U.M.S. Madma | 358 | R.M.S. Betar Nawatar |

जिलान्तर्गत सभी राजनीतिक दलों के पदधारक/प्रत्याशियों/सभी संबंधित मतदाताओं/ हितधारको से अपील है कि मतदान दिवस (20.05.2024) को Relocated मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का अवश्यक प्रयोग किया जाय।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 324790 Election (24-25)_D

स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है, संतोष सबसे बड़ा धन है, वफादारी सबसे बड़ा बड़ा संबंध है : गौतम बुद्ध

# किसानों के लिए कृषि और खाद्य नीति बने

**किसानों** के आंदोलनों के केंद्र में राष्ट्रीय व स्थानीय स्तर पर कृषि व खाद्य नीति की बहुत चर्चा होती रही है। इसके बावजूद ऐसी समग्र नीति नहीं बन पाई है, जिसमें सभी जरूरतों का संतुलित समावेश हो सके। ऐसी समग्र नीति में आठ उद्देश्यों का संतुलित निर्वाह होना चाहिए, जो परस्पर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। पहला उद्देश्य तो यह है कि किसानों को, विशेषकर छोटे व मध्यम किसानों को संतोषजनक, टिकाऊ व रचनात्मक आजीविका उपलब्ध हो। संतोषजनक का मतलब उन्हें उपज की उचित कीमत मिले, जिससे जीवन-निर्वाह के अनुकूल आय प्राप्त हो। टिकाऊ का अर्थ आजीविका व इसका आधार भावी पीढ़ी के लिए भी टिका रहे। पानी-मिट्टी जैसी खेती की बुनियादी जरूरतें अच्छी स्थिति में बनी रहें। रचनात्मक का अर्थ खेती-किसानी के ज्ञान का किसान बेहतर उपयोग कर सकें, जिसमें परंपरागत ज्ञान व महिला किसानों की समझ की बड़ी भूमिका है। खर्च और कर्ज में कमी जरूरी है। दूसरा उद्देश्य यह है कि उपभोक्ताओं को ऐसे खाद्य पदार्थ उचित कीमत पर मिलें, जो उन्हें स्वस्थ व नीरोग रखें। तीसरा उद्देश्य यह है कि कृषि व गांव का पर्यावरण अच्छा रहे। भू-जल स्तर ठीक बना रहे, मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति बनी रहे, जल-स्रोत उपलब्ध हों, किसान के मित्र, जो कीट-पतंगे, मधुमक्खियां, पक्षी आदि हैं, उनकी भी रक्षा हो तथा परागण की क्रिया ठीक से हो। सभी गांवों में भरपूर स्थानीय प्रजातियों के वृक्ष रहें। परंपरागत बीजों की रक्षा भी बहुत जरूरी है। चौथा उद्देश्य यह है कि जलवायु बदलाव के मौजूदा दौर में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम रखा जाए और इस कारण उत्पन्न प्रतिकूल मौसमी स्थितियों व आपदाओं का सामना करने की क्षमता विकसित हो। बुरे मौसम व आपदा से किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए पहले से बेहतर तैयारी करनी होगी। यदि ग्रीनहाउस गैसों को नियंत्रित करने का कार्य ठीक से हो, तो इसके लिए विश्व स्तर पर स्थापित कोष से धनराशि प्राप्त की जा सकती है और किसानों को दी जा सकती है। पांचवां उद्देश्य है कि भूमिहीन खेत मजदूरों को बेहतर मजदूरी और जहां संभव हो, कुछ भूमि देकर उनकी सहायता की जाए। इसी तरह प्रवासी मजदूरों की भलाई का भी पूरा ध्यान रखना होगा। विशेषकर डेयरी व पशुपालन, किचन गार्डन आदि के माध्यम से भी इनकी मदद हो सकती है। छठा उद्देश्य है कि खेती के उत्पादों पर आधारित लघु व कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए, क्योंकि केवल खेती से गांव व गांव के लोगों की समृद्धि का मजबूत आधार नहीं बनता है। इससे स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार का सृजन भी होगा। इसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। सातवां उद्देश्य यह है कि देश के विभिन्न भागों की अलग-अलग स्थितियों के अनुसार कृषि विकास की अलग-अलग जरूरतों के अनुकूल नियोजन होने चाहिए। यानी विकेंद्रित स्थानीय जरूरतों के अनुकूल कृषि नीति पर अधिक जोर देना चाहिए। आठवां और अंतिम उद्देश्य यह है कि खेती व ग्रामीण विकास के लिए सरकारों को अपना बजट बढ़ाना चाहिए। एक बार किसानों के कर्ज को माफ कर ऐसी स्थिति उत्पन्न करनी चाहिए कि सस्ती तकनीक अपना कर वे आगे कर्ज से बच सकें। बेशक इन सब उद्देश्यों का एक साथ एक समग्र संतुलित नीति में समावेश चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इस राह पर चलते हुए हम बहुत बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। इन सभी उद्देश्यों में कोई आपसी टकराव नहीं है। इन सभी उद्देश्यों को हम एक साथ एक समय में समावेशी नीति से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही हमें यह ध्यान में रखना पड़ेगा कि जब तक इन नीतियों के साथ कुछ समाज-सुधार के कार्य नहीं जुड़ेंगे, तब तक बेहतर से बेहतर आर्थिक नीतियां भी सफल नहीं होंगी। नशे के विरुद्ध, दहेज के विरुद्ध सशक्त आवाज उठानी होगी। तरह-तरह की उपभोक्तावाद आधारित फिजूलखर्ची को भी कम करना ही होगा। आज की दुनिया में शॉर्ट-कट बहुत पसंद किए जाते हैं। ऐसे में, आश्चर्य नहीं कि इतने महत्वपूर्ण मुद्दों को छोड़कर प्रायः सतही तौर पर एक-दो उद्देश्यों या फामूलों पर चर्चा होती रही है। लेकिन सही व टिकाऊ समाधान तभी मिलेंगे, जब इनके लिए समग्र नीतियां बनेंगी, जब अल्पकालीन हितों के साथ दीर्घकालीन हितों पर भी ध्यान दिया जाएगा।

इन दिनों

# चुनाव परिणाम की आहट हैं शेयर मार्केट में



शशांक भारद्वाज

**पूरे सप्ताह में एफआईआई ने 21616 करोड़ के शेयर नकद संभाग में बेचे। ये अभी के कुछ सप्ताहों में बहुत बड़ी बिकवाली थी। गुरुवार को निफ्टी 345 अंक लुढ़क गया। शुक्रवार को पहला शक्तिशाली प्रतिकार दिखा जब निफ्टी उस दिन की आरंभिक दुर्बलता पर विजय पा 98 अंक चढ़ा। ये भी तब जब शुक्रवार को भी एफआईआई ने नकद संभाग में 2117 करोड़ के शेयर बेचे। यह पहला दिन था जब पिछले सप्ताह में डीआईआई ने एफआईआई की तुलना के अधिक राशि की खरीदारी की।**

**भारतीय** शेयर मार्केट में पिछला सप्ताह बिकवाली का रहा। इसका एक प्रमुख कारण एक वर्ग विशेष, एफआईआई के द्वारा लोकसभा चुनाव परिणाम के महत्वपूर्ण घटनाक्रम के पूर्व लाभ को ले लेना रहा। यद्यपि सर्वेक्षण, रुझान, राजनीतिक समीकरण मोदी की बड़ी जीत का पूरा संकेत कर रहे फिर भी कुछ निवेशक शेयरों को बेच अपना लाभ ले जा थोड़ा सुरक्षित होने की प्रवृत्ति दर्शा रहे हैं। जो बड़े शेयर बहुत बढ़ गए थे उनके भी बड़ी गिरावट प्रॉफिट बुकिंग देखी का रही है। टाटा मोटर्स, डीएलएफ, रिलायंस, बीएसई इत्यादि उदाहरण हैं पिछले सप्ताह सोमवार की निफ्टी में गिरावट तो मात्र 34 अंको की रही परंतु अपने आरंभिक स्तर 22561 से निफ्टी 119 अंक नीचे बंद हुआ। निफ्टी खुला भी 81 अंक तेज था। परंतु इस उछाल को बेचा गया। इससे जो गिरावट का क्रम आरंभ हुआ वो गुरुवार तक चला। इसके एफआईआई की बड़ी तथा आक्रामक बिकवाली की भी प्रमुख भूमिका रही। पिछले सोमवार को उन्होंने नकद संभाग में 2168 करोड़ रुपए की बिकवाली की तथा यहीं नहीं रुके। पूरे सप्ताह में एफआईआई ने 21616 करोड़ के शेयर नकद संभाग में बेचे। ये अभी के कुछ सप्ताहों में बहुत बड़ी बिकवाली थी। गुरुवार को निफ्टी 345 अंक लुढ़क गया। शुक्रवार को पहला शक्तिशाली प्रतिकार दिखा जब निफ्टी उस दिन की आरंभिक दुर्बलता पर विजय पा 98 अंक चढ़ा। ये भी तब जब शुक्रवार को भी एफआईआई ने नकद संभाग में 2117 करोड़ के शेयर बेचे। यह पहला दिन था जब पिछले सप्ताह में डीआईआई ने एफआईआई की तुलना के अधिक राशि की खरीदारी की। डीआईआई ने शुक्रवार को 2709 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। इससे गिरावट पर रोक लगी। अर्थव्यवस्था, आर्थिक आर्थिक स्थिति तो बहुत अच्छी है, ऐसे में गिरावट का बड़ा कारण लोकसभा के चुनाव ही लगते हैं। आईएमएफ ने वर्ष 2025 में भारत के चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भविष्यवाणी की है। औद्योगिक गति अच्छी है। घर ,वाहन अच्छे बिक रहे हैं। म्यूचुअल फंड में अप्रैल 24 में 20371 करोड़ रुपए निवेश का नया कीर्तिमान बना। इन अच्छे समाचारों के पश्चात भी भारतीय शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट रही। लोकसभा चुनावो के पहले भारतीय शेयर मार्केट बड़ी तेजी में आ गया था। बहुत से शेयर विशेष में कई गुना की तेजी आ गई थी। अतः जब लोकसभा के चुनाव प्रारंभ हुए तो विदेशी तथा घरेलू निवेशक अच्छे लाभ में थे, उन्होंने लाभ ले लेना आरंभ कर दिया। अभी भारतीय शेयर मार्केट एक पृथक सा मार्केट बना हुआ है। क्रूड के भाव नीचे हैं, मुद्रास्फीति ढलान पर है, अच्छे मानसून की भविष्यवाणी है, यूएस के डाउ सूचकांक में लगातार 8 दिनों तक तेजी रही, विश्व के अन्य मार्केट भी अच्छे रहे परंतु भारतीय मार्केट गिरे। सामान्यतया ऐसा नहीं होता था। एफआईआई ने मई में अभी तक 29474 करोड़ रुपए के शेयर नकद संभाग में बेच डालें हैं। परंतु लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद उनका बड़ा निवेश आने की संभावना है क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था शक्तिशाली है, शक्तिशाली बनी रहेगी। अभी की गिरावट का लाभ उठा अच्छे शेयरों को इक्कठा कीजिए। बड़ा लाभ बन सकता है। मोदी 3.0 में बहुत बड़ी आर्थिक प्रगति होनी निश्चित ही है। 22000 की निफ्टी भारतीय शेयर मार्केट के लिए बहुत उचित स्तर पर है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### हिन्दू विवाह पवित्र संस्कार : सिर्फ नाच गाना पार्टी नहीं !



मनोज कुमार अग्रवाल

**देश** के अधिकांश हिस्सों में हिन्दू समाज के कुछ वर्गों खासकर एलीट और सम्पन्न समझे जाने वाले लोगों द्वारा विवाह आयोजन में जिस तरह का वैभव प्रदर्शन अनाप शनाप खर्च सैकड़ों तरह के व्यंजन डीजे पार्टी आयोजित की जा रही है उन सबके बीच विवाह का संस्कार परंपरागत सप्तपदी के फेरे रस्में सेकेंडरी यानी गौण बनती जा रही है। जबकि सबसे महत्वपूर्ण अग्नि के समक्ष वर वधू के फेरे और जन्म जन्मांतर साथ निभाने के वचन ही हैं जिनके लिए तमाम छोटा या बड़ा विवाह समारोह आयोजित किया जाता है। इन दिनों दक्षिण में विवाह की रस्म कराते कर्म कांडी पुरोहित के साथ अभद्र मजाक बनाने का विडियो वायरल हुआ। यह वायरल वीडियो तो सिर्फ आइना है वास्तव में कुछ लोग विवाह के संस्कार को बहुत हल्के और बेहद गैर गंभीर तरीके से लेने लगे हैं उनका सारा जोर ही खाने पीने डांस और पार्टी हल्ला-गुल्ला पर रहने लगा है इतना ही नहीं वरमाला पर वर वधू का उचकाना यह सब गलत व विवाह संस्कार की मर्यादा का पतन है। हाल ही में देश की शीर्ष अदालत को यदि विवाह जैसे बेहद व्यक्तिगत मामले में परामर्श देना पड़ा है, तो इसका साफ संदेश यही है कि इसके मूल स्वरूप से तेजी से खिलवाड़ हुआ है। कोर्ट को सख्त लहजे में यहां तक कहना पड़ा कि विवाह यदि सप्तपदी यानी फेरे जैसे उचित संस्कार और जरूरी समारोह के बिना होता है तो वह अमान्य ही होगा। निश्चित रूप से अदालत ने यह बताने का प्रयास किया कि इन जरूरी परंपराओं के निर्वहन से ही विवाह की पवित्रता और कानूनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। दरअसल, हाल के वर्षों में विवाह समारोहों के आयोजन में पैसे के फूहड़ प्रदर्शन व तमाम तरह के आडंबरों को तो प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन परंपरागत हिंदू विवाह के तौर-तरीकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। आज से कुछ दशक पूर्व हिंदी फिल्मों में हास्य पैदा करने के लिये विवाह से जुड़ी परंपराओं का जिस तरह का मजाक बनाया जाता था, आज कमोबेश वैसी स्थिति समाज में भी बनती जा रही है। वर-वधू द्वारा अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को शुरू करने के वक्त विवाह के आयोजन में जो शालीनता, गरिमा व पवित्रता होनी चाहिए, उसे खारिज करने की लगातार कोशिशें की जाती रही हैं। यही वजह है कि अदालत को याद दिलाना पड़ा कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह की कानूनी जरूरतों तथा पवित्रता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। जिसके लिये पवित्र अग्नि के चारों ओर लगाये जाने वाले सात फेरे जैसे संस्कारों व सामाजिक समारोह से ही विवाह को मान्यता मिल सकती है। निश्चित रूप से आज विवाह संस्कार की गरिमा को प्रतिष्ठा दिये जाने की जरूरत है। यानी विवाह सिर्फ प्रदर्शन नहीं है। विवाह मजबूरी का समझौता या करार भी नहीं हो सकता। निश्चित रूप से भारतीय जीवन पद्धति में विवाह महज महत्वपूर्ण संस्कार ही नहीं है बल्कि नवदंपति के जीवन के नये अध्याय की शुरूआत भी है। जिसे हमारे पूर्वजों ने बेहद गरिमा व सम्मान के साथ पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया है। आज हम भले ही कितने आधुनिक हो जाएं, विवाह से जुड़ी अपरिहार्य परंपराओं को नजरअंदाज कदापि नहीं कर सकते। आपको बता दें कि सनातन वैदिक परम्परा में विवाह को एक बहुत पवित्र संस्कार माना गया है इस संस्कार के समय वर को विष्णु और वधू को साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। इस संस्कार में विष्णु स्वरूप को एक पिता आदर भाव से पूजा कर उसे लक्ष्मी स्वरूप कन्या सौंपता है। इतना ही नहीं दूसरे धर्मावलंबियों की तरह हिन्दू समाज में विवाह एक समझोता नहीं है वरन जन्म जन्मांतर तक साथ निभाने का वचन है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि + वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है विशेष रूप से (उत्तरदायित्व का) वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे कि विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे कि किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे ले कर और ध्रुव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक संम्बंध से अधिक आत्मिक संम्बंध होता है और इस संम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है। निश्चित रूप से विवाह को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिये पंजीकरण आदि के उपाय इस रिश्ते को अपेक्षित गरिमा देने में विफल ही रहे हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीश को कहना पड़ा कि सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह की गरिमा को नहीं समझा जा सकता। यह भी कि हिंदू विवाह सिर्फ नाचने-गाने तथा पाटीर्बाजी की ही चीज नहीं है, यह एक गरिमामय संस्कार है। उसके लिये सामाजिक भागीदारी वाला जरूरी विवाह समारोह भी होना चाहिए। यानी महज पंजीकरण से विवाह की वैधता पर मोहर नहीं लग जाती। निस्संदेह, निष्कर्ष यही है कि पैसा पानी की तरह बहाकर तमाम तरह के आडंबरों को आयोजित करने के बजाय विवाह के मर्म को समझना होगा। इसके बावजूद देशकाल व परिस्थितियों के अनुरूप विवाह पंजीकरण की जरूरत को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। हमें यह भी स्वीकारना होगा कि 21वीं सदी का भारतीय समाज बदलते वक्त के साथ नई चाल में ढला है।

राजनीति

# लोकसभा चुनाव के दौरान रंगभेद की राजनीति



सुरेश हिंदुस्तानी

**लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है।**

**राजनीतिक** दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफरत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है। इसके तारतम्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए हैं, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोट बैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग अलग दुकान खोलकर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दर्शाने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया। यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं। राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफरत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया।

**(ये लेखक निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X-से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में वृद्धि से गरीब वर्ग तक सहायता पहुंचाना हुआ आसान



आर.के. सिन्हा

**आपको** ध्यान होगा कि जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के प्रयास कर रही थी तब कई विपक्षी दलों ने इस नए कर को देश में लागू करने के प्रति बहुत आशंकाएं व्यक्त की थीं। उस समय कुछ आलोचकों का तो यहां तक कहना था कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली देश में निश्चित ही असफल होने जा रही है एवं इससे देश के गरीब वर्ग पर कर के रूप में बहुत अधिक बोझ पड़ने जा रहा है। परंतु, केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रयत्क्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में लागू कर दिया तथा इस कर में लगभग 20 प्रकार के करों को सम्मिलित किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करने के तुरंत उपरांत व्यापारियों को व्यवस्था सम्बन्धी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था। परंतु, इन परेशानियों को केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से धीरे-धीरे दूर कर लिया गया है। आज वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत देश में कर व्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है जिससे देश में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण कुलांचे मारता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। जिस प्रकार मधुमक्खी फूल से शहद कुछ इस प्रकार से निकालती है कि फूल को मालूम ही नहीं पड़ता है, ठीक इसी प्रकार की कर व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा, वस्तु एवं कर सेवा के माध्यम से, देश में लागू करने के प्रयास किये गए हैं। गरीब वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर को या तो शून्य रखा गया है अथवा कर की दर बहुत कम रखी गई है। इसके विपरीत, धनाढ्य वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर बहुत अधिक रखी गई है। वस्तु एवं सेवा कर की दर को शून्य प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत अधिकतम तक रखा गया है। भारत में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू किया हुए 6.5 वर्षों से अधिक का समय हो चुका है एवं आज देश में अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में लगातार हो रही तेज वृद्धि के रूप में इसके सुखद परिणाम स्पष्टतः दिखाई देने लगे हैं। दिनांक 1 मई 2024 को अप्रेल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से सम्बंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

# मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर



**महान** देवी को महादेवी कहा जाता है और माना जाता है कि वे देवताओं की शक्ति हैं। वह जीवन शक्ति है जो दुनिया को जीवंत करती है और उदार और रचनात्मक होने के साथ-साथ बुराई की कट्टर विरोधी भी है और जब बुराई का सामना करती है तो वह महान देवी दुर्गा की तरह एक योद्धा में बदल जाती है। 'देवी' शब्द का सीधा सा अर्थ है देवी और वह सौम्य से लेकर क्रोध तक इसके कई पहलू हैं। देवी प्रकृति की शक्ति की तरह हैं और हिंदुओं ने उनकी कई तरह से कल्पना की है - दयालु मां पार्वती के रूप में, उदार भोजन प्रदाता अन्नपूर्णा के रूप में और साथ ही शक्तिशाली, निर्दयी लड़ाकू दुर्गा के रूप में जो पृथ्वी को बुराई से बचाती है और काली के रूप में भी। क्रोधित और विनाशकारी दोनों। मदुरै की तरह, देवी की पूजा शिव की पूजा के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है क्योंकि वे पुरुष और प्रकृति - आत्मा और प्रकृति के रूप में ब्रह्मांड के केंद्र में हैं। देवी देवताओं की पत्नी भी हैं। वह ब्रह्मा की पत्नी सरस्वती, विष्णु की लक्ष्मी और शिव की गौरी हैं। देवी के कई मिथक और तीर्थ मार्कंडेय और देवी भागवत पुराणों और चंडी और देवी महात्म्य नामक स्तुति पुस्तकों में पाए जा सकते हैं। देवताओं के अपने भक्त होते हैं लेकिन वह देवी ही हैं जिनकी पूजा हर जगह, हर गांव और कस्बे में की जाती है। समस्त सृष्टि की माता के रूप में वह भूमि की आदि देवी हैं।

**(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

# अब व्हाट्सपएप से बिना इंटरनेट के भेजें फोटो और वीडियों

**व्हाट्सएप** दुनिया की सबसे लोकप्रिय इंस्टेंट मैसेजिंग सेवा है। लगभग 2.4 बिलियन लोग इसका उपयोग करते हैं। WhatsApp अपने यूजर्स के लिए एक शानदार फीचर लॉन्च करने वाला है। व्हाट्सएप इस तकनीकी युग में एक अपरिहार्य त्वरित संदेश सेवा के रूप में विकसित हुआ है। व्हाट्सएप्प ने हाल ही में एक बड़ा ऐलान किया है, जिसने लोगों के मन में उत्साह भर दिया है। यह ऐलान यह है कि अब व्हाट्सएप्प पर इंटरनेट कनेक्शन के बिना भी फोटो और वीडियो भेजे जा सकेंगे। यह खबर ज्यादातर लोगों के लिए खुशियों की लहर लेकर आई है, क्योंकि इंटरनेट कनेक्शन की कमी के कारण कई बार लोग व्हाट्सएप्प पर कोई मीडिया फाइल नहीं भेज पाते थे। इस नई सुविधा के बारे में और जानकारी प्राप्त करने के लिए हम इस विषय पर विस्तार से चर्चा करेंगे। व्हाट्सएप दुनिया की सबसे लोकप्रिय इंस्टेंट मैसेजिंग सेवा है। लगभग 2.4 बिलियन लोग इसका उपयोग करते हैं। व्हाट्सएप अपने यूजर्स के लिए एक शानदार फीचर लॉन्च करने वाला है। व्हाट्सएप इस तकनीकी युग में एक अपरिहार्य त्वरित संदेश सेवा के रूप में विकसित हुआ है। इसका उपयोग देश और दुनिया भर में लाखों व्यक्तियों द्वारा किया जाता है। आज व्हाट्सएप का इस्तेमाल सिर्फ मैसेजिंग के लिए ही नहीं बल्कि वीडियो कॉलिंग, फोन कॉलिंग, डॉक्यूमेंट शेयरिंग और पेमेंट के लिए भी किया जाता है। कंपनी प्लेटफॉर्म को और अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए हमेशा नए फीचर्स पेश करती रहती है। अब आप इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता के बिना व्हाट्सएप पर फोटो, वीडियो और दस्तावेज भेज सकते हैं। व्हाट्सएप के विकास पर नजर रखने वाली वेबसाइट whats appinfo के अनुसार, व्हाट्सएप पीपल नियरबाय (People Nearby) नामक एक फीचर विकसित कर रहा है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सुशील मोदी का पार्थिव शरीर पहुंचा पटना, कई दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का पार्थिव शरीर मंगलवार को पटना हवाई अड्डा पहुंचा। प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित प्रदेश भाजपा के कई दिग्गज नेता हवाई अड्डा पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सुशील मोदी का पार्थिव शरीर दोपहर विशेष विमान से पटना पहुंचा। उनके पार्थिव शरीर के पहुंचने के पहले ही भाजपा के कई नेता हवाई अड्डा पहुंच गए थे। पार्थिव शरीर के पहुंचने के बाद नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों में दोनों उप मुख्यमंत्री के अलावा विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, मंत्री मंगल पांडेय, विवेक ठाकुर, नीरज बबलू, मनोज शर्मा, पूनम सिंह सहित बड़ी संख्या में नेता शामिल रहे। यहां से पार्थिव शरीर एक सजे वाहन से रवाना हुआ। पटना पहुंचने के बाद सुशील मोदी का पार्थिव शरीर पहले उनके निजी आवास ले जाया गया। जहां उनके परिजन और लोगों ने अंतिम दर्शन किया। यहां से उनका पार्थिव शरीर भाजपा प्रदेश कार्यालय लाया गाया, जहां पार्टी के लोगों ने उनका अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर विधानसभा होते हुए दीघा घाट लाया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। मालूम हो कि सोमवार को सुशील कुमार मोदी का दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह पिछले कई महीनों से कैंसर से पीड़ित थे।






"वह प्रेरक और मार्गदर्शक थे। वो परिवार के सदस्य थे। उनके जाने से बिहार के करोड़ों लोग अपने परिवार का नुकसान समझते हैं। वो ईमानदार और अच्छे इंसान होने के साथ दोस्तों के दोस्त थे।

**राजीव प्रताप रूडी**



"देश के साथ बिहार का बड़ा नुकसान है। मेरे अनन्य सहयोगी रहे, आज मैं खुद को अकेला महसूस कर रहा हूं। उनके साथ इतनी यादें जुड़ी हैं कि मन बार-बार बोझिल हो जा रहा है।

**अश्विनी कुमार चौबे, भाजपा के वरिष्ठ नेता**



"सुशील मोदी का निधन बहुत ही दुखद खबर है। कल रात में हमें सूचना मिली कि उनका निधन हो गया है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को शांति मिले। इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ हमारी पूरी संवेदना है। लालू से सुशील मोदी का रिश्ता छात्र जीवन से ही रहा है।

**तेजस्वी यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजद नेता**



"सुशील कुमार मोदी के निधन के साथ ही राजनीतिक जगत का चमकता सितारा अस्त हो गया है। कब उजाला आएगा, समझ नहीं आता। उनसे हमारा निजी संबंध रहा है। उनके जाने से 'हम' और हमारा परिवार दुखी है। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें।

**जीतन राम मांझी**



"सुशील मोदी की बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वे जब तक रहे, भाजपा के लिए एक स्तंभ का काम किया। वह गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। वो एक जुझारू किस्म के राजनीतिज्ञ थे और बिहार की राजनीति में उनकी कमी हमेशा खलेगी।

**अखिलेश प्रसाद सिंह**



"सुशील मोदी बेहद सरल और सुलभ राजनेता रहे। उनका राजनीतिक जीवन बेदाग रहा। यह अपूरणीय क्षति है। इसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। हमारे जैसे कार्यकर्ता को उन्होंने आगे बढ़ाने का काम किया। उनके अंदर संगठनात्मक कौशल था, जो सबको साथ लेकर चलते थे।

**विजय सिन्हा, बिहार के उपमुख्यमंत्री**



"वे हमारे लिए प्रेरणास्रोत रहे। वो हमारे अभिभावक और परिवार के सदस्य की तरह थे। उनको हम भावभीनी श्रद्धांजलि देते हैं। वो हमारे पिता रामविलास के साथ हमेशा सहयोगी और साथी की भूमिका में रहे। दोनों की जोड़ी अक्सर चुनाव प्रचार में देखने को मिलती थी। ऐसे में मेरे लिए दोहरी क्षति है।

**चिराग पासवान, लोजपा**



"शोकग्रस्त नेताओं ने दिवंगत सुशील मोदी को किया यादपूर्व उप-मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। बतौर अध्ययनशील नेता उन्होंने सभी विषयों पर व्यापक अध्ययन कर उससे जुड़े विभिन्न पक्षों को लोगों तक पहुंचाया। बिहार को सुशासित बनाने की दिशा में उनका योगदान अमूल्य है।

**सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिहार**



"सुशील मोदी के निधन से बिहार मर्माहत है। उनके निधन से राजनीतिक क्षेत्र में जो शून्य पैदा हुआ है, उसकी भरपाई संभव नहीं है। छात्र जीवन से लेकर अंतिम समय तक समाज ही उनके जीवन में रहा।

**गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री**

## ममता दीदी आपका समय खत्म हो गया : अमित शाह

**एजेंसी। कोलकाता**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मतुआ बहुल क्षेत्र बनगांव में मंगलवार को चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। शाह ने कहा कि ममता दीदी आपका समय खत्म हो गया है। इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा यदि लोकसभा की 30 सीटें जीतीं तो विधानसभा के आगामी चुनाव में राज्य में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

गृहमंत्री शाह ने मौजूदा सांसद एवं भाजपा उम्मीदवार शांतनु ठाकुर के पक्ष में आयोजित जनसभा में कहा कि मतुआ एवं नामशुद्र समुदाय के लोगों ने 2019 में शांतनु ठाकुर को सांसद बनाया तो मोदी के नतृत्व में राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ और 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई। ममता और राहुल गांधी पर एक साथ हमला बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि ममता दीदी और राहुल बाबा दोनों को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन वे नहीं गए। क्योंकि उन्हें अपने वोटबैंक की चिंता थी। उनके वोटबैंक घुसपैठिए हैं जबकि हमारे वोट बैंक यहां आए मतुआ, नामशुद्र समुदाय के लोग



हैं। उन्होंने कहा कि बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा से आए लोग हमारे वोट बैंक हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने कांग्रेस पर दलितों के अधिकारों के हनन का आरोप लगाते हुए कहा कि 2013 से पहले कांग्रेस ने दलित समुदाय के विकास के लिए केवल 41 करोड़ रुपये का आवंटन किया था जबकि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में एक लाख 65 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया। उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम का जिक्र कर कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि नागरिकता अधिनियम को रोक लेंगी। मैं चुनौती देता हूं रोक कर दिखाएं। यह केंद्र का विषय है आपके हाथ में कुछ भी नहीं है। शाह ने लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

## चार चरणों में ही भाजपा जीत चुकी है 270 सीटें : अमित शाह

**कोलकाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में चार चरणों का मतदान पूरा होते ही मोदी को बहुमत मिल चुका है। अमित शाह ने कहा कि इन चार चरणों में 380 सीटों के लिए मतदान सम्पन्न हो चुका है। बंगाल में 18 सीटों पर मतदान हो चुका है। शाह ने दावा किया कि इन 380 में से 270 सीटें जीतकर प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है, आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा, यहां पर (बंगाल में) कटमनी, घुसपैठ, बम धमाके और सिंडिकेट राज, ममता दीदी नहीं बंद कर सकती हैं, इसे सिर्फ मोदी जी ही बंद कर सकते हैं। चिटफंड घोटाले वाले, शिक्षक भर्ती घोटाले वाले, नगरपालिका भर्ती घोटाले वाले, राशन घोटाले वाले, गाय और कोयला तस्करी करने वाले व पैसे लेकर सवाल करने वालों को जेल जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### कंगना का ऐलान-अब फिल्मी दुनिया में नहीं जाऊंगी वापस

**मंडी।** प्रदेश की सबसे बड़ी संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने बड़ा ऐलान कर दिया है। कंगना ने ऐतिहासिक सेरी मंच से ऐलान किया कि अब वह फिल्मी दुनिया में वापस नहीं जाएंगी बल्कि यहीं जनसेवा करेंगी। भाजपा उम्मीदवार और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने मंगलवार को यहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे। नामांकन से पूर्व कंगना ने पड्डल मैदान से सेरी मंच तक रोड शो किया। पड्डल से कंगना रनौत का काफिला भाजपा के झंडों और बैनरों के साथ मंडी शहर की ओर बढ़ा। इस दौरान रनौत के साथ जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, स्थानीय विधायक अनिल शर्मा और भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज भी मौजूद रहे। सेरी में कंगना ने एक रैली को भी संबोधित किया।



### गृह मंत्रालय ने अधिकारी बनकर कॉल करने के मामले जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर अपराधियों द्वारा स्वयं को पुलिस अथवा अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बताकर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल गिरफ्तारियों का दावा करने वालों को लेकर अलर्ट जारी किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि साइबर अपराधियों द्वारा स्वयं को पुलिस अधिकारी, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां का अधिकारी बताकर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल गिरफ्तारियों के संबंध में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। मंत्रालय के अनुसार धोखेबाज आमतौर पर पीड़ित को कॉल कर पार्सल भेजने की बात करते हैं या कहते हैं कि उनका अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु उनके पास है। कभी-कभी, वे यह भी बताते हैं कि पीड़ित का कोई करीबी या प्रिय व्यक्ति किसी अपराध या दुर्घटना में शामिल पाया गया है और उनकी हिरासत में है। ऐसे मामलों समझौता करने के एवज में पैसे की मांग की जाती है। कुछ मामलों में बिना सोचे-समझे पीड़ितों को डिजिटल गिरफ्तारी से गुजरना पड़ता है। और जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे स्काइप या अन्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म पर धोखेबाजों के लिए उपलब्ध रहते हैं। जालसाजों को पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों की तर्ज पर बनाए गए स्टूडियो का उपयोग करने और असली दिखने के लिए वर्दी पहनने के लिए जाना जाता है।




### सत्ता का दुरुपयोग कर रही है भाजपा : सचिन पायलट

**रायबरेली।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि बीजेपी सत्ता का खूब दुरुपयोग कर रही है,जिसके लिए यहां सिंगल और डबल इंजन दोनों लगाए गए हैं। सभी तरह के संसाधनों का इस्तेमाल हो रहा है। लेकिन कुछ भी काम नहीं कर रहा है, लोग पहले ही मन बना चुके हैं। यह बातें पायलट मंगलवार को राहुल गांधी के समर्थन में आयोजित जनसभा के बाद पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि रायबरेली का यह चुनाव धर्म और बिरादरी से आगे जा चुका है। यह अब भविष्य का चुनाव है और रायबरेली के लोग राहुल गांधी को आशीर्वाद देने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि रायबरेली की जनता 20 मई को राहुल गांधी को भारी मतों से जिताएगी।



### नर्मदा नदी के तेज बहाव में डूबे आठ पर्यटक, एक को बचाया

**राजपीपला।** नर्मदा जिले के पोइचा में नर्मदा नदी में मंगलवार को सात नाबालिग सहित आठ लोग पानी की तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक व्यक्ति को बचा लिया गया है, जबकि सात लोग अभी लापता हैं। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मी पानी में बहे लोगों की खोजबीन में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार मूल अमरेली के निवासी और सूरत में रहने वाले 10 लोग नर्मदा जिले के पोइचा घूमने गए थे। इस दौरान इनमें से आठ लोग नर्मदा नदी में स्नान करने लगे। यहां पानी का बहाव काफी तेज था। देखते ही देखते नहा रहे आठों लोग पानी में बह गए। इनमें सात नाबालिग हैं। घटना की जानकारी मिलते ही राजपीपला शहर पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

### भाजपा प्रत्याशी ने राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग से की शिकायत

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करते हुए वैधानिक कार्यवाही की मांग की है। भाजपा प्रत्याशी ने मंगलवार को पत्रकारों से बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता गांव-गांव एक गारंटी कार्ड वितरित कर रहे हैं। उसमें मतदाता से हस्ताक्षर करवाया जाता है और साथ ही कांग्रेस का कार्यकर्ता भी हस्ताक्षर कर देता है। यह सीधे तौर पर मतदाताओं को प्रलोभन देने का तरीका है। जो कि आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि इसके खिलाफ उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत की है। हालांकि कांग्रेस के लोगों की इस कवायद का कोई मतलब नहीं क्योंकि सरकार तो भाजपा की ही बन रही है।

### दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों के 11 स्थानों पर एसआईए ने ली तलाशी

**श्रीनगर।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों अनंतनाग, कुलगाम और शोपियां में 11 स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान जांच से संबंधित मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और दस्तावेज सहित विभिन्न लेखों को जब्त किया गया है। एसआईए ने कहा कि ये तलाशी 17 अप्रैल, 2024 को जबलीपोरा, बिजबिहाड़ा में गैर स्थानीय स्ट्रीट वेंडर राजा साह की हत्या से संबंधित पुलिस थाना बिजबिहाड़ा की एफआईआर संख्या 87/2024 की चल रही जांच के संबंध में की गई थी, ताकि इस हत्या के पीछे बड़ी आपराधिक साजिश का पता लगाया जा सके। तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और दस्तावेज सहित विभिन्न लेखों को जब्त कर लिया गया है, जिनकी फोरेंसिक जांच करवाकर विश्लेषण किया जाएगा।




### भारतीय स्टॉक में कर रहे हैं अधिक निवेश

## घरेलू बचत को संरक्षित करने की आवश्यकता : निर्मला सीतारमण

**एजेंसी। मुंबई**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में आयोजित 'विकसित भारत 2047' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक भारतीय अब शेयर बाजारों में निवेश कर रहे हैं और उनकी घरेलू बचत को मजबूती से संरक्षित किया जाना चाहिए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में भारतीय वित्तीय बाजारों पर केंद्रित 'विकसित भारत 2047' सत्र को संबोधित करते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के परिवारों को एहसास है कि भले ही बाजारों में निवेश के अपने जोखिम हैं, लेकिन इसमें ज्यादा बेहतर रिटर्न मिलता है। सीतारमण ने कहा, हमें शेयर




बाजारों में भारतीयों द्वारा दिखाए जा रहे भरोसे की रक्षा करनी चाहिए और उसे मजबूती प्रदान करनी चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों के दिमाग से यह बात अभी तक निकली नहीं है कि भारतीयों की बचत डाकघरों और बैंकों के जरिए होनी चाहिए।

## उपभोक्ता अदालत में वकीलों के विरुद्ध खराब सेवा को लेकर केस नहीं चला सकते

### बार काउंसिल ऑफ इंडिया के तहत 13 लाख वकील हैं पंजिकृत

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बेला एम त्रिवेदी व जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने एक मामले में फैसला दिया कि अदालत में वकील जो भी सेवा देते हैं, वो अन्य सेवाओं से काफी अलग है। इस तरह की सेवा को उपभोक्ता कानून के दायरे में नहीं रखा जा सकता है। इसलिए इसे बाहर ही रखना चाहिए।पीठ ने कहा कि कानूनी प्रोफेशन को किसी अन्य कार्यों से तुलना नहीं की जा सकती। किसी अधिवक्ता और उसके मुअक्कील के बीच आपसी सहमति के तहत सेवाएं प्रदान की जाती है। ऐसे में अगर किसी वकील से कोई कमी होती है तो वकील को उपभोक्ता कोर्ट में नहीं खींचा जा सकता। हालांकि वकील के खिलाफ सामान्य अदालत में किसी अन्य गड़बड़ी के तहत केस चला सकते हैं। इस फैसले के बाद अब उपभोक्ता अदालत में वकीलों के विरूद्ध खराब सेवा को लेकर केस नहीं चला सकते हैं। उन्होंने फैसला देते हुए कहा कि फीस देकर काम करवाने को कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट की सेवा के तहत नहीं रख सकते हैं।

**2007 में दिया था आदेश-**

सुप्रीम कोर्ट ने 2007 में कंज्यूमर कमीशन के फैसलों को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले में कहा था कि वकील उपभोक्ता के अधिकारों को ध्यान में रखकर अपनी सेवा नहीं देता है, तो उस पर उपभोक्ता अदालत में मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा था कि वकीलों की सेवा को सेक्शन 2 (1) ड के अंतर्गत आती है। जिसके तहत उपभोक्ता अदालत में मुकदमा चलाया जा सकता है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने ही साल 2009 में उपभोक्ता आयोग के इस फैसले पर रोक लगा दी थी। वकीलों की कई संस्था देशभर में कार्य करती है। वर्तमान में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के तहत 13 लाख वकील हैं। कमीशन के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया था कि वकीलों को अपने काम को लेकर सुरक्षा और स्वतंत्रता की जरूरत है। वहीं इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन ने कहा कि लीगल वर्क किसी वकील के बस में नहीं होता है।

वकीलों को एक नियम के तहत काम करना होता है। जबकि फैसला भी वकीलों के कंट्रोल में नहीं होता। ऐसे में किसी भी केस को लेकर वकीलों को जिम्मेदार कैसे ठहराया जा सकता है।

### दिल्ली में आयकर कार्यालय में आग लगने के बाद 7 लोग बचाए गए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में आयकर कार्यालय (आईटीओ) की इमारत में मंगलवार को आग लगने के बाद दो महिलाओं सहित सात लोगों को बचाया गया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इमारत में काम कर रहे कई लोगों को सीढ़ियों की मदद से खिड़कियों के जरिए बाहर निकाला गया।

### संजय सिंह ने स्वीकार किया

## मुख्यमंत्री आवास पर हुई थी स्वाति मालीवाल से मारपीट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर पार्टी नेता और सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट के मामले में पहली बार आम आदमी पार्टी (आआपा) की ओर से बयान आया है। पार्टी के नेता संजय सिंह ने मारपीट की बात को स्वीकारा है और कहा है कि मुख्यमंत्री इस मामले में गंभीर हैं और सख्त कार्रवाई की जाएगी। आप सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में स्वाति मालीवाल के मामले पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि कल महिला सांसद मुख्यमंत्री आवास पर आयीं थीं।




### जम्मू की नियंत्रण रेखा के पास से एक पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू के बाहरी इलाके खौर के पल्लनवाला इलाके में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव से पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को जम्मू के बाहरी इलाके खौर के पल्लनवाला इलाके में नियंत्रण रेखा के पास मिलन दी खुई गांव से गिरफ्तार किया गया है।

## चुंबकीय तूफान से अंतरिक्ष मौसम भविष्यवाणी का महत्व उजागर हुआ : विश्व मौसम संगठन


**एजेंसी। बीजिंग**

विश्व मौसम संगठन ने कहा है कि कुछ दिनों पहले पृथ्वी पर कई दशकों में सबसे जबरदस्त चुंबकीय तूफान पैदा हुआ और पृथ्वी के अनेक स्थान पर ध्रुवीय ज्योति यानी ऑरोरा नजर आयी। इससे अंतरिक्ष मौसम घटना की भविष्यवाणी करने का महत्व उजागर हुआ है।

ध्रुवीय ज्योति आम तौर पर ध्रुवीय क्षेत्रों में दिखती है। 10 से 13 मई तक अमेरिका के फ्लोरिडा, इटली, स्पेन और चीन आदि देशों में ध्रुवीय ज्योति दिखाई दी।

विश्व मौसम संगठन ने बताया कि ऐसा सूर्य की तीव्र गतिविधि से पैदा अत्यंत जबरदस्त चुंबकीय तूफान से हुआ। सूर्य की ऐसी गतिविधि नियमित रूप से होती है और उसका चक्र 11 साल है। यह सूर्य के चुंबकीय मैदान के चुंबकत्व में बदलाव से संबंधित है।

विश्व मौसम संगठन ने बताया कि ध्रुवीय ज्योति सुंदर दृश्य है, लेकिन, चुंबकीय तूफान से खतरे की संभावना है। वह शायद बिजली ग्रिड की स्थिरता, दूरसंचार और उपग्रह के संचालन पर कुप्रभाव डालेगा। सौभाग्य की बात है कि इस बार चुंबकीय तूफान की सटीक भविष्यवाणी की गयी थी।




### गाजा युद्ध को लेकर इजरायल से संबंधों पर पुनर्विचार कर सकता है मिस्र

**काहिरा।** गाजा पट्टी में इजरायल की व्यापक सैन्य कार्रवाई के जवाब में पड़ोसी देश मिस्र इजरायल से राजनयिक संबंधों को कम कर सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, मिस्र के सरकारी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि मिस्र इजरायल से अपना राजदूत वापस बुला सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, संबंध को पूरी तरह से खत्म करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। काहिरा की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी अभी नहीं आई है। काहिरा में सरकार चिंतित है कि अगर गाजा के दक्षिणी हिस्से रफा में इजरायली आक्रमण बढ़ाया गया तो बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी सीमा पार कर मिस्र में प्रवेश कर सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**वृषभ:** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती है। शुभांक-2-5-6

**मिथुन:** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकता है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क:** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह:** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या:** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला:** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक:** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु:** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर:** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुम्भ:** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन:** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8




# गोल्डन बॉल ट्रॉफी चोरी हुई, नीलामी रोकना चाहते हैं : माराडोना के उत्तराधिकारी



**पेरिस।** महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के उत्तराधिकारी उस ट्रॉफी की नीलामी को रोकने की कोशिश करने के लिए मुकदमा दायर करेंगे जो उन्हें 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की खिताबी जीत के बाद दी गई थी। उनके वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। यह ट्रॉफी दशकों से गायब थी और हाल ही में दोबारा सामने आई। अगुटेस ऑक्शन हाउस ने पिछले हफ्ते कहा था कि इसकी अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद हैंड ऑफ गॉड' गोल और सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था।

माराडोना के उत्तराधिकारियों का कहना है कि ट्रॉफी चोरी हो गई थी और उनका दावा है कि मौजूदा मालिक इसे बेचने का हकदार नहीं हो सकता। पैराडॉक्स लॉयर्स फर्म के साथ काम करने वाले वकील जाइल्स मोरू ने कहा कि वह गोल्डन बॉल को नीलामी से हटाने के लिए पेरिस के पास नैनटेरे न्यायिक अदालत के अध्यक्ष से तत्काल अनुरोध करेंगे।

# इमा कराटे ग्रेडिंग में आर्यमन बने ब्लैक बेल्ट प्रथम डान




- 86 कराटे खिलाड़ी सफल, मारिया और अन्या बेस्ट कराटे खिलाड़ी चुने गए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वावधान में इमा रांची प्रेस क्लब शाखा में संपन्न एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग में 86 कराटे खिलाड़ी सफल हुए।

इसमें येलो बेल्ट के 27 खिलाड़ी, ऑरेंज बेल्ट के 6, ग्रीन बेल्ट के 18, ब्लू बेल्ट के 7, पर्पल बेल्ट के 7, ब्राउन बेल्ट के 20 और ब्लैक बेल्ट के एक खिलाड़ी शामिल हैं।

आर्यमन जैन ने ब्लैक बेल्ट प्रथम डान की परीक्षा में सफलता हासिल की है। वहीं, बरियातू शाखा के मारिया लवलीन खेस और अन्या ट्विंकल कुजूर बेस्ट कराटे खिलाड़ी चुने गए हैं।

इमा के तकनीकी निदेशक एवं नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सभी सफल खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य का निर्धारण जरूरी है। तभी लक्ष्य को पाया जा सकता है। इन्होंने यह भी कहा कि समय-समय पर ग्रेडिंग होने से खिलाड़ी सही समय पर ब्लैक बेल्ट प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष सेंसई अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की, रवि कुमार सिंह, स्वस्तिका तरफदार, उमाशंकर महतो, ऐनी कोंगरी आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित करने टकराएंगे किंग्स और रॉयल्स

**एजेंसी। गुवाहाटी**

राजस्थान रॉयल्स की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को यहां जब नॉकआउट में अपनी जगह सुनिश्चित करने उतरेगी तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सबसे प्रभावी क्रिकेट प्रतिभाओं में शामिल रियान पराग को अपने घरेलू प्रशंसकों से भव्य स्वागत की उम्मीद होगी।

दस टीम की तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद रॉयल्स को अंतिम चार में जगह पक्की करने के लिए गुवाहाटी में अपने अगले दो घरेलू' मैचों में से एक में जीत सुनिश्चित करने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों से गुवाहाटी रॉयल्स का दूसरा घरेलू मैदान रहा है और पराग की क्षमताओं पर छह साल तक निवेश को देखते हुए यह फ्रेंचाइजी का एक रणनीतिक कदम था।

प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के लिए सोशल मीडिया पर आलोचना झेलते रहे पराग के लिए इस साल घर वापसी खास है क्योंकि सलामी बल्लेबाज नहीं होने के बावजूद उन्होंने 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन ने पराग को अगली टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का दावेदार बना दिया है जहां उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है। जब भी ऐसा होगा तब पराग सीनियर टीम की प्रतिष्ठित नीली जर्सी पहनने वाले पूर्वोत्तर के पहले क्रिकेटर बन जाएंगे। यहां इस 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए समर्थन स्वाभाविक होगा और इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ संजू सैमसन और उनकी टीम को भी मदद मिलेगी। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र में शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन टीम एकजुट होकर प्रभावी प्रदर्शन करने में विफल रही। सत्र के अधिकांश हिस्से से चोट के कारण कप्तान शिखर धवन की अनुपस्थिति ने मामले को और बिगाड़ दिया क्योंकि कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन कप्तानी करते हुए प्रभावी नजर नहीं आए।




**पंजाब किंग्स :** जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), प्रभसिमरन सिंह, रिले रोसौव, जितेश शर्मा, शशांक सिंह, सैम कुरेन (कप्तान), आशुतोष शर्मा, हर्षल पटेल, राहुल चाहर, अर्शदीप सिंह, विधाथ कवरप्पा

**राजस्थान रॉयल्स :** यशस्वी जयसवाल, टॉम कोहलर-कैडमोर, संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), रियान पराग, शुभम दुबे, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, अवेश खान, संदीप शर्मा, युजवेंद्र चहल

## भारतीय क्रिकेटर राहुल चाहर के पिता हुए धोखाधड़ी का शिकार

**नई दिल्ली।** घटनाओं के एक चौंकाने वाले मोड़ में क्रिकेटर राहुल चाहर के पिता देशराज चाहर को गैलेक्सी निर्माण प्राइवेट लिमिटेड के बिल्डर ने कथित तौर पर धोखा दिया है जिसने आगरा में एक आवास घोटाले को उजागर किया है। घटना तब सामने आई जब देशराज चाहर ने मघटाई गांव में नवनिर्मित नरसी विलेज कॉलोनी में एक घर बुक करने के लिए बड़ी राशि जमा की, लेकिन उन्हें धोखे और धमकी के जाल में फंसा लिया गया।

## अब से हर इवेंट मेरे लिए ओलंपिक जैसा होगा : गोल्फर दीक्षा

**नई दिल्ली।** दीक्षा डागर, जो पिछले हफ्ते 100 लेडीज यूरोपियन टूर स्पधाओं में भाग लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनीं, जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले व्यस्त यूरोपीय यात्रा पर होंगी। 23 वर्षीया ने अदिति अशोक के साथ टोक्यो 2020 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में पदार्पण किया था। बर्लिन में इस सप्ताह से शुरू होने वाले अमुंडी जर्मन मास्टर्स में, 'सेंचुरियन' दीक्षा ग्रीष्मकालीन खेलों की तैयारी के लिए, लगभग पूरे यूरोप में, कम से कम नौ इवेंट में भाग लेंगी। दीक्षा ने फिट इंडिया चैंपियंस पॉडकास्ट में कहा, यहां से सभी इवेंट मेरे लिए ओलंपिक की तरह होंगे। दीक्षा एक खास गोल्फर हैं। वह बाएं हाथ की हैं और सक्षम लोगों के लिए एक ओलंपिक और दो डेफलिंपिक खेलने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं।

## बंगलादेश टी20 विश्व कप टीम की घोषणा

**ढाका।** बंगलादेश ने अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम में चोटिल तस्कीन अहमद को बतौर उप कप्तान शामिल किया है। टीम की अगुवाई नजमुल हुसैन शान्तो करेंगे। वर्ष 2007 के बाद टी20 विश्व कप के हर संस्करण में खेलने वाले शाकिब अल हसन को भी टीम में शामिल किया गया हैं। इस वर्ष सफेद गेंद क्रिकेट में खराब फॉर्म के बावजूद लिटन दास को भी टीम में जगह मिली है। तास्किन को 12 मई को जिम्बाब्वे के खिलाफ पांचवें टी-20 मुकाबले से पहले चोट लग गई थी जिसके कारण वह मैच नहीं खेल पाए थे।

# मनिका बत्रा ने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग हासिल की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने मंगलवार को जारी नई आईटीटीएफ रैंकिंग में विश्व नंबर 24 की नई करियर उच्च रैंकिंग हासिल की।

मनिका ने 15 पायदान की छलांग लगाई और 39वें से 24वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके अलावा, उन्होंने श्रीजा अकुला से अपना भारत का नंबर एक स्थान पुनः प्राप्त किया। इस प्रक्रिया में 25 वर्षीय पैडलर शीर्ष 25 एकल रैंकिंग में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उन्होंने 2019 में जी सत्यन (वर्तमान में विश्व नंबर 65) द्वारा हासिल की गई विश्व नंबर 24 रैंकिंग की भी बराबरी की, जो एकल में किसी भारतीय द्वारा प्राप्त सर्वोच्च रैंक है।




मनिका की रैंकिंग में उछाल पिछले हफ्ते सऊदी स्मैश इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद आया, जहां उन्होंने राउंड 32 में शीर्ष चीनी खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता वर्ल्ड नंबर 2, वांग मन्यु पर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। इसके बाद उन्होंने वर्ल्ड नंबर 14 जर्मनी की नीना मित्तेलहम को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां मनिका अंततः जापान की वर्ल्ड नंबर 5 हिना हयाता से हार गईं। पुरुष एकल रैंकिंग में अनुभवी अचंत शरत कमल तीन स्थान गिरकर 40वें स्थान पर आ गए और सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने हुए हैं। मानव ठक्कर व हरमीत देसाई 62वें और 63वें स्थान पर हैं।

# हरमनप्रीत, ऋचा, राधा को मिली आईसीसी टी20 रैंकिंग में बढ़त

**दुबई।** बांग्लादेश पर पांच मैचों की श्रृंखला में शानदार 105 रनों की पारी के बाद, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को जारी नई आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंच गईं। इस साल के आईसीसी महिला टी20 विश्व कप से कुछ ही महीने पहले भारतीय टीम शानदार लय में दिखी और बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज को 5-0 से अपने नाम किया।

टीम की साथी ऋचा घोष श्रृंखला के अंतिम मैच में नाबाद 28 रन की बदौलत दो पायदान ऊपर 23वें स्थान पर पहुंच गईं। राधा यादव (सात पायदान ऊपर 23वें स्थान पर) और तितास साधु (18 पायदान ऊपर 60वें स्थान पर) ने बांग्लादेश में अच्छे प्रयासों के बाद गेंदबाजों की ताजा टी20 रैंकिंग में सुधार किया । पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर श्रृंखला के पहले मैच के बाद, कई इंग्लिश खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी बढ़ोतरी हुई है। बर्मिंघम में 49 रनों की पारी के बाद कप्तान हीथर नाइट टी20 बल्लेबाजों में चार स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गईं। अपनी तूफानी 37 रन की पारी और विकेट के पीछे चार कैच के लिए अनुभवी कीपर एमी जोन्स को इंग्लैंड की 53 रन की जीत में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। 30 वर्षीय खिलाड़ी नई टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गई। टी20 विश्व कप क्वालीफायर में सफलता के बाद श्रीलंका के खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## 13 हजार की छूट पर खरीदें गूगल पिक्सल 8ए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गूगल की ओर से लेटेस्ट लॉन्च स्मार्टफोन गूगल पिक्सल 8 ए पर शानदार डिस्काउंट ऑफर दिया जा रहा है, जहां से सस्ते में फोन खरीद पाएंगे। फोन की खरीद पर 13 रुपये की इंस्टैंट छूट का लुत्फ उठाया जा सकता है। फोन की सेल आज जानी 14 मई 2024 से शुरू हो गई है।

**डिस्काउंट ऑफर**

फोन को भारी डिस्काउंट के साथ प्री-ऑर्डर किया जा सकता है। गूगल पिक्सल 8 ए स्मार्टफोन की MRP 52,999 रुपये है। जिस पर आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड से खरीद पर 4000 रुपये का इंस्टैंट डिस्काउंट दिया जा रहा है। साथ ही अपने पुराने पोन पर 9000 रुपये के एक्सचेंज ऑफर का लुत्फ उठाया जा सकता है। अगर आप इन दोनों डिस्काउंट ऑफर का मैक्सिमम फायदा उठा पाते हैं, तो आप कुल 13 हजार रुपये की छूट हासिल कर पाएंगे। इसके अलावा अपकमिंग गूगल पिक्सल 8 ए स्मार्टफोन को 3,333 रुपये की ईएमआई पर खरीद पाएंगे।

**स्पेसिफिकेशन्स**

फोन में 6.1 इंच डिस्प्ले दिया जाएगा। इसका पिक्सल रेजोल्यूशन 1080*2400 पिक्सल होगा। फोन 120 हट्र्ज सपोर्ट के साथ आएगा। इसमें 2000 निट्स पीक ब्राइटनेस मिलेगा। इसका वजन 188 ग्राम है और इसकी थिकनेस 8.9है।

# पूरे साल रुलाएगा आलू, अभी और बढ़ेगी कीमत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आलू की बढ़ी कीमत से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। जानकारों का कहना है कि जब तक नई फसल नहीं आ जाती, तब तक आलू की कीमत आम लोगों को परेशान करती रहेंगी। आलू व्यापारियों के मुताबिक आलू की कीमतों में 5-10% तक और बढ़ोतरी होगी, क्योंकि बेमौसम बारिश ने फसल प्रभावित हुई है। कोल्ड स्टोरेज मालिक इस तरह आलू को रिलीज कर रहे हैं ताकि नई फसल आने तक घरेलू खपत को पूरा किया जा सके। देश में सबसे ज्यादा आलू उत्तर प्रदेश में होता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने आलू की जमाखोरी के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। इस बात की जांच की जा रही है कि कहीं आगरा के कोल्ड स्टोरेज कीमत बढ़ाने के लिए जमाखोरी तो नहीं कर रहे हैं। एक सूत्र ने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद, आलू की आवाजाही पर पूरे राज्य में निगरानी रखी जाएगी।

फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद अग्रवाल ने कहा कि इस साल पूरे देश में आलू की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज में स्टॉक भी कम हो रहा है, क्योंकि लोग आलू का अधिक सेवन कर रहे हैं, जबकि अन्य सब्जियां गर्मी के कारण खराब हो गई हैं। ऐसी स्थिति में, जब मांग अधिक और आपूर्ति कम होगी, कीमतें बढ़ेंगी। आने वाले हफ्तों में कीमतें 5-10% तक और बढ़ सकती हैं।

## टमाटर की कीमत घटी



इस बीच टमाटर की कीमत में गिरावट आई है। मंडी में टमाटर की आवक बढ़ गई है। आजादपुर टमाटर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कौशिक ने कहा कि गर्मी के कारण टमाटर की काफी फसल बर्बाद हो गई थी, जिससे कीमतें बढ़ गई थीं। किसानों ने फिर से फसल उगाई है और अब राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों से आवक में सुधार हुआ है, जिससे कीमतों में 40 फीसदी की गिरावट आई है। मंडी में थोक स्तर पर कीमतें 5-15 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास चल रही हैं।

## एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स को 1500 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

**मुंबई/नई दिल्ली।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। 1,500 करोड़ रुपये जुटाने की है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की ओर से मंगलवार को जारी अपडेट के मुताबिक कंपनी ने जनवरी में सेबी के समक्ष आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। कंपनी के मुताबिक आईपीओ में एक हजार करोड़ रुपये के ताजा शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 500 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश शामिल हैं।

## 100 छोटे विमानों का ऑर्डर देने की तैयारी में इंडिगो

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो कम से कम 100 छोटे विमानों का ऑर्डर देने की तैयारी में है। कंपनी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क को बढ़ाने की योजना बना रही है। इसके लिए उसे छोटे विमान चाहिए। सूत्रों के मुताबिक उसकी एटीआर, एम्ब्रेयर और एयरबस के साथ बातचीत कर रही है। इंडिगो पहले से ही 78 सीटर 45 एटीआर-72 विमानों को ऑपरेट करती है। इस साल कंपनी को पांच और विमान मिलेंगे। एटीआर फ्रांस और इटली की जॉइंट कंपनी है। सूत्रों का कहना है कि इंडिगो के एटीआर के विमान खरीदने की उम्मीद है। इसके साथ ही इंडिगो दुनिया में सबसे ज्यादा एटीआर विमानों को ऑपरेट करने वाली एयरलाइन बन जाएगी। अभी यह रेकॉर्ड इंडोनेशिया की पास है जो 74 एटीआर विमानों को ऑपरेट करती है। हालांकि एयरबस ए220 और एम्ब्रेयर के ई-175 विमान भी होड़ में हैं। इंडिगो ने पिछले साल एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था जो एविएशन के इतिहास में सबसे बड़ा ऑर्डर था।

## भारत में 55 फीसदी गाड़ियां बिना इंश्योरेंस के

# हादसे हुए तो पीड़ित को मुआवजा नहीं मिलेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में वाहनों में पॉल्यूशन सर्टिफिकेट और मोटर वीइकल इंश्योरेंस को लेकर तरह-तरह की बातें होती रहती हैं और देश की सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में कुछ बेहद जरूरी बातें कही हैं, जिनके बारे में हर किसी को पता होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रथम दृष्टया यह सुनिश्चित करने के लिए सही संतुलन बनाना होगा कि वाहन प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) मानदंडों के अनुरूप रहें और साथ ही उनका थर्ड पार्टी बीमा भी हो। जस्टिस ए. एस. ओका और उज्ज्वल भुइयां की बेंज ने यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के 10 अगस्त 2017 के आदेश में संशोधन का आग्रह करने वाले एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए की। संबंधित आदेश में कहा गया था कि बीमा कंपनियां किसी वाहन का बीमा तब तक नहीं करेंगी, जब तक कि वाहन धारक के पास बीमा पॉलिसी के रीन्यूअल के दिन वैलिड पीयूसी सर्टिफिकेट न हो। जनरल इंश्योरेंस काउंसिल की ओर से पेश




सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मोटर वीइकल ऐक्ट, 1988 की धारा 146 और 147 के तहत थर्ड पार्टी बीमा कराना अनिवार्य है। तुषार मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2017 में कहा था कि जब तक पीयूसी सर्टिफिकेट नहीं होगा, बीमा कंपनियां थर्ड पार्टी बीमा नहीं देंगी। उन्होंने कहा कि क्या हुआ है, पीयूसी के अभाव में, हमारे सर्वेक्षण के अनुसार 55 फीसदी वाहन बिना बीमा के हैं। मेहता ने कहा कि भारत सरकार द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, 55 फीसदी वाहन बिना बीमा के हैं और इसका अर्थ है कि अगर उनसे कोई दुर्घटना होती है तो पीड़ित को मुआवजा नहीं मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पीयूसी मानदंडों का अनुपालन किया जाना चाहिए और जितना हो सके, सख्त मानदंड लागू किए जाने चाहिए। उदाहरण के लिए अगर वाहन का पीयूसी नहीं है, तो पेट्रोल न दिया जाए। प्रदूषण मामले में न्याय मित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रहीं सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह ने कहा कि इस मुद्दे को एक्सपर्ट बॉडी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को भेजा जा सकता है। बेंच ने कहा कि दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। एक तो प्रदूषण नियंत्रण होना चाहिए और दूसरा, अगर इतने सारे वाहन बिना थर्ड पार्टी बीमा के रहेंगे तो दुर्घटना की स्थिति में गंभीर समस्या होगी।

मेहता ने कहा कि हो सकता है कि किसी दुर्घटना की स्थिति में कोर्ट के आदेश के बावजूद वाहन मालिक के पास भुगतान करने के लिए पैसे न हों, जबकि बीमा के मामले में कंपनी इसके लिए बाध्य होती है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि मेहता ने बताया है कि अदालत के अगस्त 2017 के निर्देश के मद्देनजर, बड़ी संख्या में वाहन 'थर्ड पार्टी' बीमा नहीं ले रहे हैं और दुर्घटनाओं की स्थिति में दावेदारों को मुआवजा मिलना मुश्किल हो रहा है।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मेहता और न्याय मित्र को समाधान निकालने की इजाजत दे दी, ताकि अगस्त 2017 के आदेश में उचित संशोधन किया जा सके।

## स्कोच रिपोर्ट

# 2014-24 के बीच उत्पन्न हुए 51.40 करोड़ व्यक्ति-वर्ष रोजगार

- 2014 से औसतन हर साल 5.14 करोड़ व्यक्ति-वर्ष रोजगार पैदा हुआ है।
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने 2014 के बाद से प्रति वर्ष औसत के रूप में 2.52 करोड़ स्थिर और स्थायी रोजगार जोड़ा है (रोजगार मृत्यु दर का शुद्ध)
- सरकार ने 2014 से प्रति वर्ष औसतन 5.14 करोड़ व्यक्ति-वर्षों में से 1.98 करोड़ व्यक्ति-वर्ष के आंशिक रोजगार के लिए भुगतान किया है।
- 2014 से हर साल कुल रोजगार सृजन 25.2 करोड़ क्रेडिट-आधारित रोजगार और 19.8 करोड़ व्यक्ति-वर्ष आंशिक रोजगार है।
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 85,000 रुपये का ऋण 1 स्वरोजगार उत्पन्न करता है
- 2014 के बाद से हर साल औसतन कम से कम 5.14 करोड़ व्यक्ति-वर्ष रोजगार पैदा हुआ है, एम्प्लॉयमेंट जेनरेटिव इम्पैक्ट ऑफ मोदीनोमिक्सः द पैराडाइम शिफ्ट्स पर स्कोच रिपोर्ट कहती है। आउटकम्स ऑफ मोदीनॉमिक्स 2014-24: ए रिपोर्ट कार्ड बाय स्कोच ग्रुप₹ की श्रृंखला की यह पांचवीं रिपोर्ट है।
- स्कोच समूह के अध्यक्ष श्री समीर कोचर ने कहा, हमने 2014-24 की अवधि के दौरान क्रेडिट के हस्तक्षेपों और सरकार के हस्तक्षेपों का अध्ययन किया है। जबकि क्रेडिट के नेतृत्व वाले हस्तक्षेपों ने प्रति वर्ष औसतन 3.16 करोड़ रोजगार जोड़े हैं, सरकार के नेतृत्व वाले हस्तक्षेपों ने 1.98 करोड़ रोजगार जोड़े हैं।
- 2014-24 के बीच की अवधि में, कुल 51.40 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं। इनमें से 19.79 करोड़ रोजगार शासन आधारित हस्तक्षेपों से उत्पन्न हुए हैं। शेष 31.61 करोड़ का योगदान ऋण-आधारित हस्तक्षेपों द्वारा किया गया है।
- पिछले नौ वर्षों के दौरान क्रेडिट गैप में 12.1% की गिरावट आई है। इसने क्रेडिट गैप में कमी, बहुआयामी गरीबी में कमी और एनएसडीपी में वृद्धि के बीच एक सकारात्मक संबंध भी दिखाया है।
- भारत का वित्तीय सुदृढ़ीकरण स्कोर 2013-14 में 19.71 से बढ़कर 2021-22 में 31.85 हो गया है।






# फैसला पलट, रामलला को वापस टेंट में लाने की साजिश रच रहे थे शहजादे

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह (झारखंड)।** बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेशम पंचायत के अड़वारा मैदान में जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटने और रामलला को वापस टेंट में लाने की साजिश कांग्रेस के शहजादे और इसके सहयोगी कर रहे थे। पांच सौ सालों बाद रामलला मंदिर में विराजे। सबको खुशी हुई लेकिन कांग्रेस को नहीं। ये मंदिर को लेकर शर्मनाक बयान देते हैं। राम को फिर से टेंट में लाने की बात करते हैं। मंदिर में ताला लगाने की बात करते हैं। झारखंड में भी हमारे आराध्य की मूर्तियां तोड़ी जा रही हैं। जेहादी मानसिकता वाले हमले कर रहे लेकिन सरकार आंखें मूंदकर समर्थन दे रही है। ये तुष्टीकरण की राजनीति है। इन्हें एक भी वोट नहीं मिलना चाहिए।



**पांच सौ सालों बाद रामलला मंदिर में विराजे, सबको खुशी हुई लेकिन कांग्रेस को नहीं**

## मोदी ने बच्चे की बनाई तस्वीर ली

**सभा में उपस्थित लोग तरह-तरह की पेंटिंग्स बनाकर लाये थे, जिसे प्रधानमंत्री को दिखाने के लिए वे हाथों में लिये खड़े थे। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी की नजर एक बच्चे पर गयी, जो हाथ में तस्वीर लिए खड़ा था। उसने खुद से वह तस्वीर बनायी थी। प्रधानमंत्री ने मंच से तुरंत उस बच्चे को कहा कि बेटा आप बैठ जाओ, थक जाओगे। आपने जो तस्वीर बनाकर लायी है, उसपर मेरी नजर चली गयी है। मैं वह तस्वीर ले लूंगा। उन्होंने तुरंत एसपीजी की टीम को आदेश दिया कि आप बच्चे से उसकी बनायी पेटिंग को ले लीजिये। इसके बाद प्रधानमंत्री ने बच्चे से कहा कि आप अपना नाम और पता उस तस्वीर के पीछे जरूर लिखना।**

### श्रीनगर में चुनाव का शानदार नजारा

मोदी ने कहा कि श्रीनगर में सोमवार को उत्साह के साथ हुए मतदान का शानदार दृश्य रहा है। धारा 370 हटने के बाद हुए चुनाव में इतना भारी मतदान रोचक है। यह भारतीय लोकतंत्र की बड़ी घटना है। यह दिखाता है कि मोदी के काम की दिशा और प्रयास सही हैं।

# सुशील मोदी का निधन अपूरणीय क्षति : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का निधन अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। उनका निधन राजनीतिक एवं सामाजिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। राज्यपाल ने एक्स के जरिये मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि अपने सेवाभाव से बिहार के विकास में मोदी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके परिवारजनों एवं प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। वहीं दूसरी ओर रांची लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे सुशील मोदी के निधन से मन व्यथित है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष और लंबे समय तक पार्टी की सेवा करने वाले सुशील के साथ के संस्मरणों से अत्यंत भावुक हूं। ईश्वर पुण्यात्मा को शांति प्रदान करें।



# चुनावकर्मियों की तारीफ कर आयोग ने बढ़ाया हौसला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से गुमला के एक मतदान कर्मी जितेंद्र नारायण शाही की तारीफ में ट्वीट किया गया। ट्वीट में ऐसे कर्मचारियों को आयोग ने ₹अनसंग हीरोज₹ के विशेषण से नवाजा है। निश्चित रूप से आयोग का यह ट्वीट बाकी मतदान कर्मियों के लिए भी हौसला अफजाई करने वाला है। जितेंद्र शाही के बारे में आयोग ने जिक्र किया है। वे पिछले 14 चुनावों में मतदान ड्यूटी कर चुके हैं। दरअसल जिस वीडियो को आयोग ने ट्वीट किया है, उस वीडियो में स्वयं जितेंद्र शाही भी ऐसा ही बताते हुए कह रहे हैं कि उनकी एक किडनी 2007 में ही ऑपरेशन से हटा दी गई थी। इसके बावजूद तब से अब तक उन्होंने कभी भी स्वास्थ्य का हवाला देते हुए चुनाव ड्यूटी से मुक्ति के लिए आवेदन नहीं किया है।

## न्यूज बॉक्स

### रांची के फातिमा नगर में खुला कांग्रेस का चुनाव कार्यालय

**रांची।** रांची के डंगरा टोली के पास फातिमा नगर में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी का चुनाव कार्यालय खोला गया। झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी आदिवासी नेता तथा झारखंड प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभाकर तिर्की ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। तिर्की ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत सुनिश्चित करने के लिए जोर-शोर से चुनाव प्रचार के कार्य में लग जाएं। बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को कांग्रेस के घोषणा पत्र में जनता से किए गए वादों की जानकारी दें। इस बार रांची लोकसभा क्षेत्र से हमारी जीत पक्की है। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### नक्सलियों की मांद में लोकतंत्र का जश्न-ए-बहारा

**रांची ।** झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर जंगल-पहाड़ों से घिरे दुरूह इलाकों में 13 मई को हुई वोटिंग का एक इशारा बिल्कुल साफ है। वह यह कि जिन इलाकों की पहचान नक्सलियों की मांद के रूप में होती थी, अब वहां लोकतंत्र का जश्न-ए-बहारा है। पलामू-गढ़वा के बूढ़ा पहाड़ से लेकर सिंहभूम के सारंडा तक जहां एक पत्ता भी माओवादियों की बंदूकों के इशारे के बगैर नहीं खड़कता था, वहां लोग इस बार उत्सवी माहौल में वोट डालने निकले। कई इलाके तो ऐसे रहे, जहां 20 से 35 साल के बाद पहली बार मतदान हुआ।



### झारखंड हाई कोर्ट में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने शराब घोटाले के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपित शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी कर ली। ईडी और योगेंद्र तिवारी का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट ने योगेंद्र को बेल देने से इनकार कर दिया था। ईडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को पिछले साल 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। उस पर शराब घोटाले के जरिये अवैध कमाई करने और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में ईडी ने 23 अगस्त, 2023 को 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इनमें योगेंद्र तिवारी के देवघर स्थित स्थित गोदाम, बोंपासस टाउन स्थित आवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी के डी-2 स्थित मेसर्स संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड और जामताड़ा के दो ठिकाने शामिल थे।




### यशस्विनी के पक्ष में प्रोफेशनल्स कांग्रेस ने चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान

**रांची ।** झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस की पूर्व सचिव मीनाक्षी सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को इंदिरा नगर कॉलोनी,कांके रोड,रांची में डोर टू डोर जाकर आम लोगों के बीच चुनावी पम्पलेट बांटा गया एवं चुनाव प्रचार किया गया। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकान्त सहाय,कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय,झारखण्ड प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल,पूर्व राँची लोकसभा अध्यक्ष भुवनेश ठाकुर,अंकित सहाय मौजूद थे। मौके पर झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में जनसंपर्क कर कांग्रेस पार्टी को भारी से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मौके पर कैंपेन में मीनाक्षी सिंह ने महिलाओं को विशेषकर 5 न्याय 25 गारंटी मैनिफेस्टो के बारे में पूरी जानकारी देते हुए महिलाओं को इससे होने वाले लाभ के बारे में समझाया। पदयात्रा में शामिल लोगों में अंकुर अनिल,प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व रांची महानगर अध्यक्ष कृष्णा सहाय,पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष संजीव महतो,अनिल सिंह,गोपाल पांडेय, निरंजन पासवान, सोनी नायक,वंदना पाठक, हेमंत सहाय, नीलम सहाय,रवि चौधरी, रश्मि चौधरी, ललिता झुनझुनवाला, सुभाष झुनझुनवाला, सुधा झुनझुनवाला, सुनीता गोपाल सराफ, प्रदीप सराफ, नवीन सराफ, उमेशचन्द्र शर्मा, विमला शर्मा, महेंद्र यादव, आलोक कुमार, प्रीति यादव, दीपक चौधरी, मृदुल चौधरी, श्रीकान्त चौधरी, श्रेया जयसवाल, रसिक बिहारी लाल, पप्पू सिंह आदि लोग मौजूद थे।



### भाजपा के खिलाफ कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की शिकायत

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी एवं झाममो का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार से मिलकर भाजपा द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने का आरोप लगाया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बताया कि सिंहभूम के मंझारी प्रखण्ड, बालाजोरी, ब्लॉक सोनुवा, डुमरगाड़ी एवं सुरून्द, खूंटी में भाजपा का पोलिंग एजेंट चुनाव चिन्ह और मोदी फोटो वाला पर्ची लेकर लोगों को बांटा गया।

# सुशासन और विकास के लिए भाजपा ही एकमात्र विकल्प : संजय श्रीवास्तव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव समेत कई नेताओं एवं भाजपा कार्यकताओं ने झारखंड लोकसभा चुनाव में प्रचार का मोर्चा संभाल लिया है। संजय श्रीवास्तव ने मंगलवार को प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई से मुलाकात की। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें झारखंड में ठगबंधन की सरकार का पदार्फाश करना है। झारखंड में सुशासन, आदिवासियों के विकास एवं अंतिम पायदान तक खड़े व्यक्ति का उत्थान करने वाली भाजपा की सरकार बनानी है। प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने कहा कि झारखंड में ठगबंधन एवं भ्रष्टाचार के पितामह सोरेन सरकार के शासन को झारखंड के इतिहास में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार का काल के रूप में याद किया जाएगा।



# कौशल रानी व मुश्ताक अहमद को मिली जमानत

**नेशनल शूटर तारा शाहदेव मामला**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल एवं उसकी मां कौशल रानी और मुश्ताक अहमद की सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने कौशल रानी और मुश्ताक अहमद को जमानत दे दी। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने आठ अक्टूबर, 2023 को रंजीत कोहली को उम्रकैद, उसकी मां कौशल रानी को 10 साल की सजा और मुश्ताक अहमद को 15 साल की सजा सुनाई थी। कोहली, उसकी मां कौशल रानी और मुश्ताक अहमद की अपील में कहा गया है कि उन्हें आईपीसी की धारा 120बी सह पठित धारा 376 (2एन) में सजा दी गई है। जब उनपर धारा 376 (2एन) का मुख्य मामला ही नहीं बनता है तो 120बी यानी षड्यंत्र का मामला भी नहीं बन सकता है। इन तीनों ने अपील दायर कर खुद को सजा मुक्त करने का आग्रह हाई कोर्ट से किया है। इस हाई प्रोफाइल मामले में सीबीआई कोर्ट ने मुख्य आरोपित रंजीत सिंह, उसकी मां कौशल रानी एवं मुश्ताक अहमद को दोषी ठहराते हुए पांच अक्टूबर, 2023 को सजा सुनाई थी। मामले में सीबीआई की ओर से 26 गवाह जबकि बचाव पक्ष की ओर से चार गवाह प्रस्तुत किए गए थे। मामले में मुख्य आरोपित रंजीत सिंह के अलावा हाई कोर्ट का पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे हैं। कोर्ट ने आरोपितों के खिलाफ दो जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया था। सीबीआई ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था।

# स्ट्रांग रूम में सभी ईवीएम रखने के बाद किया गया सील : रवि कुमार

***नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चुनाव रहा शांतिपूर्ण- एवी होमकर***

***सातवें फेज के चुनाव लिए 68 लोगों ने किया नामांकन***

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि चौथे चरण के मतदान के बाद सभी ईवीएम स्ट्रांग रूम पहुंच चुके हैं। उन्हें विधिवत सील किया जा चुका है। मतदान से लेकर ईवीएम के स्ट्रांग रूम तक पहुंचने तक किसी भी प्रकार की घटना-दुर्घटना नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि चौथे चरण के मतदान प्रतिशत की फाइनल रिपोर्ट डिजिटल स्वरूप में अपडेट हो रही है। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर के साथ संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सातवे चरण के चुनाव के लिए अब तक 68 लोगों ने नामांकन किया है। राजमहल ( अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। दुमका ( अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 22 नामांकन किया गया है। जबकि, गोड्डा से सर्वाधिक 29 उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 1 अरब, 16 करोड़, 47 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गई है। राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने बताया कि व्यापक तैयारी से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी इस बार चौथे चरण का चुनाव शांतिपूर्ण रहा। इस चरण का चुनाव पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने बताया कि चौथे चरण के चुनाव से जुड़े 9 जिले घोर उग्रवाद प्रभावित थे।




### वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निकाय के पदाधिकारियों को निर्देश

# राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तेज करें प्रयास : रवि कुमार

***पिछले चुनाव में कम वोटिंग प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर करें विशेष फोकस***

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को कहा है कि लोकसभा चुनाव के आगामी चरण की बेहतर तैयारी करें। हरेक मतदाता तक वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण कराते हुए शहरी निकाय के मतदान केन्द्रों पर अच्छे मतदान के लिए नगर निकाय के पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रों के साथ टैग करें और मतदाताओं के परिवारजनों को क्लब करें। साथ ही बीएलओ तथा सुपरवाइजर भी घर-घर जाएं और मतदाताओं के बीच वितरण किए जा रहे वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप की मॉनिटरिंग करें। वहीं मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के साथ छोटी-छोटी मीटिंग कर उन्हें सक्रिय करें। शारीरिक रुप से अक्षम मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने की पहल संबंधी कार्य में गति लाएं। बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए पूरी मेहनत करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निकाय के पदाधिकारियों के साथ झारखंड में लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे एवं सातवें चरण में होने वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलावार तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग एवं शारीरिक रुप से अक्षम मतदाताओं को मतदान केंद्र पर लाने की पूरी योजना तैयार करें और उसे मूर्त रूप दें।



## पृष्ठ एक के शेष

**वाराणसी लोकसभा सीट से नरेन्द्र मोदी ने...**
देशम पार्टी के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू, लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान, जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण, हम के प्रमुख जीतन राम मांझी, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री उपेंद्र कुशवाहा, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, निषाद पार्टी के संजय निषाद, सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर आदि की मौजूदगी रहे।

**पीएम ने सोशल मीडिया में साझा की भावनाएं** : नामांकन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इससे जुड़ी तस्वीरों को साझा कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, "काशी के मेरे परिजनों का हृदय से आभार! वाराणसी से लगातार तीसरी बार नामांकन कर बेहद उत्साहित हूं। बीते 10 वर्षों में आप सबसे जो अद्भुत स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसने मुझे निरंतर सेवाभाव और पूरे संकल्प के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री ने नामांकन में आए सहयोगी दलों के नेताओं का आभार जताया। उन्होंने लिखा कि आज काशी में हमारे मूल्यवान एनडीए सहयोगियों की उपस्थिति से मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारा गठबंधन राष्ट्रीय प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। हम आने वाले वर्षों में भारत की प्रगति के लिए मिलकर काम करेंगे।

**खौफ का साम्राज्य...**
पहाड़ का इलाका कभी प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का सबसे सेफ जोन हुआ करता था लेकिन सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई से इलाके को नक्सलियों से मुक्त कराया गया और करीब तीन दशक बाद वहां आठ मतदान केंद्र बनाए गए और वोटिंग कराई गई।

**चोरों के नींद भी उड़ा दूंगा उनके...**
अड़वारा मैदान में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्ण देवी व गिरिडीह से राजग व आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के समर्थन में महाविजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कांग्रेस पर नक्सलियों और आतंकवाद के प्रति नरम रूख रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनके राज में नक्सलवाद पनपता है जबकि भाजपा की सरकार ने नक्सलियों को ठिकाने लगा दिया। आतंकवाद हो या नक्सलवाद मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में इन पर बहुत बड़ा प्रहार करने का संकल्प ले चुका है। मोदी झारखंड को फिर से नक्सलवाद का गढ़ नहीं बनने देगा। मैं नौजवानों की जिंदगी तबाह नहीं होने दूंगा। मांओं की कोख सूनी नहीं होगी। पूरा आदिवासी बेल्ट खून खराबे से मुक्त होगा। ये मोदी की गारंटी है। मोदी ने कहा मैं सीधे काशी से आपके बीच आ रहा हूं। मुझे आने में विलंब हुआ, आप सब मुझे क्षमा करें।

**मजबूत सरकार देश का हित देखती है :** प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी को चुनौतियों को टालना नहीं, बल्कि उससे टकराना आता है। जब फौलादी हौसला हो तो बड़ी से बड़ी चुनौती भी चरण चूमने लग जाती है। उन्होंने कहा कि जब देश में मजबूत सरकार होती है तो वो सबसे पहले देश का हित देखती है। देश के लोगों का हित देखती है लेकिन जब देश में कांग्रेस जैसी कमजोर सरकार होती है तो वो देश को भी कमजोर कर देती है। ऐसी कमजोर सरकार कभी भी देशवासियों का भला नहीं कर सकती। मैं देशवासियों से कहूंगा कि आपने जितना सुना है, झुमरी तिलैया उससे ज्यादा सुंदर है।

**अन्नपूर्णा और चंद्रप्रकाश को दिल्ली भेजिएगा** : मोदी ने कहा कि काशी के लिए मैं प्रधानमंत्री नहीं, सांसद हूं। कोडरमा और गिरिडीह वालों को भी यही समझकर वोट डालना है। मोदी ही आपका सांसद है। मोदी ही आपका प्रधानमंत्री है। कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी और गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी दोनों को आप भारी बहुमत से जिताकर दिल्ली भेजियेगा। आपका एक-एक वोट देश में तीसरी बार मोदी की मजबूत सरकार बनायेगा। दिलीप कुमार वर्मा को भी गांडेय विधानसभा क्षेत्र से जिताना है।

**राज्य में स्कूलों का समय...**
12:00 बजे तक संचालित की जायेंगी। यह आदेश मंगलवार को तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इस पर विभागीय सचिव का अनुमोदन प्राप्त है। इस संबंध में राज्य सरकार के संयुक्त सचिव नन्दकिशोर लाल के आदेश से सूचना जारी की गई है। ग्रीष्मावकाश के उपरांत सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगी। निजी विद्यालयों का संचालन संबंधित विद्यालय के दिशा-निर्देश के अनुरूप आरटीई अधिनियम एवं प्रबंधन के प्रावधानों के तहत होगा।

**मंत्री आलमगीर आलम पहुंचे ईडी...**
आलम ईडी ने उनके पीएस संजीव लाल और सहायक जहांगीर आलम के फ्लैट से 35 करोड़ नोट बरामद किया था, दोनों से पूछताछ के बाद ईडी ने मंत्री को समन भेजा था। सूत्रों ने बताया कि आलमगीर आलम से उनकी संपत्ति और विभागीय टेंडर की प्रक्रिया की जानकारी ली जा रही है। ईडी के पास टेंडर देने के समय किस किस से पैसा लिया गया और इसमें कौन-कौन हिस्सेदार हैं इसकी पूरी जानकारी है। अब वह विभागीय दस्तावेज से इसकी पुष्टि करना चाहता है कि जिससे पैसा लिया गया अमूक काम उसी व्यक्ति या उसके सहयोगी की कंपनी कर रही है या नहीं।

**संजीव लाल और उनकी पत्नी से भी हुई पूछताछ** : जानकारी के अनुसार एक तरफ मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ कर रही है, तो दूसरी तरफ ईडी उनके पीएस संजीव लाल और उसकी पत्नी रीता लाल को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ कर रही है। इससे पहले 9 मई को भी ईडी ने संजीव की पत्नी रीता से ईडी ने पूछताछ की थी। इस दौरान ईडी ने जहांगीर आलम के ठिकाने से बरामद हुए 35 करोड़ रुपये के बारे में रीता से पूछताछ की थी। जिसमें रीता ने कहा कि रुपये कहां से आए, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। ईडी ने रीता व उनके पति संजीव लाल के नाम पर चल-अचल संपत्ति के बारे में भी पूछताछ की है।

**चतरा का कुख्यात लालू साव...**
लालू बहन के घर कठौतिया के पास आया हुआ है। सूचना पर छापेमारी टीम कठौतिया पहुंची। पुलिस की गाड़ी को देखते ही लालू ने भागने का प्रयास किया लेकिन जवानों ने पीछा कर उसे धर दबोचा। उसकी तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल व मैगजीन में लोड पांच कारतूस बरामद हुए। लालू की निशानदेही पर बहन के घर के बाहर खड़ी बाइक व बाइक की सीट के नीचे छुपाकर रखा अफीम जब्त किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार लालू का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ हत्या, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, छिनैती, एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई हो चुकी है। लालू साव के खिलाफ सदर थाने में 12, महिला थाने में एक व कोतवाली रांची में एक मामला दर्ज है। वह कई बार जेल जा चुका है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ के अलावा सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार, पुलिस निरीक्षक पप्पू कुमार शर्मा व कई जिला बल के जवान शामिल थे।

**भारत के बदलते गांवों में लगातार...**
वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892,313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की सम्भावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के सोचना है कि इस वर्ष अल नीनो के स्थान पर ला नीना का प्रभाव दिखाई देगा। अल नीनों के प्रभाव में देश में बारिश कम होती है एवं ला नीना के प्रभाव में देश में बारिश अधिक होती है। साथ ही, भारतीय किसान अब तिलहन, दलहन एवं बागवानी की फसलों की ओर भी आकर्षित होने लगे हैं। दालों, वनस्पति, फलों एवं सब्जियों के अधिक उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि दृष्टिगोचर है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य उत्पादों की बिक्री के लिए ई-पोर्टल के बनाए जाने के बाद से तो भारतीय किसान अपनी फसलों को वैश्विक स्तर पर सीधे ही बेच रहे हैं और अपने मुनाफे में वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। भारतीय खाद्य पदार्थों की मांग अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी है एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी नित नए रिकार्ड बनाए जा रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यतः अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चो में बढ़ौतरी के चलते ही सम्भव होती है। केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की गई विकास की विभिन्न योजनाओं पर व्यय में लगातार वर्ष दर वर्ष वृद्धि की जा रही है एवं इसके लिए केंद्रीय बजट में भी बढ़े हुए व्यय का प्रावधान प्रति वर्ष किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं इन इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है।

# नामांकन से पहले पीएम को खली मां की कमी

## पहला चुनाव, जब पीएम ने बिना मां का आशीर्वाद लिए नामांकन किया

## मां हीराबा ने 2001 में दिलाई थी शपथ, जीवन में रिश्वत कभी मत लेना

## आपके आशीष और आपके संस्कारों की छत्रछाया मेरे सिर पर हमेशा रही

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तीसरी बार वाराणसी संसदीय सीट से अपना नामांकन दाखिल करने के बाद अपनी मां हीराबा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। एक्स पर नरेंद्र मोदी डॉट इन हैंडल से एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें पीएम मोदी और उनकी मां हीराबा से जुड़ी कुछ पुरानी यादों को दिखाया गया है। पीएम मोदी हर चुनाव में अपना नामांकन दाखिल करने से पहले मां हीराबा का आशीर्वाद लेते थे। लेकिन, 30 दिसंबर 2023 को हीराबा का देहांत हो गया। ऐसे में इस बार पीएम मोदी नामांकन भरने से पहले मां हीराबा की कमी महसूस कर रहे हैं। वीडियो में पीएम मोदी का मां हीराबा से करीबी रिश्ते के बारे में बताया गया है। इसमें पीएम मोदी के फेसबुक टाउनहॉल में दिए इंटरव्यू का हिस्सा भी नजर आ रहा है, जब वह अपनी मां की पुरानी बातों को याद कर भावुक हो जाते हैं। पीएम मोदी ने इस इंटरव्यू में बताया था कि उनके पिता का देहांत हो गया था। मां हीराबा 90 साल से ज्यादा उम्र की हैं और वह अपने सारे काम खुद करती हैं।

वीडियो में सुना जा सकता है, आप और मैं एक आशीर्वाद के एक डोर से बंधे हैं। जैसे विशाल अंतरिक्ष में यात्री को एक डोर अपने अंतरिक्ष यान से बांधकर रखती है।



उसे खोने नहीं देती है, वैसी ही डोर मेरे लिए आपका आशीर्वाद है। आपके आशीष के समान ही आपके संस्कारों की विशाल छत्रछाया मेरे सिर पर हमेशा ही रही। कभी मेरी रक्षक, तो कभी मार्गदर्शक बनकर।

इस वीडियो में पीएम मोदी की मां हीराबा उनसे जुड़े पुराने किस्सों के बारे में भी बता रही हैं। मां हीराबा ने बताया था कि जब नरेंद्र मोदी पांच साल के थे, जब गिल्ली डंडा खेल रहे थे, मैं सामने बैठी थी। तो, मैंने उसे बुलाया, मैंने कहा तुम्हें अपने जीवन में देश सेवा करना है। वीडियो में आगे आवाज आती है, आपने ही मुझे देश सेवा करना सिखाया। हमारे पास धन नहीं था। लेकिन, आप मन से हर सुबह पीड़ितों की सेवा करती थीं। उन्हें खाना खिलाती थीं और उनका उपचार करती थीं। आपने ही मुझे गरीब माताओं और बहनों की सेवा करने की सीख दी। इसके अलावा वीडियो में दिखाया गया है कि जब उनकी मां हीराबा को पता चला कि नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बन गए हैं तो वह भावुक हो गईं थीं। हीराबा नरेंद्र मोदी से बस इतना ही कह पाईं, "बेटा, तुम क्या काम करते हो, मुझे पता नहीं। लेकिन, जीवन में रिश्वत कभी मत लेना।" यह बात अक्टूबर 2001 की है, जब नरेंद्र मोदी पहली बार गुजरात के सीएम बने थे।

इसमें आगे बताया गया कि पीएम मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में करप्शन को रोकने के लिए, डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देने और सरकार के खाते से निकला एक-एक रुपया गरीब के खाते तक पहुंचाने का शत-प्रतिशत प्रयास किया है। आखिर में सुना जा सकता है कि आज आप हमारे बीच नहीं रहीं, फिर भी आपके दिए संस्कार मेरे मन और मस्तिष्क पर आपके दो हाथों की तरह फैले हैं, जो मुझे शक्ति-शिक्षा देते हैं।

## नामांकन से पहले पीएम ने दशाश्वमेधघाट पर किया गंगा पूजन और दुग्धाभिषेक



लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी सीट से नामांकन के पहले मंगलवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दशाश्वमेधघाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा का पूजन किया। गंगा सप्तमी पर घाट पर बने खास जेटी पर वैदिक ब्राह्मणों की आचार्यत्व में पीएम ने पूरे श्रद्धाभाव से मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर पूजन किया और जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान घाट पर मौजूद हजारों लोगों ने हर-हर महादेव का उद्घोष कर पीएम का अभिवादन किया।

## चुनाव के रंग



रूपनगर : भाजपा उम्मीदवार डॉ सुभाष शर्मा ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में आनंदपुर साहिब लोय सीट से नामांकन दाखिल किया।



मंडी से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने मंगलवार को मंडी में पूर्व सीएम जयराम ठाकुर की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया।

## कौन हैं पीएम मोदी के चार प्रस्तावक



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन भरने से पहले यहां गंगा नदी के किनारे दशाश्वमेध घाट पर पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी के नामांकन के लिए चार प्रस्तावकों में गनेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा और संजय सोनकर शामिल हैं। पंडित गणेश्वर शास्त्री ने ही अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकाला था। वो ब्राह्मण समाज से हैं। बैजनाथ पटेल ओबीसी समाज से आते हैं और संघ के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। लालचंद कुशवाहा भी ओबीसी समुदाय से हैं, जबकि संजय सोनकर दलित समाज से हैं। चुनाव में प्रस्तावक की भूमिका अहम होती है। ये ही वे लोग होते हैं, जो किसी उम्मीदवार के नाम का प्रस्ताव रखते हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, प्रस्तावक वे स्थानीय लोग होते हैं, जो किसी उम्मीदवार को चुनाव लड़ने के लिए अपनी ओर से प्रस्तावित करते हैं। आमतौर पर नामांकन के लिए किसी महत्वपूर्ण दल के वीआईपी कैंडिडेट के लिए पांच और आम उम्मीदवार के लिए दस प्रस्तावकों की जरूरत होती है।

## पीएम के नामांकन में शामिल हुए राजग के प्रमुख नेता

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी से लगातार तीसरी बार अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके प्रस्तावक गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ मौजूद रहे। इसके अलावा नामांकन स्थल पर गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ एनडीए के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। इसके पहले काल भैरव की पूजा-अर्चना कर पीएम मोदी नामांकन स्थल पहुंचे। पीएम मोदी गंगा सप्तमी के अवसर पर दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की पूजा करने के बाद क्रूज पर सवार होकर नमो घाट पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से काल भैरव मंदिर के लिए रवाना हुए। पीएम मोदी ने गंगा सप्तमी के साथ ही पुष्य नक्षत्र में नामांकन पत्र दाखिल किया। पीएम मोदी के नामांकन को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। तेज धूप के बीच भी लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। साथ ही नामांकन में शामिल होने के लिए कई बड़े नेता कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन पर कहा कि पीएम मोदी का भव्य रोड शो पूरे काशी, उत्तर प्रदेश व देश को उत्साहित करने वाला था। प्रधानमंत्री मोदी का मिशन जरूर सफल होगा, वह एक पृथ्वी और एक भविष्य की बात करते हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए की वो एकजुटता है जिसका लाभ हमें पूरे देश में हो रहा है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन में उनके तमाम सहयोगी जिस एकजुटता के साथ यहां एकत्रित हुए हैं, यही अभाव विपक्ष में देखने को मिलता है। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन को लेकर कहा, आज एक ऐतिहासिक दिन है, वाराणसी एक पवित्र स्थान है। नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से उन्होंने अद्भुत काम किया है।



## कांग्रेस की सुप्रिया भारद्वाज पार्टी की राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक नियुक्त



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ पत्रकार सुप्रिया भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से पार्टी का राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक नियुक्त किया है। कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। सुप्रिया भारद्वाज का नियुक्ति संबधित पत्र कांग्रेस मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा द्वारा जारी किया है। सुप्रिया के पास मीडिया इंडस्ट्री में 16 साल से ज्यादा का अनुभव है। उन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया, टीवी 9 भारतवर्ष और न्यूज एक्स के साथ भी काम किया है। सुप्रिया के पास बीबीए और मास्टर ऑफ मास कम्युनिकेशन की डिग्री है।

## जे एंड के : चुनाव संबंधी उल्लंघनों के संबंध में 11 प्राथमिकियां दर्ज

**एजेसी। श्रीनगर**

चुनाव अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव संबंधी उल्लंघनों के संबंध में 11 प्राथमिकियां दर्ज की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जम्मू-कश्मीर, पांडुरंग के पोल ने कहा कि उन्हें 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन की 234 शिकायतें मिली हैं। जम्मू-कश्मीर के सीईओ पोल ने कहा कि हमने इन शिकायतों का संज्ञान लेने के बाद 11 एफआईआर दर्ज की हैं। हमने 80 शिकायतों में नोटिस भी जारी किया है और 29 शिकायतों में जांच शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर जिले में सबसे ज्यादा एमसीसी उल्लंघन की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर जिले में 46 एमसीसी शिकायतें मिली हैं जबकि जम्मू में 34 शिकायतें हैं। उन्होंने कहा कि कुल शिकायतों में से 15 को जिला शिकायत कक्षों को भेज दिया गया है। श्रीनगर में चुनाव अधिकारियों ने कहा कि आधिकारिक मेल के माध्यम से 36 एमसीसी उल्लंघन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 21 सरकारी कर्मचारियों, अन्य के खिलाफ और 15 उम्मीदवारों या पार्टियों के खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के मामले में जांच चल रही है और चार सरकारी कर्मचारियों को राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एमसीसी उल्लंघन पर पार्टियों, उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं को नोटिस दिए गए हैं।

## सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डाल देंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी। झांसी**

उत्तर प्रदेश के झांसी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डाल देंगे। हम शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि 'मुफ्त अनाज योजना' कांग्रेस की सरकार लेकर आई थी, हमारी सरकार बनने पर हम इसके तहत और अधिक अच्छी क्वालिटी का राशन देंगे। गरीबों, किसानों, कमजोर लोगों की सरकार बननी चाहिए। हमारी सरकार आई तो इनसे अच्छा



और ज्यादा अनाज बांटेंगे। सरकार बनने के 30 दिन के अंदर किसानों को बीमा का पैसा दिलाएंगे। आंगनबाड़ी महिलाओं की आय दोगुनी हो जाएगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों का चुनाव हो चुका है। हर चरण में भाजपा नीचे जाती जा रही है। किसानों की आय का सारा पैसा भाजपा की जेब में जा रहा है। इस सरकार में सबकुछ महंगा हो गया है। हर बार जब परीक्षा हुई, पेपर लीक कर दिया गया है। वैक्सीन का सच तो आप जानते ही होंगे। आज भाजपा की सरकार में लूट हो रही है। इनका हर वादा झूठा निकला।

## ममता ने बीजेपी-कांग्रेस-सीपीआई-एम को कहा 'नौकरी खाने वाले'

**एजेसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में 25,753 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द करना सीपीआई-एम, कांग्रेस और भाजपा द्वारा रची गई संयुक्त साजिश का नतीजा है। मुख्यमंत्री ने पार्टी उम्मीदवार विश्वजीत दास के समर्थन में बनगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कल्याणी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, जब भी हम नौकरियों की व्यवस्था की कोशिश करते हैं, वे अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं और नियुक्ति प्रक्रिया को रोक देते हैं। हमने आदमखोर बाघों के बारे में सुना है, लेकिन ये लोग नौकरी खाने वाले हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने के बाद कांग्रेस, सीपीआई-एम और बीजेपी के वकील निराश हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2016 में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी द्वारा की जा रही है। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय



द्वारा नियुक्तियों को रद्द करने के आदेश पर रोक लगा दी। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने राज्य में एक चुनावी रैली में पश्चिम बंगाल के लिए हाल ही में पांच गारंटी की घोषणा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला भी बोला। बनर्जी ने कहा, जब भी कोई गारंटी देता है, तो उसे उसका सम्मान करना चाहिए। दस साल पहले पीएम मोदी ने हर नागरिक के खाते में 15 लाख रुपये ट्रांसफर करने की गारंटी दी थी, लेकिन पैसा कभी नहीं आया। पांच साल पहले उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा किया था. लेकिन नौकरियों के सृजन की बजाय सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निजीकरण किया जा रहा है। इसलिए, ऐसी गारंटी का कोई मतलब नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा और केंद्र सरकार ईवीएम से छेड़छाड़ कर मतदान प्रक्रिया में हेरफेर की कोशिश कर रही है।

## 'डबल इंजन का एक इंजन फेल, दूसरा डिरेल'

**एजेंसी। महाराजगंज**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को एक चुनावी जनसभा में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग डबल इंजन सरकार की बात करते हैं, जिसमें इनका एक इंजन फेल हो गया और दूसरा इंजन डिरेल हो गया। खरगे ने कहा कि हमारी सरकार ने नेहरू जी और इंदिरा जी के शासनकाल में विकास का काम किया। हम पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ नहीं, विचारधारा के लिए लड़ रहे हैं। मोदी जी की



सरकार अमीरों के साथ है। हमारी सरकार मनरेगा लेकर आई। हम गरीबों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यहां के भाजपा प्रत्याशी ने आपके लिए कोई काम नहीं किया है। महाराजगंज की सीमा नेपाल से सटी होने के कारण यह क्षेत्र राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, फिर भी जिला मुख्यालय रेल लाइन से नहीं जोड़ा गया। आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। हमारी विचारधारा गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों के हित में काम करने की है। जबकि, भाजपा-आरएसएस की विचारधारा गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों को कुचलने की है। उन्होंने कहा कि महाराजगंज में बहुत सारी शुगर मिल थी, सब बंद हो गई। इतना होने पर भी यहां के मुख्यमंत्री, मंत्री सब चुप बैठे रहे। भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है। लेकिन, हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे। आज हमारे सामने संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि यह चुनाव तय करेगा कि हमारा देश संविधान और लोकतंत्र से चलेगा या तानाशाही से चलेगा। हमें हर बूथ पर जीत हासिल करने का संकल्प लेना है, तभी हमारी विजय होगी। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा पर युवाओं और बेरोजगारों को धोखा देने का आरोप लगाया।

## सुप्रीम कोर्ट ने पीएम के 6 साल तक चुनाव लड़ने से रोक की मांग वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव से अयोग्य घोषित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से साफ इनकार कर दिया। याचिका में धर्म के नाम पर वोट मांगने के लिए पीएम मोदी को छह साल के लिए अयोग्य घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे शीर्ष अदालत में ऐसी याचिका दायर नहीं की जा सकती। इसके लिए पहले संबंधित अधिकारियों के पास जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि वह याचिका वापस लेने की इजाजत दे सकती है। इस पर, याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि शिकायत को ईसीआई के पास उठाने की स्वतंत्रता दी जाय। लेकिन अदालत ने वो छूट भी नहीं दी और इसे खारिज कर दिया। दिल्ली स्थित याचिकाकर्ता फातिमा ने कहा कि चूंकि ईसीआई प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, इसलिए वह मजबूरी में शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा रही हैं।


KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com